CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

नई दिल्ली, रविवार 25 जनवरी 2026 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 295 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

अधिकतम : 14°C
न्यूनतम : 06°C

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें।
मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | माघ शुक्ल पक्ष 6 विक्रमी सम्वत् 2082 | 5 शाबान 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



धर्म में राजनीति का बढ़ता हस्तक्षेप सही नहीं: मायावती पेज 2



बांग्लादेश टी-20 विश्वकप से बाहर, उनकी जगह खेलेगा स्कॉटलैंड : आईसीसी खेल टाइम्स



भारत से एक्स्ट्रा 25 प्रतिशत टैरिफ हटाएगा अमेरिका! पेज 11




तापसी पन्नू की फिल्म 'अस्सी' का मोशन पोस्टर रिलीज पेज 11



लखनऊ: राष्ट्रीय प्रेरणा स्थल पर उत्तर प्रदेश दिवस समारोह के दौरान प्रदर्शन करते कलाकार।

# 2047 तक उप्र बनेगा देश को दिशा देने वाला राज्य: शाह

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ केंद्रीय गृह मंत्री ने उत्तर प्रदेश दिवस के मौके पर कहा: आज यह संकल्प लेने का दिन



**लखनऊ।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने उत्तर प्रदेश दिवस के मौके पर शनिवार को कहा कि आज यह संकल्प लेने का दिन है कि वर्ष 2047 तक घनी आबादी वाला यह प्रदेश एक विकसित राज्य बनकर देश को नई दिशा देगा।

उन्होंने कहा कि वह देश, दुनिया और प्रदेश में रहने वाले प्रत्येक उत्तर प्रदेशवासी को हार्दिक शुभकामनाएं देते हैं। श्री शाह ने कहा कि उत्तर प्रदेश वह पावन भूमि है, जहां भगवान श्रीराम, भगवान श्रीकृष्ण, बाबा विश्वनाथ सहित अनेक युग-प्रवर्तकों की भूमि है। उन्होंने राष्ट्रीय प्रेरणा स्थल का भ्रमण कर प्रसन्नता व्यक्त की और इसके लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार जताया। गृह मंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय प्रेरणा स्थल राष्ट्र की चेतना और जागृति का केंद्र बनेगा। श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय और अटल बिहारी वाजपेई की स्मृति में निर्मित यह पार्क आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा देगा। उन्होंने बताया कि जिस स्थान पर कभी 65 एकड़ क्षेत्र में कूड़े का ढेर हुआ करता था, वहां आज एक भव्य और प्रेरणादायक स्थल तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 में 'वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट' योजना को भाजपा के घोषणा पत्र में शामिल किया गया था, जो आज पूरे देश में लागू हो चुकी है। यहां प्रदेश के सभी जिलों के व्यंजनों का मेला लगा है और उत्तर प्रदेश के व्यंजन विश्वभर में अपनी पहचान बना चुके हैं। प्रदेश की कानून-व्यवस्था पर बोलते हुए अमित शाह ने कहा कि उत्तर प्रदेश में डकैती और लूट की घटनाओं में बड़ी कमी आई है। साथ ही कनेक्टिविटी में भी व्यापक सुधार हुआ है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश ने हर कालखंड में देश को सुरक्षित और सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आगामी चुनावों का उल्लेख करते हुए गृह मंत्री ने प्रदेश की जनता से भाजपा को प्रचंड बहुमत देने की अपील की। उन्होंने कहा कि परिवारवादी पार्टियां विकास नहीं कर सकतीं। अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के शासन में प्रदेश में विकास की गंगा बह रही है। उन्होंने दावा किया कि योगी सरकार ने भ्रष्टाचार पर प्रभावी नियंत्रण किया है और गरीबों के कल्याण के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं लागू की हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### गणतंत्र दिवस रिहर्सल के लिए मध्य दिल्ली में यातायात प्रतिबंध

**नई दिल्ली।** दिल्ली यातायात पुलिस ने शनिवार को होने वाली गणतंत्र दिवस परेड रिहर्सल से पहले एक यातायात सलाह जारी की, जिसमें मध्य दिल्ली के कुछ हिस्सों में यातायात प्रतिबंधों की जानकारी दी गई है। सलाह के अनुसार, रिहर्सल सुबह 10:15 बजे विजय चौक से शुरू होगी और कर्तव्य पथ से होते हुए इंडिया गेट की ओर बढ़ेगी। पुलिस ने बताया कि समारोह के सुचारू संचालन के लिए, कर्तव्य पथ विजय चौक और इंडिया गेट के बीच सुबह 10:15 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक सभी प्रकार के यातायात के लिए बंद रहेगा। प्रतिबंधित समय के दौरान रफी मार्ग, जनपथ और मान सिंह रोड सहित प्रमुख चौराहों पर कर्तव्य पथ पर वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा। सलाह में आगे कहा गया है कि इंडिया गेट के आसपास सुबह 10:15 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा।

### नसीमुद्दीन सिद्दीकी ने दिया कांग्रेस से इस्तीफा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में सियासी जमीन मजबूत करने में जुटी कांग्रेस को शनिवार को बड़ा झटका लगा है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष और वरिष्ठ नेता नसीमुद्दीन सिद्दीकी ने कांग्रेस पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। नसीमुद्दीन सिद्दीकी ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, उप्र प्रभारी अविनाश पांडेय और प्रदेश अध्यक्ष अजय राय को अपना इस्तीफा प्रेषित किया है। इस्तीफे को उप्र जैसे महत्वपूर्ण राज्य में कांग्रेस के लिए एक बड़े सियासी झटके के रूप में देखा जा रहा है।

### तिरुवनंतपुरम नगर-निगम ने भाजपा पर लगाया जुर्माना


**तिरुवनंतपुरम।** तिरुवनंतपुरम नगर निगम ने भाजपा पर 19.7 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। ये जुर्माना पीएम मोदी के केरल दौरे के दौरान शहर में फुटपाथों पर फ्लेक्स बोर्ड लगाने पर लगाया गया है। बोर्ड लगाने से क्षेत्र के लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा था। तिरुवनंतपुरम नगर निगम के सचिव की शिकायत के बाद कैंटोनमेंट पुलिस ने शुक्रवार देर रात भाजपा जिला अध्यक्ष करमना जयन के खिलाफ मामला दर्ज किया।

# युवाओं को नए अवसर मिलें, ये हमारा प्रयास: पीएम मोदी

## 18वें रोजगार मेले में प्रधानमंत्री ने 61 हजार से अधिक युवओं को नियुक्ति पत्र सौंपे

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ प्रधानमंत्री ने कहा: आज कई स्टार्टअप में महिला डायरेक्टर



आज बड़ी संख्या में महिलाएं स्टार्टअप के साथ-साथ लघु एवं मध्यम उद्यमों में निदेशक और संस्थापक हैं, जबकि कई महिलाएं गांवों में सहकारी क्षेत्रों और स्वयं सहायता समूहों का नेतृत्व कर रही हैं, आज देश ने जीवन और व्यापार दोनों को आसान बनाने के उद्देश्य से सुधार की रफ्तार पकड़ ली है, जीएसटी में किए गए अगली पीढ़ी के सुधारों से युवा उद्यमियों और लघु एवं मध्यम उद्यमों को लाभ हुआ है, वहीं ऐतिहासिक श्रम सुधारों ने श्रमिकों और कर्मचारियों के लिए सामाजिक सुरक्षा को मजबूत किया है...

– नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत को दुनिया के सबसे युवा देशों में से एक बताते हुए कहा है कि सरकार देश की युवाशक्ति के लिए देश-दुनिया में नए-नए अवसर पैदा करने की दिशा में निरंतर प्रयास कर रही है।

श्री मोदी ने शनिवार को यहां वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से 18वें रोजगार मेले को संबोधित किया और 61 हजार से अधिक युवाओं को सरकारी विभागों में नियुक्ति पत्र सौंपे। प्रधानमंत्री ने कहा कि वर्ष 2026 की शुरुआत लोगों के जीवन में नई खुशियां लेकर आई और साथ ही नागरिकों को उनके संवैधानिक कर्तव्यों से भी जोड़ा है। उन्होंने 23 जनवरी को पराक्रम दिवस, 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस और 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस का उल्लेख करते हुए कहा कि आज का दिन इसलिए भी विशेष है क्योंकि इसी दिन संविधान ने 'जन गण मन' को राष्ट्रगान और 'वंदे मातरम' को राष्ट्रगीत के रूप में अपनाया था। उन्होंने जोर देकर कहा कि इस महत्वपूर्ण दिन पर 61 हजार से अधिक युवा सरकारी सेवाओं के लिए नियुक्ति पत्र प्राप्त कर जीवन का नया अध्याय शुरू कर रहे हैं। श्री मोदी ने इन नियुक्ति पत्रों को राष्ट्र निर्माण का निमंत्रण और विकसित भारत के निर्माण में तेजी लाने का संकल्प बताया। उन्होंने कहा कि अनेक युवा राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत करेंगे, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा व्यवस्था को सशक्त बनाएंगे, वित्तीय सेवाओं और ऊर्जा सुरक्षा को सुदृढ़ करेंगे और सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा कि युवाओं को कौशल से जोड़ना और उन्हें रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर प्रदान करना सरकार की प्राथमिकता रही है।

# चुनौतियों का सामना करने को युवाओं का सशक्त रहना जरूरी: राजनाथ

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ रक्षा मंत्री ने एनसीसी के कैडेटों से प्रेरणा लेने का भी किया आह्वान

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि अनिश्चितता के दौर से गुजर रही दुनिया में देश के युवाओं का शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक रूप से सशक्त रहना तथा हर चुनौती का सामना करने के लिए तैयार रहना अत्यंत आवश्यक है।

उन्होंने युवाओं से ऑपरेशन सिंदूर के दौरान देशभर में आयोजित मॉक ड्रिल्स में जन-जागरूकता फैलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले साहसी और समर्पित राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के कैडेटों से प्रेरणा लेने का भी आह्वान किया। श्री सिंह ने शनिवार को यहां दिल्ली छावनी में एनसीसी गणतंत्र दिवस शिविर में कैडेटों को संबोधित करते हुए एनसीसी को देश की 'दूसरी रक्षा पंक्ति' बताया, जिन्होंने ऑपरेशन सिंदूर में अपनी भूमिका असाधारण रूप से निभाई जब पूरा देश इस अभियान के दौरान अपनी सशस्त्र सेनाओं के साथ खड़ा था। उन्होंने कहा कि भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में स्थित आतंकवादियों के ठिकानों को नष्ट किया, जो पहलगाम में हुए दुर्भाग्यपूर्ण और कायराना आतंकी हमले का करारा जवाब था। हमारे सैनिकों ने साहस और संयम के साथ कार्रवाई की। हमने केवल उन्हीं को निशाना बनाया जिन्होंने हमें चोट पहुंचाई, किसी और को नहीं। यह इसलिए संभव हो पाया क्योंकि हमारे सैनिक शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक रूप से मजबूत हैं। रक्षा मंत्री ने युवाओं की तुलना महाभारत के अभिमन्यु से की जो किसी भी प्रकार के चक्रव्यूह में प्रवेश करना और उससे विजई होकर बाहर निकलना जानते हैं। उन्होंने युवाओं से सरकार के 'विकसित भारत 2047' के विजन को साकार करने में योगदान देने का आह्वान किया।

# सीएम धामी ने दिए DIG के निलंबन के आदेश

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ होमगाड्र्स एवं नागरिक सुरक्षा विभाग में वर्दी सामग्री खरीद से जुड़े घोटाले में कार्रवाई

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने होमगाड्र्स एवं नागरिक सुरक्षा विभाग में वर्दीसामग्री खरीद से जुड़े घोटाले में संलिप्त पाए जाने पर निदेशक होमगार्ड (डिप्टी कमांडेंट) अमिताभ श्रीवास्तव को तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए मामले की जांच के लिए संयुक्त जांच समिति गठित करने के निर्देश दिए हैं।

प्रकरण वित्तीय वर्ष 2024-25 और 2025-26 के दौरान होमगाड्र्स के लिए वर्दीसामग्री की खरीद प्रक्रिया से जुड़ा है, जिसमें टेंडर प्रक्रिया में वित्तीय अनियमितताओं के आरोप सामने आए थे। महानिदेशक, होमगाड्र्स एवं नागरिक सुरक्षा, देहरादून की ओर से शासन को भेजी गई रिपोर्ट में टेंडर प्रक्रिया में पारदर्शिता के अभाव और नियमों के उल्लंघन की बात सामने आई। महादिनदेशक की संतुति पर सीएम धामी ने डिप्टी कमांडेंट को तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए संयुक्त जांच समिति गठित करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री धामी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि राज्य सरकार भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है और किसी भी स्तर पर अनियमितता या भ्रष्ट आचरण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि दोषी पाए जाने वाले किसी भी अधिकारी या कर्मचारी के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।



जम्मू-कश्मीर के रामबन जिले के बनिहाल के पास भारी बर्फबारी के बाद बर्फ से ढके जम्मू- श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर वाहन फंस गए। अधिक बर्फबारी होने के कारण राजमार्ग लगातार दूसरे दिन भी बंद रहा।

### बारिश के बावजूद दिल्ली की हवा 'खराब' श्रेणी में बरकरार

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में शुक्रवार को हुई बारिश और तापमान में गिरावट के बावजूद शनिवार को एक्यूआई 'खराब' श्रेणी में बनी रही। सीपीसीबी के आंकड़ों के अनुसार, शहर के कुछ इलाकों में प्रदूषण का स्तर अब भी 'बेहद खराब' श्रेणी में दर्ज किया गया है। आंकड़ों के मुताबिक शनिवार सुबह दिल्ली का औसत एक्यूआई 'खराब' श्रेणी में रहा, जिसमें सूक्ष्म कणों (पीएम 2.5) की अधिकता देखी गई।

# कर्तव्य पथ पर पहली बार दिखेगी सेना की रणभूमि व्यहू रचना

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ सेना अपने सशक्त और भविष के किसी भी तरह के युद्ध के लिए तैयार स्वरूप का प्रदर्शन करेगी

**नई दिल्ली।** गणतंत्र दिवस परेड में इस बार ऐतिहासिक कर्तव्य पथ पर पहली बार सेना की रणभूमि व्यूह रचना यानी 'बैटल एरे' की दुर्लभ झलक दिखाई देगी, जिसमें सेना अपने सशक्त और भविष के किसी भी तरह के युद्ध के लिए तैयार स्वरूप का प्रदर्शन करेगी। यह ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को श्रद्धांजलि होगी।

इसके अंतर्गत सेना के जवान पहली बार एक विशिष्ट और अनोखी रणभूमि व्यूह रचना बैटल एरे फॉर्मेशन में दिखाई देंगे। इसमें दर्शकों को आधुनिक युद्धक्षेत्र में एकीकृत,नेटवर्क-सक्षम और अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी से लैस बल के रूप में सेना की तैनाती और युद्ध प्रणाली की दुर्लभ झलक देखने को मिलेगी। सेना की झांकी में एक एकीकृत संचालन केंद्र को प्रदर्शित किया जाएगा, जो सुदर्शन चक्र के सुरक्षा कवच के अंतर्गत संयुक्त योजना, सटीक लक्ष्य निर्धारण और वायु रक्षा को दर्शाएगा, तथा यह बताएगा कि आधुनिक युद्धों की योजना और क्रियान्वयन वास्तविक समय में कैसे किया जाता है। परेड के इतिहास में पहली बार भारतीय सेना के मार्चिंग और यांत्रिक कॉलम को युद्ध-केंद्रित आक्रामक फार्मेशन में संगठित किया जाएगा, जिसमें यह दिखाया जाएगा कि सैन्य अभियानों के दौरान बलों का उपयोग किस क्रम में किया जाता है। 'बैटल एरे' एक तैयार, सक्षम और त्वरित जवाबी कार्रवाई वाली भारतीय सेना को प्रतिबिंबित करता है, जिसमें खुफिया, निगरानी और टोही तत्व, यांत्रिक बल, विमानन संसाधन, स्पेशन फोर्स, तोपखाना, वायु रक्षा और लॉजिस्टिक्स को एक सुसंगठित संचालन ढांचे में एकीकृत किया गया है। यह व्यूह रचना डेटा-केंद्रित अभियानों, लंबी दूरी की सटीक मारक प्रणालियों और स्वदेशी प्लेटफॉर्मों के माध्यम से शत्रु क्षेत्र में गहराई तक निगरानी, निर्णय लेने और प्रहार करने की भारतीय सेना की क्षमता को दर्शाती है।

# यूपी समेत पांच राज्यों में बारिश

■ उत्तरकाशी-चमोली में 24 घंटे से रुक-रुककर बर्फबारी

**नई दिल्ली।** देश के सबसे उत्तरी 3 राज्यों जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में गुरुवार-शुक्रवार से शुरू हुई बर्फबारी देर शाम तक चली। शिमला, मनाली, मसूरी, कटरा में चारों तरफ बर्फ ही बर्फ नजर आ रही है।

उधर, उत्तराखंड के उत्तरकाशी, चमोली और जम्मू के डोडा में पिछले 24 घंटे से रुक-रुककर बर्फबारी हो रही है। मैदानी इलाकों में लगभग एक फुट और ऊपरी पहाड़ी क्षेत्रों में 2-3 फीट बर्फ जम गई है। श्रीनगर एयरपोर्ट शनिवार को भी नहीं खुल सका। एनएच-44 लगातार दूसरे दिन बंद है। मौसम विभाग ने तीनों राज्यों में ऊंचे इलाकों में एवलांच (हिमस्खलन) की चेतावनी जारी की है। इधर वेस्टर्न डिस्टरबेंस के असर से राजस्थान में ओले-बारिश के बाद तापमान 10 डिग्री तक गिर गया है। राज्य के इकलौते हिल स्टेशन माउंट आबू में पारा माइनस 7 डिग्री तक पहुंच गया। सीकर में ओस जम गई।

## संक्षिप्त समाचार

### पीएम मोदी ने उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस पर दी बधाई

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को उत्तर प्रदेश के स्थापना दिवस के अवसर पर राज्य की जनता को बधाई दी और कहा कि बीते नौ वर्षों में उत्तर प्रदेश ने बीमारू श्रेणी से बाहर निकलकर बेमिसाल प्रदेश बनने का गौरवपूर्ण सफर तय किया है। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया मंच पर जारी अपने संदेश में कहा कि भारतीय संस्कृति और विरासत की समृद्धि में उत्तर प्रदेश का अमूल्य योगदान रहा है। उन्होंने लिखा कि भारतीय संस्कृति और विरासत की समृद्धि में अमूल्य योगदान देने वाले उत्तर प्रदेश के अपने सभी परिवारजनों को राज्य के स्थापना दिवस की बहुत-बहुत बधाई।

### श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बना किन्नर अखाड़ा

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में संगम की रेती पर आयोजित माघ मेले में किन्नर अखाड़ा श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। माघ मेले के सेक्टर छह में स्थित किन्नर अखाड़े के शिविर में आए किन्नर संत न केवल कल्पवास कर रहे हैं, बल्कि प्रमुख स्नान पर्वों पर धूमधाम से पवित्र त्रिवेणी में आस्था की डुबकी भी लगा रहे हैं। इसके साथ ही किन्नर अखाड़े में विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान अघोर तंत्र साधना भी की जा रही है। किन्नर अखाड़े में हर दिन शाम को आयोजित होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों में जमकर भीष् उमड़ रही है। माघ मेले में किन्नर संतों द्वारा हर दिन कृष्ण की लीलाओं का मंचन किया जा रहा है। इसे देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु भी पहुंच रहे हैं। किन्नर अखाड़े की महामंडलेश्वर और यूपी की प्रदेश अध्यक्ष स्वामी कल्याणी नंद गिरी उर्फ छोटी मां ने देर शाम भगवान श्री कृष्ण की रास लीला का मंचन किया।

# उप्र दिवस पर पांच जिलाधिकारी सम्मानित

## मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान में बेहतर प्रदर्शन पर मिला सम्मान

शाह टाइम्स ब्यूरो




**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान (सीएम युवा) के तहत बेहतर प्रदर्शन करने वाले पांच जिलों के जिलाधिकारियों को सम्मानित किया।

राष्ट्रीय प्रेरणा स्थल पर आयोजित कार्यक्रम में श्री शाह ने एक जनपद-एक व्यंजन (ओडीओसी) का शुभारंभ किया। मुख्य समारोह में इस पर आधारित लघु फिल्म भी दिखाई गई। विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश थीम पर आयोजित समारोह में उत्तर प्रदेश का गौरव बढ़ाने वाली पांच प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। पुरस्कार स्वरूप उन्हें 11 लाख रुपये, अंगवस्त्र, स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान (सीएम युवा) के तहत बेहतर प्रदर्शन करने वाले पांच जनपदों के जिलाधिकारी भी सम्मानित किए गए। केंद्रीय गृह मंत्री ने सरदार वल्लभभाई पटेल एम्प्लॉयमेंट एंड इंडस्ट्रियल जोन योजना का भी शुभारंभ किया। गृह मंत्री के हाथों विग कमांडर शुभांशु शुक्ल को अंतरिक्ष यात्रा,अलख पांडेय को शिक्षा, उद्यमिता व स्वावलंबन के क्षेत्र में, सुश्री रश्मि आर्य को शिक्षा एवं नवाचार के लिए, डा. हरिओम पंवार को साहित्य तथा डा. सुधांशु सिंह को कृषि क्षेत्र में उत्तर प्रदेश गौरव सम्मान से अलंकृत किया गया। इसके अलावा सीएम युवा योजना के तहत बेहतर प्रदर्शन करने वाले डीएम जौनपुर डा. दिनेश चंद्र,डीएम आजमगढ़ रवींद्र कुमार, डीएम हरदोई अनुनय झा, डीएम अंबेडकरनगर अनुपम शुक्ल और डीएम झांसी मृदुल चौधरी को सम्मानित किया गया। अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान थीम सांग 'उत्तर प्रदेश-उत्तम प्रदेश' ने उत्तर प्रदेश की महिमा का वर्णन किया। इसके पश्चात राष्ट्र प्रेरणा स्थल के मंच पर 'संपूर्ण उत्तर प्रदेश' उतर पड़ा, जब ब्रज, बुंदेली, अवधी, भोजपुरी बोलियों के सांस्कृतिक संगम में अतिथियां ने आनंद की डुबकी लगाई।

# भारत की विकास यात्रा में एक मजबूत आधार स्तंभ रही है उप्र की धरती :मुर्मू

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश के स्थापना दिवस के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं हैं। राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर प्रदेशवासियों को मेरी शुभकामनाएं देते हुए कहा है कि गौरवशाली इतिहास और समृद्ध संस्कृति की यह धरती भारत की विकास यात्रा में एक मजबूत आधार स्तंभ रही है।

उन्होंने कहा कि मुझे विश्वास है कि उत्तर प्रदेश निरंतर प्रगति के पथ पर आगे बढ़ता रहेगा। मैं इस राज्य के मेहनती और प्रतिभाशाली लोगों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करती हूं। गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि डबल इंजन सरकार के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है और विश्वस्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर के नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। उन्होंने प्रदेश के निरंतर प्रगति पथ पर अग्रसर रहने की कामना भी की है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मेरे प्रिय प्रवासी बहनों और भाइयों, विदेश में रहकर अपने परिश्रम, प्रतिभा और मूल्यों के माध्यम से आपने उत्तर प्रदेश और भारत का मान वैश्विक मंच पर बढ़ाया है। हमारी सरकार आपके अनुभव और ज्ञान को प्रदेश की विकास यात्रा से जोड़ने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। आप सभी को उत्तर प्रदेश दिवस की हृदय से बधाई और मंगलमय शुभकामनाएं। उन्होंने युवाओं से विचार, तकनीक और चरित्र में आत्मनिर्भर बनने तथा राष्ट्रीय सुरक्षा, नवाचार और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। इसके लिए उन्होंने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान में सेना शाखा और भारतीय सेना इंटर्नशिप कार्यक्रम 2025-26 जैसी पहलों का उल्लेख किया।

# जातिगत जनगणना केवल भाजपा का जुमला: अखिलेश

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने जातिगत जनगणना भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का केवल जुमला है। केंद्र सरकार द्वारा जारी जनगणना की अधिसूचना में जाति का कोई कॉलम ही नहीं है, ऐसे में गिनती किस बात की होगी।

श्री यादव ने शनिवार को फेसबुक पर एक पोस्ट शेयर करते हुए कहा कि भाजपा का सीधा फार्मूला है, गिनती होगी और न ही आनुपातिक आरक्षण व अधिकार देने के लिए कोई जनसांख्यिकीय आधार तैयार होगा।ष उन्होंने इसे पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) समाज के खलिफाफ एक सुनियोजित साजशि बताया। सपा अध्यक्ष ने कहा कि आज भाजपा पर भरोसा करने वाले लोग खुद को ठगा हुआ और अपमानित महसूस कर रहे हैं। उनका दावा है कि जो भाजपा कार्यकर्ता और नेता अब तक जातिगत जनगणना कराने का दावा कर रहे थे, वे अब अपने समाज में जवाब देने की स्थिति में नहीं हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि ऐसे लोग अब भाजपा के झंडे और प्रतीक हटाने के लिए मजबूर हो रहे हैं। अखिलेश यादव ने कहा कि पीडीए समाज को अपने मान-सम्मान, आरक्षण और अधिकारों की लड़ाई खुद लड़नी होगी। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि जब इस मुद्दे पर विरोध तेज होगा तो भाजपा इसे टाइपिंग मिस्टेक बताकर बचने की को. शिश करेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा अब पूरी तरह से बेनकाब हो चुकी है और जनता उसके इरादों को समझ चुकी है। अखिलेश यादव ने भाजपा पर वचन से मुकरने का आरोप लगाते हुए कहा कि अब वचन-विमुखी शब्द का अर्थ ही भाजपा बन चुका है। उल्लेखनीय है कि संभल में एक हिन्दू महंत की याचिका पर सिविल अदालत ने शाही जामा मस्जिद का 'कमिश्नर एडवोकेट सर्वे' का आदेश पारित किया था।

## स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद विवाद पर इशारा करते हुए बोलीं मायावती

# धर्म में राजनीति का बढ़ता हस्तक्षेप सही नहीं

शाह टाइम्स ब्यूरो



**राजनीतिक स्वार्थ के लिए धर्म को राजनीति और राजनी. ति को धर्म से जोड़ने का खतरा हमेशा से बना रहा है: पूर्व सीएम**

**लखनऊ।** माघ मेला में शंक. राचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद विवाद की ओर इशारा करते हुए बहुजन समाज पार्टी (बसपा) अध्यक्ष मायावती ने कहा कि धर्म,पर्व आदि में राजनीतिक लोगों को बढ़ता हस्तक्षेप सही नहीं है और इसे लेकर आमजन में दुख और चिंता लाजिमी है।

सुश्री मायावती ने शनिवार को कहा कि राजनीतिक स्वार्थ के लिए धर्म को राजनीति और राजनीति को धर्म से जोड़ने का खतरा हमेशा से बना रहा है जिसका प्रत्यक्ष उदाहरण माघ मेला में स्नान को लेकर उपजा विवाद है जिसमें एक दूसरे का अनादर और आरोप प्रत्यारोप लगाए जा रहे हैं। देश का संविधान और कानून जनहित के कार्य को ही राष्ट्रीय धर्म मानता है और धर्म को राजनीति से दूर रहने की नसीहत देता है ताकि जनप्रतिनिधि अपने कर्तव्य का सही ढंग से इस्तेमाल कर सकें।

उन्होंने एक्स पर लिखा कि उत्तर प्रदेश में ही नहीं बल्कि देश के अन्य राज्यों में भी किसी भी धर्म के पर्व, त्योहार, पूजापाठ, स्नान आदि में राजनीतिक लोगों का हस्तक्षेप एवं प्रभाव पिछले कुछ वर्षों से काफी बढ़ गया है, जो नए-नए विवाद, तनाव व संघर्ष आदि का कारण बन रहा है, यह सही नहीं है तथा इन सबको लेकर लोगों में दुख एवं चिन्ता की लहर स्वाभाविक है। वास्तव में संकीर्ण राजनीतिक स्वार्थ के लिए धर्म को राजनीति तथा राजनीति को धर्म से जोड़ने के कई खतरे हमेशा बने रहते हैं तथा प्रयागराज में स्नान आदि को लेकर चल रहा विवाद, एक-दूसरे का अनादर व आरोप-प्रत्यारोप इसका ताजा उदाहरण है। इससे हर हाल में जरूर बचा जाना ही बेहतर। बसपा सुप्रीमो ने लिखा कि वैसे भी देश का संविधान व क़ानून ईमानदारी से जनहित व जनकल्याणकारी कर्म को ही वास्तविक राष्ट्रीय धर्म मानकर राजनीति को धर्म से तथा धर्म को राजनीति से दूर रखता है, जिस पर सही नीयत व नीति से अमल हो, ताकि राजनेतागण अपना सही संवैधानिक दायित्व, बिना किसी द्वेष व पक्षपात के, सर्वसमाज के सामाजिक, राजनी. तिक व आर्थिक हित में ईमानदारी व निष्ठापूर्वक निभा सकें, वर्तमान हालात में भी लोगों की यही अपेक्षा। सुश्री मायावती ने उत्तर प्रदेश दिवस की सभी लोगों को हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। ये फसल उत्सव नई शुरुआत, आशा, खुशियां लेकर आएं और आपके जीवन को आनंद और समृद्धि से भर दें।

### केशव मौर्य जैसे समझदार को होना चाहिए मुख्यमंत्री: स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद

**प्रयागराज।** ज्योतिषपीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने शनिवार को कहा कि प्रदेश का मुख्यमंत्री किसी अहंकारी के बजाय केशव प्रसाद मौर्य जैसे समझदार व्यक्ति को होना चाहिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पद पर ऐसा व्यक्ति नहीं होना चाहिए, जो जिद्दी हो और बदले की भावना से काम करता हो। शंकराचार्य ने श्री मौर्य के उस बयान का स्वागत किया जिसमें उन्होंने शंकराचार्य से जुड़ी घटना में शामिल लोगों के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन दिया था। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा कि श्री मौर्य समझते हैं कि इस मामले को और नहीं बढ़ाया जाना चाहिए, क्योंकि वह जानते हैं कि इससे पार्टी को नुकसान हो रहा है। इससे पहले उपमुख्यमंत्री मौर्य ने शंकराचार्य से अपना विरोध प्रदर्शन समाप्त करने की अपील की थी।



सेंसेक्स 83382.71
निफ्टी 25665.60



सोना रु. 138450
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 254620
प्रति किलो



# प. बंगाल में बेटियों को जीवन के हर पड़ाव पर सशक्त किया जा रहा : ममता

नई दिल्ली, वार्ता



पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने महिलाओं और बालिकाओं के सशक्तिकरण के प्रति अपनी सरकार की प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि बंगाल में बेटियों को सिर्फ एक दिन नहीं, बल्कि उनके जीवन के हर चरण में सहयोग दिया जाता है।

राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर सुश्री बनर्जी ने बालि. काओं को ष्हमारे समाज की भावी शिल्पकार बताया। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपने पोस्ट में कहा कि राष्ट्रीय बालिका दिवस पर मैं बंगाल और पूरे भारत की हर बेटी को अपना स्नेह और आशीर्वाद देती हूं। बंगाल में हम बालिका को केवल एक दिन नहीं मनाते, बल्कि वर्ष के हर दिन और उसके जीवन के हर मोड़ पर उसे सशक्त बनाते हैं।ष सुश्री बनर्जी ने कहा कि राज्य में बालिकाओं के सशक्तिकरण की यात्रा जन्म से शुरू होकर शिक्षा और वयस्कता तक निरंतर चलती है। उन्होंने सामाजिक और आर्थिक बाधाओं को दूर करने के लिए चलाई जा रही कई प्रमुख योजनाओं का उल्लेख किया। मुख्यमंत्री ने 'कन्याश्री' योजना को वैश्विक स्तर पर सराही गई पहल बताते हुए कहा कि इस योजना के तहत अब तक एक करोड़ से अधिक बालि. काओं को आर्थिक सहायता दी जा चुकी है, ताकि वे शिक्षा से जुड़ी रहें और बाल विवाह को रोका जा सके। विद्यालय तक पहुंच आसान बनाने के लिए उन्होंने 'सबूज साथी' योजना का जिक्र किया, जिसके तहत छात्रों को साइकिल प्रदान की जाती है, विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में। इसके अलावा उन्होंने शिक्षा क्षेत्र की अन्य योजनाओं-शिक्षाश्री, ऐक्यश्री, मेधाश्री और तरुणेर स्वप्न के साथ-साथ निष्शुल्क पाठ्य पुस्तकें, स्कूल यूनिफॉर्म, जूते और मध्यान्ह भोजन का भी उल्लेख किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन प्रयासों से यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि गरीबी या संसाधनों की कमी के कारण कोई भी लड़की पढ़ाई बीच में न छोड़ें।

# नोएडा प्राधिकरण के नए सीईओ बने कृष्णा करुणेश

**लखनऊ।** नोएडा प्राधिकरण में प्रशासनिक स्तर पर बड़ा बदलाव करते हुए 2011 बैच के आईएएस अधिकारी कृष्णा करुणेश को नया मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) नियुक्त किया गया है। उन्होंने लोकेश एम की जगह यह जिम्मेदारी संभाली है। इससे पहले कृष्णा करुणेश नोएडा प्राधिकरण में अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी (एसीईओ) के पद पर कार्यरत थे। कृष्णा करुणेश इससे पूर्व गोरखपुर के जिलाधिकारी के रूप में भी सेवाएं दे चुके हैं। जिलाधिकारी रहते हुए उन्होंने प्रशासनिक सख्ती, कानून-व्यवस्था को प्रभावी ढंग से लागू करने और विकास कार्यों की सख्त निगरानी के जरिए अपनी अलग पहचान बनाई थी। उनके कार्यकाल के दौरान अनुशासन, त्वरित निर्णय और जवाबदेही पर विशेष जोर दिया गया था।

बताया जा रहा है कि यह नियुक्ति ऐसे समय पर की गई है, जब नोएडा के सेक्टर-150 में इंजीनियर युवराज मेहता की मौत का मामला लगातार सुर्खियों में रहा है। इस प्रकरण को लेकर सिस्टम की लापरवाही, अधिकारियों की जवाबदेही और प्रशासनिक भूमिका पर गंभीर सवाल उठाए गए थे। मामले की गंभीरता को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वयं संज्ञान लिया था और जांच के लिए विशेष जांच टीम (एसआईटी) का गठन भी किया गया था। सूत्रों के मुताबिक, नए सीईओ के रूप में कृष्णा करुणेश से नोएडा प्राधिकरण में प्रशासनिक पारदर्शिता बढ़ाने, जवाबदेही तय करने और विकास कार्यों में सख्ती लाने की अपेक्षा की जा रही है। खासतौर पर बिल्डर प्रोजेक्ट्स, निर्माण स्थलों की सुरक्षा, अधिकारियों की जिम्मेदारी और नागरिक सुविधाओं से जुड़े मामलों पर उनकी प्राथमिकता रहने की संभावना है।

# चावल , गेहूं, दालें नरम ,चीनी के दाम बढ़े , खाद्य तेलों में घट-बढ़ दर्ज हुई

नई दिल्ली, वार्ता



घरेलू थोक जिंस बाजारों में शनिवार को चावल के औसत भाव घट गए। गेहूं और दालों में भी गिरावट देखी गई। चीनी महंगी हुई जबकि खाद्य तेलों में उतार.चढ़ाव का रुख रहा। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 51 रुपये टूटकर 3,818 रुपये प्रति क्विंटल रह गई।

गेहूं नौ रुपये सस्ता हुआ और 2,839 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। आटा नौ रुपये महंगा हुआ। दाल-दलहनों में भी गिरावट का रुख रहा। तुअर दाल की औसत कीमत 77 रुपये प्रति क्विंटल टूट गई। चना दाल 53 रुपये और उड़द दाल 35 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। मसूर दाल में सात रुपये और मूंग दाल में चार रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट रही। स्थानीय बाजारों में सरसों तेल औसतन 132 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। पाम ऑयल की कीमत भी 33 रुपये बढ़ गई। वहीं, मूंगफली तेल 293 रुपये और वनस्पति 37 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। सूरजमुखी तेल की कीमत 36 रुपये और सोया तेल की 25 रुपये प्रति क्विंटल घटी। मीठे के बाजार में आज गुड़ के औसत भाव 35 रुपये प्रति क्विंटल टूट गए जबकि चीनी सात रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे-दाल-दलहन : दाल चना 7732.66 रुपये, मसूर काली 8094.61 रुपये, मूंग दाल 10101.26 रुपये, उड़द दाल 10413.24 रुपये, तुअर दाल 10564.92 रुपये प्रति क्विंटल।

अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2839.01 रुपये और चावल 3818.48 रुपये प्रति क्विंटल। आटा द्धगेहूंत्रऋ 3298.87 रुपये प्रति क्विंटल।

चीनी.गुड़ : चीनी एस 4288.20 रुपये और गुड़ 4981.68 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए।खाद्य तेल : सरसों तेल 17563.37 रुपये, मूंगफली तेल 17764.72 रुपये, सूरजमुखी तेल 16059.25 रुपये, सोया तेल 13839.77 रुपये, पाम ऑयल 12545.23 रुपये और वनस्पति 14479.92 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

# बर्फबारी के चलते दूसरे दिन भी कश्मीर का संपर्क कटा , हवाई सेवा बहाल हुई

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में भारी बारिश और बर्फबारी के एक दिन बाद शनिवार को पूरी कश्मीर घाटी कड़ाके की ठंड की चपेट में रही और दूसरे दिन लगातार इस क्षेत्र का संपर्क देश के बाकी हिस्सों से कटा रहा। गुरुवार रात शुरू हुई हिमपात और बारिश शुक्रवार रात रुक गई थी लेकिन इसका सामान्य जनजीवन पर गहरा असर पड़ा। सामरिक रूप से महत्वपूर्ण श्रीनगर-जम्मू राष्ट्रीय राजमार्ग सहित कई प्रमुख मार्ग अब भी बंद हैं, लेकिन श्रीनगर एयरपोर्ट पर मौसम के कारण अस्थाई रूप से बाधित हुई उडान सेवा आंशिक रूप से दोबारा से शुरू हो गई है।

हवाईअड्डा निदेशक जावेद अंजुम ने कहा कि श्रीनगर एयरपोर्ट पर ऑपरेशन फिर से शुरू हो गए हैं और दो विमान यहां उतरे हैं। उन्होंने कहा कि स्थिति में सुधार होते ही परिचालन पूरी तरह बहाल कर दिया जाएगा। इससे पहले दिल्ली हवाई अड्डे पर और खराब मौसम के कारण आज सुबह श्रीनगर एयरपोर्ट पर कई उड़ानें रद्द भी करनीं पड़ीं थीं।ष हिमपात के आंकड़ों पर नजर डालें, तो प्रसिद्ध स्की रिसॉर्ट गुलमर्ग में सबसे अधिक 1.7 फुट बर्फ दर्ज की गई। इसके अलावा कोक. रनाग और पहलगाम में डेढ़-डेढ़ फुट, बटोत में 1.4 फुट, भद्रवाह में एक फुट, बनिहाल में 0.7 फुट और काजीगुंड में 0.3 फुट हिमपात हुआ। गुरुवार शाम को शक्तिशाली पश्चिमी विक्षोभ ने महज दो दिनों में लगभग महीने भर की बारिश के बराबर पानी बरसाया है, जिससे घाटी में लंबे समय से चल रहा सूखे जैसे हालात खत्म हो गए। हिमपात के बाद पूरी घाटी में न्यूनतम तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई है। ग्रीष्मकालीन राजधानी श्रीनगर में न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे 1.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जबकि काजीगुंड में यह शून्य से नीचे 4.2 डिग्री रहा। पहलगाम में तापमान गिरकर शून्य से नीचे 7.6 डिग्री, कुपवाड़ा में शून्य से नीचे 4.0 डिग्री और कोकरनाग में शून्य से नीचे 6.2 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। गुलमर्ग घाटी का सबसे ठंडा स्थान रहा जहां न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे 12.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, वहीं सोनमर्ग में शून्य से नीचे 10-5 डिग्री रहा। दक्षिण और मध्य कश्मीर के पुलवामा में शून्य से नीचे 3.4 डिग्री और शोपियां में न्यनूतम तापमान शून्य से नीचे 7.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। मौसम विभाग के अधिकारियों के अनुसार, पश्चिमी विक्षोभ अब कमजोर पड़ गया है लेकिन अगले कुछ दिनों तक कड़ाके की ठंड जारी रहने के आसार हैं। 26 और 27 जनवरी को जम्मू-कश्मीर के अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश और हिमपात हो सकता है।

# एमएसएमई के लिए ज्यादा ऋण, जीएसटी छूट की सीमा बढ़ाने की मांग

**नई दिल्ली।** भारतीय युवा शक्ति ट्रस्ट ने लघु, सूक्ष्म एवं मध्यम उद्यमों को ज्यादा ऋण देने और वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) के तहत छूट की सीमा 40 लाख रुपये सालाना से बढ़ाकर 1.5 करोड़ रुपये करने की मांग की है। ट्रस्ट के संस्थापक एवं प्रबंध न्यासी लक्ष्मी वेंकटरमन वेंकटेशन ने बजट से अपेक्षाओं पर एक प्रेस नोट साझा करते हुए कहा कि पिछले 10-11 साल में काफी प्रगति हुई है। इसके बावजूद, लगभग 30 लाख करोड़ रुपये के ऋण की कमी है। वर्तमान समय में केवल 16.19 प्रतिशत एमएसएमई तक ही औपचारिक ऋण की पहुंच है, जिसे 2028 तक कम से कम 25 प्रतिशत तक बढ़ाना आवश्यक है ताकि ष्विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को साकार किया जा सके। उन्होंने मुद्रा योजना के अंतर्गत विशेषकर शिशु श्रेणी में औसत ऋण 37,000 रुपये से बढ़ाने, चार प्रतिशत तक ब्याज सब्सिडी तथा शून्य या न्यूनतम प्रसंस्करण शुल्क लगाने की मांग की। उन्होंने 15 दिन के भीतर जीएसटी रिफंड चक्र लागू करने और विलंबित भुगतान पर 12 प्रतिशत वैधानिक ब्याज सुनिश्चित करने की भी मांग की है।

# जब गणतंत्र दिवस परेड देखने पहुंचे महान मुक्केबाज मोहम्मद अली

नई दिल्ली, वार्ता



अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा से लेकर रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन तक दुनिया के कई बड़े नेता भारत के गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि बन चुके हैं, लेकिन कर्तव्य पथ पर किसी विदेशी मेहमान को वैसा गर्मजोशी भरा स्वागत शायद ही मिला हो जैसा दक्षिण अफ्रीका के स्वतंत्रता सेनानी नेल्सन मंडेला और महान मुक्केबाज मोहम्मद अली को मिला था।

दक्षिण अफ्रीका के गांधीवादी नेता नेल्सन मंडेला 1995 की गणतंत्र दिवस परेड में मुख्य अतिथि थे। जब तक मंडेला वहां मौजूद रहे, दर्शक लगातार उनका नाम दोहराते रहे। उस दृश्य के गवाह रहे लोग कहते हैं कि राजपथ पर किसी विद. शी राष्ट्राध्यक्ष का ऐसा उत्साहपूर्ण स्वागत पहले कभी नहीं देखा गया था। मंडेला की तरह ही कर्तव्य पथ पर मौजूद विशाल जनसमूह ने मुक्केबाज मोहम्मद अली का भी तालियों की गड़गड़ाहट के साथ स्वागत किया था। वह 1976 की परेड में विशेष अतिथि थे, जब वे अपने करियर के शिखर पर और एक वैश्विक आइकन थे। तब कर्तव्य पथ को ही राजपथ कहा जाता था। साल 2022 में केंद्र सरकार ने राजपथ का नया नाम कर्तव्य पथ कर दिया था। इससे पहले यह मार्ग किग्सवे नाम से जाना जाता था। बॉक्सर मोहम्मद अली परेड शुरू होने से कुछ मिनट पहले ही अपनी सीट पर बैठे थे। जैसे ही लाउडस्पीकर पर उनके आगमन की घोषणा हुई, हजारों लोगों ने शोर मचाकर उनका अभिवादन किया। उस वर्ष मशहूर कमेंटेटर जसदेव सिंह आंखों देखा हाल सुना रहे थे। उन्होंने बताया था कि कैसे मोहम्मद अली हवा में मुक्का लहराकर अपने प्रशंसकों का जवाब दे रहे थे। जब भी वे ऐसा करते, भीड़ उत्साह से भर जाती। तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी भी मोहम्मद अली को देखते हुए बार-बार मुस्कुराती नजर आई थीं। उस समय की परेड की तुलना में आज सुरक्षा कारणों से परेड के स्वरूप में भी बदलाव आए हैं। संसद पर 13 दिसम्बर 2001 को हुए आतंकी हमले के बाद 2002 में पहली बार परेड का मार्ग छोटा किया गया। तब से परेड इंडिया गेट, आईटीओ और दरियागंज होते हुए लाल किले पर समाप्त होती है। इससे परेड का कनॉट प्लेस से गुजरना बंद हो गया, जिससे दिल्लीवासी शहर के दिल कहे जाने वाले इस हिस्से से परेड देखने के आनंद से वंचित हो गए।

# हत्यारे ने इंस्ट्राग्राम पर आकर जुर्म कबूला, पिता को बताया बेकसूर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** उत्तर-पूर्वी दिल्ली में वेलकम थाना क्षेत्र में बदमाशों ने एक युवक को गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया स मृतक को तीन गोलियां एक सिर में और दो सीने पर मारी गयी थी स इस मामले में नया मोड़ तब आया जब युवक के हत्यारे ने सोशल मिडिया पर एक वीडियो डालकर अपना जुर्म कबूल किया स इस मामले में पुलिस ने सम्बंधित धाराओं में मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान फैजान उर्फ फज्जी (24) के रूप में हुई है, फैजान का गाड़ियों की वाशिंग का काम था और अपने परिवार के साथ जनता मजदुर कॉलोनी,वेलकम में रहता था स शुक्रवार की रात वह वेलकम के मिस्टर किंग लॉन्ज एंड कैफे में था तभी अचानक कुछ बदमाशों ने उसके ऊपर गोलियां बरसा दी, जिसमे फैजान को तीन गोलियां लगी, वारदात को अंजाम देने के बाद हमलावर फरार हो गए, फैजान को जीटीबी अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।



मृतक के भाई सलमान ने जहां इस हत्या के पीछे पैसों का लेन-देन बताया था,और आरोप लगाया था कि मोईन ने अपने पिता के कहने पर हत्या की है कुछ समय पहले भी मोईन और उसके परिवार ने हमला किया था जिसकी शिकायत भजनपुरा थाने में की गई थी स वही मोईन ने फैजान की हत्या का जुर्म कबूलते हुए अपने इंस्ट्राग्राम हेंडल पर एक वीडियो डाला है, जिसमे मोईन का कहना है कि इस हत्या में उसके पापा का कोई रोल नहीं है कुछ महीने पहले फैजान ने उसके ऊपर हाथ उठाया था जिस वजह से उसने इस वारदात को अंजाम दिया है। पुलिस ने बीएनएस कि धारा 103(1) और आर्म्स एक्ट की धारा 25/27 के तहत मामला दर्ज किया है और आरोपियों को पकड़ने के लिए कई टीम तैनात की गयी है स जिला उपायुक्त आशीष मिश्रा ने बताया 23 जनवरी की रात 10.28 बजे वेलकम थाना क्षेत्र में मिस्टर किंग लॉन्ज एंड कैफे में गोली चलने की सूचना मिली थी,मौके पर फैजान घायल अवस्था में मिला जिसे अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## विधायक अजय महावर को पितृ शोक पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने दी श्रद्धांजली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं दिल्ली महावर वैश्य समाज के वरिष्ठ नेता जगदीश प्रसाद महावर का आज निधन हो गया। आप अलवर जिले के मूल निवासी थे और लगभग 50 वर्ष पूर्व जीविकोपार्जन हेतू पूर्वी दिल्ली में आ कर बसे और व्यवसाय के साथ समाज सेवा में भी सक्रिय रहे। उनके पुत्र भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं विधायक अजय महावर ने अपने भाईयों के साथ अपने पिता जी का निगमबोध घाट पर अंतिम संस्कार किया।

दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने पार्टी की ओर से श्रद्धांजली अर्पित की। बहुत बड़ी संख्या में दिल्ली भाजपा के कार्यकर्ता एवं घोंडा विधानसभा क्षेत्र के लोग अंतिम संस्कार में सम्मिलित हुए जिनमे प्रमुख थे केन्द्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा, सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी एवं श्रीमती कमलजीत सहरावत, उप विधानसभाध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट, दिल्ली के महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह, भाजपा विधायक सतीश उपाध्याय, सरदार अरविंदर सिंह लवली, जितेंद्र महाजन, राजकुमार भाटिया, कैलाश गहलोत, सूर्य प्रकाश खत्री, नीरज बसोया, दीपक यादव, अशोक गोयल, रवि नेगी एवं आम आदमी पार्टी विधायक जुबेर अहमद, निगम नेता सत्या शर्मा एवं पुनीत शर्मा, प्रदेश भाजपा पदाधिकारी श्री सतीश गर्ग, प्रवीण शंकर कपूर, बृजेश राय एवं विक्रम मित्तल और डी.डी.ए. सदस्य राजीव बब्बर आदि।

# गृह मंत्रालय की झांकी में नवीन न्याय संहिताओं के कार्यान्वयन को प्रदर्शित किया जाएगा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** गृह मंत्रालय एक झांकी प्रस्तुत करेगा जो नवीन न्याय संहिता, यानी भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम के राष्ट्रव्यापी कार्यान्वयन को उजागर करेगी, जो 1 जुलाई 2024 से लागू हैं।

इन तीनों कानूनों का अधिनियमन इस सदी के सबसे बड़े सुधारों में से एक रहा है। दंड के सिद्धांत पर आधारित औपनिवेशिक विरासत को हटाकर, ये कानून 'न्याय' के भारतीय दर्शन को अपनाकर विकसित भारत की आकांक्षा का प्रतीक हैं (दंड से न्याय की ओर)।

यह झांकी 77वें गणतंत्र दिवस परेड के दौरान कर्तव्य पथ पर प्रदर्शित की जाएगी, जो नए कानूनों के राष्ट्रव्यापी संचालन और भारत के एक आधुनिक, प्रौद्योगिकी-संचालित, समयबद्ध और नागरिक-केंद्रित न्याय प्रणाली में संक्रमण को उजागर करेगी।प्रदर्शित की गई प्रमुख विशेषताओं में डिजिटल साक्ष्य संग्रह के लिए ई-साक्ष्य का इस्तेमाल, बायोमेट्रिक पहचान के लिए राष्ट्रीय स्वचालित फिंगरप्रिंट पहचान प्रणाली , ई-समन जो अदालतों द्वारा इलेक्ट्रॉनिक रूप से जारी किए जाने वाले डिजिटल रूप से हस्ताक्षरित समन को सक्षम बनाता है, और वर्चुअल सुनवाई जैसी प्रौद्योगिकी-सक्षम अदालत प्रक्रियाएं शामिल हैं। यह इंटर-ऑपरेबल क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम (आईसीजेएस) ढांचे के तहत पुलिस, फोरेंसिक, अभियोजन, अदालतों और जेलों के बीच सहज एकीकरण का प्रतिनिधित्व करता है। झांकी में दर्शाई गई मोबाइल फोरेंसिक इकाइयां अपराध स्थलों पर बेहतर फोरेंसिक पहुंच और त्वरित कार्रवाई का प्रतीक हैं।

यह झांकी एकीकृत नियंत्रण-कक्ष प्रणालियों, सीसीटीवी कैमरों जैसे उन्नत निगरानी के इन्फ्रास्ट्रक्चर और क्षेत्र संचालन तथा कार्रवाई संबंधी इकाइयों में प्रशिक्षित महिला पुलिस कर्मियों की बढ़ती भूमिका के माध्यम से दर्शाए गए त्वरित कार्रवाई प्रणाली को भी उजागर करती है। नए कानूनों के तहत दंड के एक सुधारात्मक रूप के रूप में सामुदायिक सेवा को शामिल करना न्याय के प्रति एक प्रगतिशील और मानवीय दृष्टिकोण को दर्शाता है।

कानून की नई पुस्तकों का बहुभाषी प्रतिनिधित्व पहुंच, समावेशिता और पारदर्शिता के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह सुनिश्चित करता है कि सुधरा हुआ कानूनी ढांचा देश भर के नागरिकों के लिए समझने योग्य और सुलभ हो।

गृह मंत्रालय की झांकी एक आधुनिक, पेशेवर और प्रौद्योगिकी-संचालित न्याय प्रणाली की ओर भारत के निर्णायक कदम को दर्शाती है। यह संवैधानिक मूल्यों को मजबूत करती है और न्याय वितरण में निश्चितता, गति और गरिमा के माध्यम से सार्वजनिक विश्वास को मजबूत करती है।

## मौसम में नरमी बरकरार, प्रदूषण से राहत की उम्मीद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसी आर में अगले कुछ दिनों तक मौसम में नरमी बनी रहने के आसार हैं, जिससे पिछले कुछ महीनों से जहरीली हवा का सामना कर रहे दिल्लीवासियों को प्रदूषण से भी बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है।

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के मुताबिक, आज और कल आंशिक रूप से बादल छाए रहने और उत्तर पश्चिम दिशा की ओर दोपहर में लगभग 20-30 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से हवाएं चलना जारी हैं। शाम में इसकी रफ्तार घटकर 12 किमी प्रति घंटा रह जाएगी। आज का अधितकम तापमान 17-19 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। रविवार को हवा की रफ्तार 15 किमी रहने और अधिकतम तापमान 17-19 डिग्री सेल्सियस तथा न्यूनतम 4-6 डिग्री सेल्सियस रहने के आसार हैं। सफदरगंज में आज 2 बजे तक न्यूनतम दृश्यता 500 मीटर, पालम में न्यूनतम दृश्यता 02:30 बजे 700 मीटर दर्ज की गई। पिछले 24 घंटे में दिल्ली का न्यूनतम तापमान 6-8 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान में 8-11 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई। यहां का अधिकतम तापमान 15-16 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 6-8 डिग्री सेल्सियस के आसपास रही।उत्तर और पश्चिम भारत में सुबह घना कोहरा छाया रहा। उत्तर भारत के जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड क्षेत्रों का मौसम अगले तीन दिनों जबकि लद्दाख का अगले पांच दिनों तक साफ रहने के आसार हैं। इन क्षेत्रों में कल भी यही स्थिति रहने का अनुमान है। वहीं हिमाचल प्रदेश के निचले क्षेत्रों में आज धुंध छाई रही और शीतलहर भी जारी रही।

# कम ब्याज दर पर मिलेगा आवास ऋण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्लीवासियों को किफायती, पारदर्शी और सरल आवास ऋण उपलब्ध कराने की दिशा में दिल्ली सरकार ने एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया है। इसी क्रम में रोहिणी सेक्टर-16 में समाज कल्याण एवं सहकारिता मंत्री रविन्द्र इंद्राज सिंह ने दिल्ली सहकारी आवास वित्त निगम लिमिटेड (डीसीएचएफसी) के नए कार्यालय का शुभारंभ किया। इस नई शाखा के प्रारंभ होने से उत्तर-पश्चिम दिल्ली सहित आसपास के क्षेत्रों के नागरिकों को सीधा लाभ मिलेगा। यह सीरी फोर्ट के बाद दिल्ली में डीसीएच एफसी का दूसरा कार्यालय है।इस अवसर पर विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, अलीपुर के निगम पार्षद योगेश राणा तथा बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे।इस मौके पर बोलते हुए कैबिनेट मंत्री रविन्द्र इंद्राज सिंह ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों के दौरान सहकारी क्षेत्र की जमकर उपेक्षा की गई।

अब दिल्ली सरकार की स्पष्ट प्राथमिकता है कि मध्यम वर्ग, निम्न आय वर्ग और सहकारी आवास समितियों से जुड़े लोगों को किफायती ब्याज दरों पर आवास ऋण उपलब्ध कराया जाए। इसी उद्देश्य से पहली बार दिल्ली सहकारी आवास वित्त निगम की नई शाखाएँ शुरू की जा रही हैं।




**समाज कल्याण एवं सहकारिता मंत्री रविन्द्र इंद्राज सिंहदिल्ली सहकारीआवास वित्त निगम लिमिटेड ( डीसीएचएफसी ) के नए कार्यालय का शुभारंभ करते हुए।**

# ह. निजामुद्दीन के दरबार में मना साझी संस्कृति का पर्व बसंत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** हजरत निजामुद्दीन औलिया की ऐतिहासिक दरगाह परिसर में बसंत का पर्व आध्यात्मिक भावना और साम्प्रदायिक सौहार्द के साथ मनाया गया। पीले रंग की छटा, सूफियाना संगीत और श्रद्धा से सराबोर इस आयोजन में धर्म, क्षेत्र और सामाजिक पृष्ठभूमि से परे सैकड़ों श्रद्धालु एकत्र हुए और प्रेम, आस्था व एकता के साथ वसंत के आगमन का स्वागत किया।

नवजीवन और आशा के प्रतीक पीले परिधानों में सजे श्रद्धालुओं ने दरगाह पर सरसों के फूल चढ़ाए, जो पीढ़ियों से चली आ रही उस परंपरा को दोहराता है, जिसने समय के साथ अपनी जीवंतता बनाए रखी है। परिसर में गूंजती रूहानी कव्वालियों ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। प्रख्यात कव्वाल चाँद निजामी और हमसर हयात ने दरगाह परिसर के विभिन्न स्थलों पर अपनी प्रस्तुतियों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया, जहाँ कविता, रहस्यवाद और संगीत एक साझा आध्यात्मिक अनुभव में पिरोए गए। आयोजन की व्यवस्था संभाल रहे दरगाह इंचार्ज सैयद काशिफ निजामी ने कहा कि निजामुद्दीन में बसंत केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि एक संदेश है। यह विविधता में एकता का प्रतीक है, जहाँ आस्था सीमाओं से ऊपर उठकर प्रेम, शांति और आपसी सम्मान के साथ लोगों को जोड़ती है।



सैयद बिलाल निजामी ने कहा कि पिछले 750 वर्षों से बसंत उत्सव हजरत निजामुद्दीन औलिया के दरबार में मनाया जा रहा है और हमेशा से बिना धार्मिक भेदभाव के लोग यहाँ अपनी हाजरी लगाते हैं। इस अवसर पर सभी धर्म संप्रदाय के जिम्मेदार लोग भी यहाँ देखने को मिले जिसमें फेस ग्रुप के चेयरमैन डॉ. मुश्ताक अंसारी, सोनम बेकर्स के सी एमडी हाजी रियाजुद्दीन अंसारी, जर्नलिस्ट हाफिज गुफरान अफरीदी, सैफुद्दीन शेख, मुस्तफा गुड्डू आदि के नाम मुख्य रूप से शामिल हैं। विभाजन और असहिष्णुता के इस दौर में निजामुद्दीन में मनाया गया बसंत भारत की मिश्रित संस्कृति और धर्मनिरपेक्ष मूल्यों की उज्ज्वल याद दिलाता हुआ एक सशक्त उदाहरण बनकर सामने आया।

# मुठभेड़ के बाद स्नेचर सतीश भाटी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दक्षिण-पूर्वी दिल्ली जिला पुलिस की एएटीएस टीम और पुलप्रह्लादपुर थाना पुलिस की संयुक्त टीम और कुख्यात स्नैचर सतीश भाटी के बीच एमबी रोड पर मुठभेड हो गई। आरोपियों के पास से एक एडवांस पिस्तौल, जिंदा कारतूस, एक बाइक और छह लूटे के मोबाइल बरामद किए गए हैं। सतीश भाटी ने 22 जनवरी को कालकाजी, अमर कॉलोनी, ओखला औद्योगिक क्षेत्र और प्रहलादपुर इलाके में स्नैचिंग की चार वारदातों को अंजाम दिया था।

फिलहाल पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। पुलिस उपायुक्त डॉ. हेमंत तिवारी ने बताया कि 23 जनवरी की रात 11 बजे स्नैचिंग की वारदातों को अंजाम देने वाले सतीश भाटी के एमबी रोड स्थित छठ घाट के पास आने की सूचना मिली थी। जिसके बाद एएटीएस इंचार्ज इंस्पेक्टर अजय दलाल,एसएसओ पुलप्रह्लाद पुर थाना महिंदर प्रताप, इंस्पेक्टर सुनील की संयुक्त टीम बनाई गई और इस टीम को काया माया अस्पताल के पास महरौली की तरफ तैनात किया गया।

कुछ देर इंतजार करने के बाद एक बाइक सवार शख्स वहां पहुंचा, जो पुलिस को देखने के बाद वहां से भागने लगा। भागने के दौरान शख्स की बाइक फिसल गई और वह सड़क पर गिर गया। पुलिस आरोपी को पकड़ने के लिए पहुंची तो आरोपी ने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी।

## एक नजर

### अवैध शराब बेचने वाली महिला को पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उत्तरी पूर्वी जिला पुलिस के सीलमपुर थाने की टीम ने अवैध शराब बेचने वाली महिला को पकड़ा हैं।पुलिस ने उसके पास से 276 बीयर की बोतलें और 96 कैन (227.4 लीटर) बरामद की है।

दिल्ली के उत्तरी पूर्वी जिला पुलिस अधिकारी ने बताया कि 22 जनवरी की रात को एसएचओ सीलमपुर नरपाल सिंह यादव के नेतृत्व में एक टीम न्यू सीलमपुर के झुग्गी इलाके में गश्त कर रही थी, तभी उन्हें अवैध बीयर बेचने वाली एक महिला के बारे में खास जानकारी मिली। इस जानकारी के आधार पर उक्त टीम ने छापा मारकर एक महिला को पकड़ लिया।पुलिस ने उसके पास से 276 बीयर की बोतलें और 96 कैन बीयर (227.4 लीटर) बरामद की है।इसके बाद, सीलमपुर थाने में दिल्ली एक्साइज एक्ट की धारा 33 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई।

पुलिस द्वारा जांच के दौरान आरोपी महिला की पहचान एबीसी (40) के रूप में हुई। पुलिस को जांच में पता चला कि महिला पहले भी इसी तरह के एक मामले में शामिल रही है।पुलिस द्वारा आगे की जांच जारी है।

### बालिकाओं को सक्षम, सशक्त बनाने व उनके समग्र विकास का संकल्प लिया



**नई दिल्ली।** नेशनल चाइल्ड एंड वूमन डवलपमेंट चेरिटेबल ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिक्षाविद् दयानंद वत्स ने आज ट्रस्ट के मुख्यालय बरवाला में राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर बालिकाओं को सक्षम और सशक्त बनाने का संकल्प लिया। वत्स ने कहा कि ट्रस्ट पिछले 25 वर्षों से बालिकाओं के सशक्तिकरण के लिए राष्ट्रव्यापी जन- जागरूकता अभियान चला रहा है। वत्स ने कहा कि ट्रस्ट द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर स्कूल और कॉलेजों में वर्ष भर बालिकाओं के सर्वांगीण विकास के लिए जन जागरूकता अभियान चला रहा है। जिसमें बालिकाओं को सक्षम, समर्थ और सशक्त बनाने, उन्हें मान सम्मान और स्वाभिमान के साथ सामाजिक सुरक्षा मुहैया कराने पर विशेष बल दिया जा रहा है।

यह अभियान राजधानी के स्कूलों और कॉलेजों के छात्र-छात्राओं और शिक्षक- शिक्षिकाओं के सहयोग से आरम्भ किया गया है। श्री वत्स ने कहा कि राष्ट्रीय बालिका दिवस पर सभी को बालिकाओं की सुरक्षा एवं सम्मान करने का संकल्प लेना चाहिए। वत्स ने कहा कि बालिकाओं के समग्र विकास के लिए हर भारतवासी को आगे आना होगा। उनकी शिक्षा, स्वास्थ्य,पोषण और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी होगी। इस कार्य में समाज और सरकार की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

### पराक्रम दिवस से सभी स्कूल प्रारम्भिक सैनिक प्रशिक्षण देना शुरू करें: खोसला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** आज यहाँ सांस्कृतिक मंत्रालय के आर्कोलेजिकल सर्वे ऑफ इण्डिया विभाग द्वारा नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी के जन्म उत्सव पराक्रम दिवस का आयोजन किया गया। इस आयोजन में आजाद हिन्द फौज के कुछ सिपाहियों के वंशजो को आमंत्रित किया गया विशेष तौर पर श्रीमती निर्मला सिंह को।

सांस्कृतिक और कला विभाग के सचिव श्री के महेश, अतिरिक्त सचिव लेख राज, महानिर्देशक एएसआई, केन्द्रीय दिल्ली के जिलाधिकारी जी सुधाकर एवं मुख्य अतिथि दिल्ली के डिप्टी मुख्यमंत्री माननीय श्री प्रवेश साहिब सिंह एवं राष्ट्रीय सैनिक संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीर चक्र प्राप्त कर्नल तेजेंद्र पाल त्यागी ने बतौर विशिष्ट अतिथि दीप प्रज्वलित किया। मुख्य अतिथि प्रवेश साहिब सिंह ने कहा की पराक्रम दिवस का मनाना केवल एक ओपचारिकता नहीं होनी चाहिए बल्कि हमें नेताजी सुभाष चन्द्र बोस द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलने का संकल्प लेना चाहिए।

### ड्यूल टोन कलर पैलेट का अनावरण किया

**नई दिल्ली।** AI+ ने आज अपनी आगामी नोवापॉड्स लाइनअप के लिए कलर पैलेट का अनावरण किया, जिसमें फैशन और कार्यक्षमता को मिलाकर एक ड्यूल टोन, पैंटन से प्रेरित कलर स्टोरी के साथ डिजाइन को और भी आकर्षक बनाया गया है। यह AI+ की फैशन फॉरवर्ड टेक (FFT) रणनीति का नवीनतम कदम है, जो वियरेबल्स को केवल ऑडियो एक्सेसरीज के बजाय व्यक्तिगत स्टाइल एक्सटेंशन के रूप में फिर से परिभाषित करती है।

यह अनावरण AI+ वियरेबल्स को न केवल सुनने योग्य, बल्कि देखने योग्य बनाने की दिशा में एक और कदम है।




**यमुना विहार में सम्मान समारोह के आयोजन में शमशाद अली मसूदी संवाददाता इस्लाम खान को फूल माला और गुलदस्ता व शील्ड देकर सम्मानित करते हुए। इस मौके पर आये हुए सभी मेहमानों का फूल-मालाएं व शील्ड से सम्मानित किया गया तथा शमशाद अली ने पत्रकारिता को लेकर अपने अनुभव सभी से साझा किए।**

# पार्किंग की 50 फिट लम्बी दीवार ढही, आधा दर्जन वाहन क्षतिग्रस्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** उत्तर-पूर्वी दिल्ली के उस्मानपुर इलाके में शुक्रवार रात तेज बारिश के बाद पार्किंग की करीब 50 फीट लंबी दीवार अचानक ढह गई और गली में खड़े आधा दर्जन से ज्यादा वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। हादसा गामड़ी एक्सटेंशन के सी ब्लॉक, गली नंबर 7 में रात करीब 8.30 बजे हुआ। गनीमत रही कि घटना के वक्त गली में लोग मौजूद नहीं थे, वरना बड़ा हादसा हो सकता था।



दीवार गिरते ही इलाके में अफरा तफरी मच गई। तेज आवाज सुनकर लोग घरों से बाहर निकल आए और मलबे में दबी गाड़ियों को देखकर दहशत फैल गई। सूचना मिलते ही थाना उस्मानपुर की पुलिस, फायर ब्रिगेड और एनडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद मलबा हटाया गया और दबे वाहनों को बाहर निकाला गया। स्थानीय लोगों का आरोप है कि यह पार्किंग लंबे समय से अवैध रूप से संचालित हो रही थी और दीवार की हालत बेहद जर्जर थी। कई बार पार्किंग चलाने वालों को दीवार की मरम्मत कराने के लिए कहा गया, लेकिन किसी ने नहीं सुनी। लोगों का कहना है कि अगर यह दीवार दिन के समय गिरी होती तो जानमाल का भारी नुकसान तय था।

फिलहाल पुलिस ने मौके का मुआयना कर जांच शुरू कर दी है। अवैध पार्किंग और लापरवाही के एंगल से कार्रवाई की बात कही जा रही है।

# डीएम ऑफिस से पत्रकार की बाइक चोरी, सुरक्षा पर उठा सवाल

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार भले ही अपने जिला मजिस्ट्रेट कार्यालयों को आम लोगों की सुविधाओं से लैस कर मिनी सेक्रेटेरिएट बनाने की कवायद में जुटी है लेकिन यहां पर सुरक्षा के के पुख्ता इंतजाम नहीं हैं। ताजा मामला उत्तर पूर्वी जिला मजिस्ट्रेट कार्यालय परिसर का है जहां अज्ञात चोर एक पत्रकार की बाइक को दिनदहाड़े दोपहर करीब ढाई बजे के बाद आराम से चोरी कर ले गया। हैरान करने वाली बात यह है कि डीएम कार्यालय के बाहर मैन गेट पर सीसीटीवी कैमरे तक नहीं लगे हैं जिससे कि परिसर में आने जाने वाले लोगों की गतिविधियों पर नजर रखी जा सके और किसी घटना के दौरान पहचान आसानी से की जा सके। मामला 21 जनवरी की दोपहर दो बजे के बाद का है जब दैनिक राष्ट्रिय अखबार में कार्यरत वरिष्ठ पत्रकार भूपेन्द्र पांचाल अपने कार्य के सिलसिले में डीएम ऑफिस गए थे। उस वक्त मैन एंट्री गेट से एंट्री करने के बाद पत्रकार भूपेन्द्र पांचाल ने अपनी बाइक को चुनाव के दौरान सिंगल विंडो सिस्टम कार्य के लिए बनाए गए ऑफिस के साथ वाले पार्किंग हिस्से में खड़ा कर दिया था और अपने कार्य के लिए चले गए। जब वह कुछ समय बाद अपनी बाइक को लेने के लिए पार्किंग में पहुंचे तो उनकी बाइक पार्किंग साइट पर नहीं दिखी। परिसर के भीतर आसपास बाइक को तलाश किया लेकिन नहीं मिलने पर उन्होंने पीसीआर कॉल कर पुलिस को सूचना दी। पीसी आर कॉल के बाद नंद नगरी थाने की पुलिस ने कार्रवाई करते हुए डीएम की अनुमती के बाद ऑफिस में बने सीसीटीवी कैमरे के कंट्रोल रूम में फुटेज खंगाली। फुटेज में एक अज्ञात शख्स के हाथ में हेलमेट लेकर आने और फिर पार्किंग साइट में खड़ी पत्रकार की बाइक को आसानी से चोरी करके ले जाते हुए साफ देखा गया। पत्रकार ने खुद जिला मजिस्ट्रेट अजय कुमार को परिसर के भीतर से अपनी बाइक चोरी होने की सूचना से अवगत कराया। गौरतलब है कि बाइक चोरी होने पर जब सुरक्षाकर्मियों को इस बारे में सूचना दी तो उनका जवाब यह था कि यहां पर तो आए दिन चोरी होती रहती हैं। सुरक्षा कर्मियों का कहना है कि महिला एवं बाल विकास विभाग के इंटीग्रेटेड चाइल्ड डेवेल्पमेंट सर्विसेज के अधिकारी तक की बाइक चोरी हो चुकी है। बाहर नहीं यहां अंदर परिसर में से ही बाइक चोरी हो जाती हैं।

## घर में की थी चोरी दो गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली के शाहदरा जिला पुलिस के जगतपुरी थाने की टीम ने घर में चोरी करने वाले दो चोरों को गिरफ्तार किया है।पुलिस में उनके पास से तीन चोरी के मोबाइल फोन और 2,200/- रुपये नकद बरामद किए है। दिल्ली के शाहदरा जिला पुलिस उपायुक्त प्रशांत गौतम ने बताया कि ऑटो-लिफ्टिंग, जेबकतरों, छीनने और डकैती आदि जैसे स्ट्रीट क्राइम के मामलों को रोकने के लिए, बीट और पेट्रोलिंग स्टाफ को नियमित रूप से रोको-टोको रणनीति अपनाने के लिए ब्रीफ किया जा रहा था। इसी बीच 21-जनवरी की रात को पेट्रोलिंग के दौरान हेड कांस्टेबल अंकित और एएसआई विनय ने एक संदिग्ध को रोका और उसके घूमने के बारे में पूछताछ की। हालांकि, उक्त व्यक्ति ने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। इसलिए, उस व्यक्ति की तलाशी ली गई और दो मोबाइल फोन मिले।

# मेवा इंडिया 2026 ड्राई फ्रूट उद्योग को लाया एक मंच पर

**नई दिल्ली।** भारत के मेवा और ड्राई फ्रूट सेक्टर को वैश्विक मंच पर और मजबूती देने की दिशा में MEWA India 2026 का तीसरा संस्करण 23 जनवरी को नई दिल्ली में शुरू हुआ। यह तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय ट्रेड शो 23 से 25 जनवरी तक द्वारका स्थित यशोभूमि में आयोजित किया जा रहा है।

आयोजन का मकसद भारत को वैश्विक मेवा और ड्राई फ्रूट वैल्यू चेन से जोड़ना और घरेलू उद्योग को अंतरराष्ट्रीय बाजारों के लिए तैयार करना है। नट्स एंड ड्राई फ्रूट्स काउंसिल (इंडिया) द्वारा आयोजित इस मेले में देश-विदेश से 10,000 से ज्यादा बिजनेस विजिटर हिस्सा ले रहे हैं। प्रदर्शनी में 300 से अधिक प्रदर्शक शामिल हैं, जबकि 30 से ज्यादा देशों की भागीदारी दर्ज की गई है।

NDFC(I) के सीईओ कर्नल नितिन सहगल, वीएसएम (वेटरन) ने कहा कि परिषद किसानों, किसान उत्पादक संगठनों (FPOs) और राज्य स्तरीय संस्थानों के साथ मिलकर प्री और पोस्ट-हार्वेस्ट प्रक्रियाओं को बेहतर बनाने और मार्केट एक्सेस बढ़ाने पर काम कर रही है। NDFC(I)-सचिव, दीपक अग्रवाल ने कहा कि भारत अब सिर्फ एक बड़ा उपभोक्ता बाजार नहीं रहा, बल्कि प्रोसेसिंग, पैकेजिंग, वैल्यू एडिशन और वैश्विक व्यापार के एक उभरते हब के रूप में भी सामने आ रहा है।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्सः 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं





फैसल कुरैशी

भाई मेहरबान
अध्यक्षः भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

# 75 जनपदों में ब्लैक आउट मॉडल का किया गया आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश दिवस एवं नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी की जन्म तिथि के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर पूरे उत्तर प्रदेश के 75 जनपदों में नागरिक सुरक्षा विभाग के निर्देशन में ब्लैक आउट मॉडल का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न संस्थानों जैसे एनडीआरएफ एसडीआरएफ अग्निशमन विभाग स्वास्थ्य विभाग के साथ मिलकर सिविल डिफेंस के द्वारा ब्लैक आउट मॉडल को सफलतापूर्वक आयुर्वेद किया गया।



इसमें ब्लैक आउट के समय क्या-क्या कार्य किए जाते हैं और क्या-क्या नहीं किए जाते हैं उसको प्रदर्शित किया गया जैसे कोई देश किसी देश पर हमला करता है तो आपातकालीन दृष्टि के अंतर्गत ब्रेक आउट किया जाता है और ब्लैक आउट में खतरे का संकेत होने पर पहले सायरन ऊंची नीची आवाज में 2 मिनट तक बजाया जाता है तथा उसके 2 मिनट के बाद ऑल आउट क्लियर का मैसेज देने के लिए 2 मिनट तक लगातार एक आवाज में निरंतर सायरन बजाया जाता है उसके बाद में बचाव एवं राहत की टाइम निकालकर अपना-अपना कार्य प्रारंभ कर देती है।

इसी दौरान आज स्थानीय लैंड क्राफ्ट गोल्फ फिल्म सोसायटी गाजियाबाद में जिला प्रशासन के सानिध्य में सिविल डिफेंस के द्वारा मॉक डील का आयोजन ब्लैक आउट मॉडल का आयोजन किया गया इंडिया की टीम द्वारा प्रतिभा एनडीआरएफ की टीम द्वारा रश्मि कुमारी के नेतृत्व में प्रतिभा किया गया स्मोकिंग में बड़ी आग को बुझाने के लिए अग्निशमन विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा प्रतिभा किया गया इसमें चिकित्सा विभाग की टीम भी मौके पर मौजूद थी जिसमें एंबुलेंस और डॉक्टर की टीम भी उपस्थित थी सिविल डिफेंस की टीमों का नेतृत्व गुलाम नबी सहायक नित्रक वरिष्ठ वेतनमान एवं नेम सिंह सहायक उप नियंत्रक द्वारा किया गया।

यह मॉक ड्रिल सफलतापूर्वक संपन्न हुई तथा उपस्थित जनमानस एवं अपर जिलाधिकारी नगर महोदय द्वारा इस मॉडल की प्रशंसा की गई इस मॉक ड्रिल के आयोजन में ललित जायसवाल के वार्डन नागरिक शिक्षा गाजियाबाद का महत्वपूर्ण योगदान रहा। मॉक ड्रिल में नागरिक सुरक्षा के गाजियाबाद के समस्त वर्णों का सराहनीय सहयोग रहा। जिनमें विशेष रूप से दीपक अग्रवाल संजय गोयल तुषार शर्मा सुधीर कुमार डिवीजनल वार्डन संध्या त्यागी मंजू गर्ग एक जैन एक ठाकुर हर्ष वर्मा दिव्यांशु सिंघल कपिल त्यागी सुनील चौधरी आदि का विशेष सहयोग रहा।

# मां सरस्वती पूजन समारोह का किया गया आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** नवयुवक भोजपुरी विकास समिति विजय नगर प्रताप विहार द्वारा माँ सरस्वती पूजन समारोह का आयोजन किया गया। माँ सरस्वती पूजन समारोह में मुख्य अतिथि परिवहन कैबिनेट मंत्री दयाशंकर सिंह, विधायक संजीव शर्मा व वार्ड 55 के पार्षद संतोष राणा सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# सीमा कसाना अपने गांव के जरूरत मंद लोगों की मदद के लिया हमेशा रहती तैयार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** आज मैं आपको एक ऐसी कर्मठ और जुझारू शख्सियत से रू-बरू करा रहा हूँ, जिनके कार्यों की पहचान आज पूरे गाँव और क्षेत्र में है। हम बात कर रहे हैं ग्राम भूपखेड़ी की सम्मानित सीमा कसाना की, जो समाज के हर छोटे-बड़े कार्य में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेती हैं।



सीमा कसाना हमेशा गाँव और क्षेत्र के लोगों के सुख-दुख में उनके साथ खड़ी रही हैं। गरीब, असहाय और जरूरतमंद लोगों की आवाज बनकर उन्होंने गाँव की समस्याओं को प्रशासन और सरकार तक पहुँचाया और उनका त्वरित समाधान कराने का निरंतर प्रयास किया। गाँव में आवास से जुड़े कार्य, नालियों की सफाई, स्वच्छता, और जनसमस्याओं के समाधान जैसे अनेक विकास कार्यों में उनकी सक्रिय भूमिका रही है। वह केवल एक जननेता ही नहीं, बल्कि हर महिला और समाज की हर बेटी के लिए प्रेरणा स्रोत हैं।

उनकी कार्यशैली, ईमानदारी और सेवा-भाव ने उन्हें गाँव की एक मजबूत और भरोसेमंद पहचान दिलाई है। आज सीमा कसाना पूरे आत्मविश्वास और जनसमर्थन के साथ आगामी प्रधान पद के चुनाव की तैयारी कर रही हैं, ताकि ग्राम भूपखेड़ी को विकास, सम्मान और सशक्त नेतृत्व की नई दिशा दी जा सके।

# जर्जर सड़क से हजारों विद्यार्थी व कई कॉलोनीवासी असुरक्षा के घेरे में

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** हापुड़ फाटक से हनुमानपुरी को जोड़ने वाला मार्ग इन दिनों बदहाली की मिसाल बना हुआ है। सड़क पर बने गड्ढों के अलावा नाल की ओर की सड़क कटाव के कारण यह सड़क न केवल यातायात को बाधित कर रही है, बल्कि क्षेत्र में जनसुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बन चुकी है। हालात ऐसे हैं कि पैदल चलना तो दूर, दोपहिया और चारपहिया वाहन चालकों के लिए भी इस मार्ग से गुजरना जोखिम भरा हो गया है।



बता दें कि इसी मार्ग पर डॉ केएन मोदी विश्वविद्यालय, डॉ केएन मोदी ग्लोबल स्कूल व दयावती मोदी पब्लिक स्कूल जैसे बड़े शिक्षण संस्थान स्थित है। जिसमें प्रतिदिन हजारों छात्र-छात्राओं का आवागमन होता है। इसके अलावा स्कूल के शिक्षक शिक्षिकाएं, कर्मचारी एवं अभिभावकों के अलावा हनुमान पुरी मोहल्ला वासी भी आवागमन हेतु इसी मार्ग पर निर्भर है। और इस बदहाल मार्ग से गुजरने वालों पर खतरे की आशंका बनी रहती है।

इसके बावजूद सड़क की स्थिति लंबे समय से उपेक्षा का शिकार बनी हुई है। स्थानीय लोगों के अनुसार सड़क किनारे खुले नाले, जलनिकासी की व्यवस्था का अभाव और बरसात के दौरान जलभराव स्थिति को और भयावह बना देता है।

कई बार छोटे वाहन फिसल चुके हैं, जबकि स्कूली बच्चों को सड़क के बीच से गुजरने के लिए मजबूर होना पड़ता है। हैरानी की बात यह है कि शिक्षण संस्थानों की इतनी अधिक आवाजाही के बावजूद सड़क सुरक्षा को लेकर कोई स्थायी व्यवस्था नजर नहीं आती।

क्षेत्रवासियों का कहना है कि यह समस्या अब केवल असुविधा तक सीमित नहीं रही, बल्कि किसी बड़े हादसे की आशंका लगातार बनी हुई है। सवाल यह है कि क्या प्रशासन किसी दुर्घटना के बाद ही सक्रिय होगा, या फिर समय रहते हालात को संभालने की जिम्मेदारी निभाई जाएगी।

शहर के प्रमुख शैक्षणिक संस्थानों को जोड़ने वाला यह मार्ग प्रशासनिक प्राथमिकताओं में क्यों शामिल नहीं है, यह सवाल अब आमजन के बीच चर्चा का विषय बन चुका है।

नागरिकों का मानना है कि यदि जल्द ही सड़क की स्थिति में सुधार नहीं हुआ, तो इसके दुष्परिणाम सीधे तौर पर बच्चों और आम लोगों को भुगतने पड़ेंगे।

# टीआरएम स्कूल में धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** शनिवार को तुलस. ीराम माहेश्वरी पब्लिक स्कूल, मोदीनगर में गणतंत्र दिवस बड़े ही हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों की आकर्षक प्रस्तुतियाँ दी गईं। कार्यक्रम के दौरान रंगारंग नृत्य, प्रेरणादायी भाषण, तथा देशभक्ति गीत "वंदे मातरम्" का सामूहिक गायन प्रस्तुत किया गया, जिससे सम्पूर्ण वातावरण देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत हो गया।



इसी क्रम में इस अवसर पर उत्तर प्रदेश दिवस भी मनाया गया। विद्यार्थियों द्वारा उत्तर प्रदेश की संस्कृति, भाषा एवं विकास यात्रा पर आधारित प्रस्तुतियाँ दी गईं। प्रदेश के सर्वांगीण विकास से संबंधित जागरूकता कार्यक्रम, नारे एवं शपथ के माध्यम से विद्यार्थियों ने अपने विचार प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किए। साथ ही अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के संदेश को ध्यान में रखते हुए बालिका शिक्षा, सम्मान, सुरक्षा एवं सशक्तिकरण से संबंधित जागरूकता भी प्रस्तुतियों के माध्यम से प्रदर्शित की गई। साथ ही, कार्यालय जिला विद्यालय निरीक्षक, गाजियाबाद से प्राप्त निर्देशों के क्रम में राष्ट्रीय मतदाता दिवस (25 जनवरी 2026) के उपलक्ष्य में भी विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए। विद्यार्थियों को मतदान के महत्व, लोकतंत्र में नागरिक की भूमिका तथा जागरूक मतदाता बनने के लिए प्रेरित किया गया।

इस अवसर पर गौरव माहेश्वरी एवं राधिका माहेश्वरी जी ने विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता की सराहना करते हुए कार्यक्रम को प्रेरणादायक बताया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की प्रधानाचार्या रजनी ओहरी ने विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत सभी कार्यक्रमों की प्रशंसा की तथा विद्यार्थियों को देश के विकास में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने, लोकतांत्रिक मूल्यों को आत्मसात करने एवं एक जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के समस्त अध्यापक-अध्यापिकाओं का विशेष योगदान रहा। उनके मार्गदर्शन एवं सहयोग से यह आयोजन पूर्ण रूप से सफल रहा।

# आईटीएस कालेज में हर्षोल्लास से मनाया गया उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस



**कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को उत्तर प्रदेश के गठन, उसकी ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, सांस्कृतिक विरासत एवं सामाजिक महत्व से अवगत कराना था**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुरादनगर।** उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर आईटीएस फिजियोथेरेपी कॉलेज के विद्यार्थियों ने 24 जनवरी, 226 को रंगोली प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता व पोस्टर प्रस्तुति जैसी विभिन्न गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को उत्तर प्रदेश के गठन, उसकी ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, सांस्कृतिक विरासत एवं सामाजिक महत्व से अवगत कराना था। विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से छात्रों में प्रदेश के प्रति गर्व, जागरूकता एवं जिम्मेदारी की भावना विकसित की गई।

कार्यक्रम के दौरान संस्थान के माननीय चेयरमैन डॉ आरपी चड्ढा ने बड़े ही गर्व और खुशी के साथ स्थापना दिवस मनाते हुए उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस 24 जनवरी को मनाया जाता है 195 में इसी दिन उत्तर प्रदेश अस्तित्व में आया था। जो संस्कृति इतिहास प्रगति की एक शानदार यात्रा की शुरुआत हुई थी।

वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा ने अपने संदेश में कहा कि उत्तर प्रदेश सिर्फ एक राज्य ही नहीं बल्कि यह भारत की सभ्यता का दिल है यह गंगा यमुना, और सरस्वती के पवित्र किनारों से लेकर अयोध्या, वाराणसी, मथुरा, आगरा, और प्रयागराज जैसे ऐतिहासिक शहरों तक हमारी धरती हजारों सालों से विरासत को समेटे हुए है।

यह रामायण और महाभारत जैसे महान महाकाव्यों की जन्मभूमि है। और आध्यात्मिक ज्ञान और भक्ति का केंद्र है। इस अवसर पर संस्थान के प्रधानाचार्य डॉ एम थंगराज एवं मुख्य प्रशासक जितेन्द्र सेहरावत ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए अपने संबोधन में उन्होंने उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस के महत्व, राज्य की विकास यात्रा एवं युवाओं की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को अपने प्रदेश के विकास में सक्रिय योगदान देने के लिये प्रेरित किया।

कार्यक्रम की सफलता में संस्थान के चेयरमैन डॉ आरपी चड्ढा एवं वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा का बहुत ही महत्वपूर्ण योगदान रहा, उनके निरंतर मार्गदर्शन एवं प्रोत्साहन से विद्यार्थियों को ऐसे शैक्षिक एवं सांस्कृतिक मंच प्राप्त होते रहते है। संस्थान परिवार उनके प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करता है।

# सपाइयों द्वारा मनाई गई स्व. कर्पूरी ठाकुर जी की पुण्यतिथि




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** सपाइयों द्वारा स्व. कर्पूरी ठाकुर जी की पुण्यतिथि समाजवादी पार्टी कार्यालय पर जिलाध्यक्ष फैसल हुसैन एडवोकेट व महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र यादव एडवोकेट के नेतृत्व में मनाई गई।जननायक कर्पुरी ठाकुर जी का जन्म 24 जनवरी 1924 को हुआ वे भारत के स्वतंत्रता सेनानी, शिक्षक, राजनीतिज्ञ तथा बिहार राज्य के दूसरे उपमुख्यमंत्री और दो बार मुख्यमंत्री रहे।

उन्हें जन-नायक कहा जाता था। कर्पूरी ठाकुर का जन्म भारत में ब्रिटिश शासन काल के दौरान समस्तीपुर के एक गांव पितौंझिया मे हुआ, जिसे अब कर्पूरीग्राम कहा जाता है। भारत छोड़ो आन्दोलन के समय उन्होंने 26 महीने जेल में बिताए थे। लो. कनायक जयप्रकाश नारायण एवं समाजवादी चिंतक डॉ राम मनोहर लोहिया इनके राजनीतक गुरु थे।

आज उपस्थित लोगों में मुख रुप से जिला अध्यक्ष फैसल हुसैन एडवोकेट महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र यादव एडवोकेट महानगर महासचिव राजन कश्यप वरिष्ठ सपा नेता रमेश यादव एडवोकेट प्रदेश महासचिव महिला सभा मधु चौधरी जिला उपाध्यक्ष जित. ेंद्र यादव महानगर उपाध्यक्ष नरेश बत्रा दिनेश यादव एडवोकेट यूथ बिग्रेड जिला अध्यक्ष इरफान अमानत चौधरी लोहिया वाहिनी जिला अध्यक्ष असलम कुरैशी पिछड़ा वर्ग प्रदेश सचिव ताहिर हुसैन व्यापार सभा जिला अध्यक्ष अनिल चौधरी बाबा साहब वाहिनी जिला अध्यक्ष संदीप प्रधान रामपाल सिंह राजोरा फिरोज चौधरी महानगर सचिव साजिद सैफी महानगर सचिव नवीन कुमार शर्मा महानगर सचिव उमेश कश्यप वीरेंद्र वाल्मीकि सुभाष सिंह एडवोकेट पंकज गौतम राहुल रावत कार्यालय प्रभारी।

# बालिका दिवस पर स्वास्थ्य विभाग ने निकाली जागरूकता रैली

**गाजियाबाद।** राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य विभाग की ओर से बालिकाओं के अधिकार, शिक्षा और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए विशेष रैली का आयोजन किया गया। रैली में जिले के कई सरकारी व निजी स्कूलों की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। छात्राओं ने हाथों में तख्तियां लेकर बेटी बचाओख्रबेटी पढ़ाओ, स्वस्थ बालिका, सशक्त समाज जैसे संदेशों के माध्यम से समाज को जागरूक किया। रैली को मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ. अखिलेश मोहन ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बालिकाओं का स्वस्थ और सुरक्षित भविष्य ही समाज की प्रगति की आधारशिला है। सरकार द्वारा बालिकाओं के पोषण, टीकाकरण, शिक्षा और स्वास्थ्य से जुड़ी कई योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिनका लाभ हर पात्र परिवार तक पहुंचाना स्वास्थ्य विभाग की प्राथमिकता है।

# गणतंत्र दिवस को लेकर 15 ट्रेन प्रभावित रहेंगी

**गाजियाबाद।** गणतंत्र दिवस पर लाल किले पर आयोजित परेड के चलते सोमवार को गाजियाबाद-दिल्ली रेल मार्ग पर 15 ट्रेन का संच. ालन प्रभावित रहेगा। इसमें से कुछ ट्रेन का मार्ग परिवर्तित किया। वहीं, कुछ ट्रेन को गाजियाबाद रेलवे स्टेशन पर ही रोक दिया जाएगा। इससे रेल यात्रियों को कुछ समय के लिए परेशानी का सामना करना पड़ेगा। सीपीआरओ हिमांशु शेखर उपाध्याय ने बताया कि सुरक्षा के चलते सोमवार को सुबह नौ बजे से 11 बजे तक दिल्ली से गाजियाबाद आने जाने वाली कुल 15 ट्रेन प्रभावित रहेगी। इनमें 64903 दिल्ली-गाजियाबाद ईएमयू, 64315 अलीगढ़-दिल्ली ईएमयू, 64903 गाजियाबाद-मथुरा ईएमयू, 20441 सहारनपुर ईएमयू, 64404 और 64408 गाजियाबाद ईएमयू शामिल हैं।

## आईटीएस कॉलेज ऑफ फार्मेसी में किया गया

# इण्डस्ट्री एक्सपर्ट एवं एलुमनी लेक्चर का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** आई0टी0एस कॉलेज ऑफ फार्मेसी मुरादनगर में इंडस्ट्री एक्सपर्ट और एलुमनी गेस्ट लेक्चर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ आईटीएस-दी एजूकेशन ग्रुप के चेयरमैन डॉआरपीचढ्डा, वाईस चेयरमैन अर्पित चढ्डा, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी जितेन्द्र सेहरावत, संस्थान के निदेशक डॉएससदीश कुमार एवं अतिथिगण ऋषि सिंह सीनियर मैनेजर इंटरनेशनल बिजनेस बायोडिय्ल फार्मास्यूटिकल लिनोएडा, एवं पूर्व छात्रा मिसप्रो. मिला शरण - फाउंडर डेमिरा स्पिरिचुअल, कोच पीएसक्रिएटिव कॉन्टेन्टस, एडटैक सोल्यूशनस ने सरस्वती माँ के समक्ष दीप प्रज्वलन व सरस्वती वंदना के साथ किया।

कार्यक्रम में आये अतिथि ऋषि सिंह सीनियर मैनेजर इन्टरनेशनल बिजनेस बायोडिय्ल फार्मास्यूटिकल ने छात्रों को फार्मेसी के विभिन्न व्यावसायिक क्षेत्र के बारे में अवगत कराया और छात्रों को अपना कौशल विकास करने एवं आधुनिक तकनीकियों से जुड़ने की सलाह दी। साथ ही साथ राष्ट्रीय स्तर के अलावा छात्र अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी भविष्य में अपने लिए कैसे और क्या-क्या व्यवसाय प्राप्त कर सकते हैं के संबंध में अपना अनुभव साझा किया और छात्रों को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।



आईटीएस कॉलेज ऑफ फार्मेसी की पूर्व छात्रा मिसप्रो. मिला शरण - फाउंडर डेमिरा स्पिरिचुअल कोच पी एसक्रिएटिव कॉन्टेन्टस, एडटैक सोल्यूशनस ने छात्रों को अपनी शिक्षा एवं कैरियर यात्रा को भावनात्मक रूप से बताते हुए छात्रों को उनके भविष्य के लिए तनाव मुक्त रहने और लगातार नई चीजें जैसे डाटा एनालिसिस, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, संचार कौशल पर निरंतर कार्य करने की सलाह दी। इस कार्यक्रम के दौरान डॉआरपीचढ्डा, चेयरमैन, आईटीएस-दी एजूकेशन ग्रुप ने कहा कि इस सत्र का उद्देश्य छात्रों को यह प्रेरित करना है कि वे अपने शैक्षिक गतिविधियों को उद्योग की आवश्यकताओं से तालमेल बैठाएं, उभरते रुझानों के साथ आधुनिक और रोजगार के लिये तैयार फार्मासिस्ट बनने के लिये आवश्यक व्यावसायिकता विकसित करें। इस अवसर पर श्री अर्पित चढ्डा, वाईस चेयरमैन, आईटीएस - दी एजूकेशन ग्रुप ने कहा कि ये सत्र छात्रों के भविष्य में उन्नति के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करने व छात्रों के मार्गदर्शन के लिये आयोजित किया गया है। कार्यक्रम की शोभा बढाते हुए श्री जितेन्द्र सेहरावत, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी ने छात्रों को संस्थान की सुसज्जित व्यवस्था एवं आधुनिक उपकरणों के बारे में अवगत कराते हुए छात्रों के आने वाले भविष्य में सफलता पाने के लिये जोर दिया।

संस्थान के निदेशक डॉएससदीश कुमार ने छात्रों से कहा कि यह सत्र छात्रों के व्यक्तिगत विकास व कौशल में सहायक है। कार्यक्रम के अन्त में मिसनिधि शर्मा ने कॉलेज प्रबंधन, अतिथि गण, कार्यक्रम आयोजक - संचालक सहित अध्यापकों एवं छात्रों का धन्यवाद किया। इस सत्र ने समुदाय की भावना को बढावा दिया और छात्रों की उत्कृष्टता और प्रयास के लिये प्रोत्साहित किया। इस कार्यक्रम के संचालन शिक्षक गण डॉसागरिका माझी, मिससाक्षी चौहान व मिसमनीष कुमार ने किया।

# 11 लग्जरी कार के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दक्षिण-पूर्व जिला पुलिस की एंटी-ऑटो-थेफ्ट स्क्वॉड ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए अंतरराज्यीय वाहन चोरी सिंडिकेट का पर्दाफाश करते हुए दो कुख्यात अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई के साथ दिल्ली, उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र के विभिन्न हिस्सों से चोरी की गई कुल 11 लग्जरी कार बरामद की गई हैं, जिन्हें फर्जी दस्तावेजों के जरिए दोबारा रजिस्टर कर बेचा जा रहा था।

इस मामले की शुरुआत 28 दिसंबर 2025 को हुई, जब थाना जामिया नगर में ई- एफआईआर संख्या 034942/2025 धारा 305 (बी) बीएनएस के तहत दर्ज की गई। शिकायतकर्ता ने बताया कि उसकी मारुति एस-प्रेसो कार 27 और 28 दिसंबर की दरम्यानी रात जामिया नगर इलाके से चोरी हो गई थी। शुरुआती जांच में ही पुलिस को इस चोरी के पीछे किसी संगठित गिरोह की आशंका हुई, जिसके बाद मामले की जांच एएटीए दक्षिण-पूर्व जिला को सौंपी गई। 01 जनवरी को एसआई जितेंद्र और हेड कांस्टेबल शेर सिंह को एक विश्वसनीय गुप्त सूचना मिली कि उत्तर प्रदेश, मुंबई, पुणे और महाराष्ट्र के अन्य इलाकों में सक्रिय चोरी के वाहनों का एक बड़ा रिसीवर कई लग्जरी गाड़ियां अपने कब्जे में रखे हुए है और इस केस से जुड़ी चोरी की गई एस-प्रेसो कार भी उसी के पास है। तकनीकी निगरानी और मुखबिर तंत्र की मदद से इस सूचना को पुख्ता किया गया। इसके बाद निरीक्षक अजय दलाल की निगरानी और एसीपी ऑप्स/एसईडी रतन लाल के मार्गदर्शन में एक विशेष टीम गठित की गई।

टीम ने ठोस इनपुट के आधार पर मुंबई के बांद्रा इलाके से कुणाल सुभाष जायसवाल नामक आरोपी को गिरफ्तार किया। उसकी गिरफ्तारी के साथ दिल्ली से चोरी की गई एक हुंडई क्रेटा कार बरामद की गई और आरोपी को पुलिस रिमांड पर लिया गया। पूछताछ के दौरान मिले इनपुट के आधार पर 3 जनवरी को टीम का एक हिस्सा मुंबई के धारावी इलाके पहुंचा, जहां सेकेंड हैंड कारों की खरीद-फरोख्त का कारोबार करने वाले 25 वर्षीय मोहम्मद अमान को गिरफ्तार किया गया। उसके कब्जे से भी एक चोरी की गई क्रेटा कार बरामद हुई, जो दिल्ली से चोरी होना पुष्टि हुई। जांच में सामने आया कि गिरफ्तार आरोपी कुणाल एक संगठित अंतरराज्यीय वाहन चोरी और धोखाधड़ी सिंडिकेट का मास्टरमाइंड है। वह चोरी की गई, लोन डिफॉल्ट और दुर्घटनाग्रस्त (टोटल लॉस) गाड़ियों को हासिल कर उनके चेसिस नंबर से छेड़छाड़ करता था। वाहनों के चेसिस नंबर का दुरुपयोग कर फर्जी सेल लेटर और नकली बैंक एनओसी के आधार पर इन गाड़ियों का दोबारा पंजीकरण कराया जाता था। इसके बाद इन गाड़ियों को सस्ते दामों पर भोले-भाले ग्राहकों को बेच दिया जाता था।

पूछताछ में कुणाल ने खुलासा किया कि उसने कई चोरी की गाड़ियां फर्जी रजिस्ट्रेशन के साथ पुणे निवासी दर्शन, मुंबई निवासी अमान, कोल्हापुर निवासी नीम और जालना निवासी शेख काशिफ को बेची थीं। उसने यह भी बताया कि वाहन चोरी का काम बुलंदशहर निवासी काशिफ और हसन करते थे, जिनमें से हसन फिलहाल उत्तर प्रदेश की जेल में बंद है। जांच के दौरान आरोपियों की निशानदेही पर महाराष्ट्र के पुणे, कोल्हापुर और जालना से कई चोरी की गई गाड़ियां बरामद की गईं। सत्यापन में पाया गया कि इन सभी वाहनों के चेसिस नंबर से छेड़छाड़ की गई थी और इन्हें फर्जी व कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर रजिस्टर कराया गया था, ताकि इनके चोरी होने की पहचान छुपाई जा सके। 20 जनवरी 2026 को इस गिरोह के मुख्य वाहन चोर काशिफ, निवासी बुलंदशहर (उत्तर प्रदेश), को भी गिरफ्तार कर लिया गया। उसकी निशानदेही पर एक चोरी की गई मारुति वैगन-आर कार बरामद की गई। फिलहाल इस केस में कुल 11 चोरी की गई और धोखाधड़ी से रजिस्टर की गई गाड़ियों की बरामदगी हो चुकी है।

पुलिस का कहना है कि गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश जारी है और आगे और भी गाड़ियों की बरामदगी की संभावना है। जांच में यह भी सामने आया है कि यह सिंडिकेट बेहद सुनियोजित तरीके से काम करता था। दिल्ली से चोरी की गई गाड़ियों को महाराष्ट्र ले जाया जाता था, जहां उनके मूल चेसिस नंबर बदल दिए जाते थे। बीमा कंपनियों से हासिल किए गए दस्तावेजों और फर्जी कागजात के जरिए इन वाहनों को वैध दिखाकर बाजार में उतारा जाता था।गिरफ्तार आरोपी कुणाल सुभाष जायसवाल (23) मुंबई का रहने वाला है और ग्रेजुएट है। वह इससे पहले भी क्राइम ब्रांच के एक गंभीर मामले में शामिल रह चुका है। वहीं, बुलंदशहर निवासी काशिफ पर पहले से ही वाहन चोरी, एटीएम लूट और अन्य आपराधिक मामलों में कई मुकदमे दर्ज हैं।

# गणतंत्र दिवस समारोह पर 25-26 को आम जनता के लिए खुलेगी विधानसभा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर दिल्ली विधान सभा परिसर को 25 एवं 26 जनवरी 2026 को आम जनता के लिए सायं 5 बजे से रात्रि 8 बजे तक खोला जाएगा। इस अवसर पर नागरिक 115 वर्ष पुराने ऐतिहासिक विधानसभा परिसर का भ्रमण कर सकेंगे तथा उन्हें विधानसभा परिसर के महत्वपूर्ण विरासत स्थलों के बारे में भी जानकारी मिल पाएगी। गणतंत्र दिवस समारोह के अंतर्गत दोनों दिनों में एक प्रसिद्ध बैंड द्वारा देशभक्ति धुनों की जोशीली प्रस्तुति दी जाएगी, जिसके साथ साहित्य कला परिषद द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए जाएंगे। सायंकाल के समय विधानसभा परिसर को विशेष रूप से तिरंगे की लाइटिंग से सजाया जाएगा, जिससे आगंतुक उत्सवपूर्ण और देशभक्ति से परिपूर्ण वातावरण को महसूस कर सकेंगे स दिल्ली विधान सभा के अध्यक्ष विजेन्द्र गुप्ता ने दिल्लीवासियों से 25 एवं 26 जनवरी को ऐतिहासिक दिल्ली विधान सभा में आकर सच्चे देशभक्ति भाव के साथ गणतंत्र दिवस मनाने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस भारत की संवैधानिक एवं लोकतांत्रिक आदर्शों की गौरवपूर्ण यात्रा को स्मरण कराता है तथा इस अवसर पर विधानसभा का भ्रमण नागरिकों को राष्ट्र के मूल्यों एवं विरासत से और अधिक गहराई से जोड़ने का अवसर प्रदान करेगा। दिल्ली विधान सभा सचिवालय ने जानकारी दी कि नागरिकों को गणतंत्र दिवस समारोह को प्रत्यक्ष रूप से देखने, ऐतिहासिक दिल्ली विधान सभा परिसर की भव्यता और गरिमा का अनुभव करने, उसकी स्थापत्य विरासत को जानने तथा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली के लोकतांत्रिक शासन में उसकी महत्वपूर्ण भूमिका को समझने का अवसर मिलेगा। देशभक्ति प्रस्तुतियाँ राष्ट्र के प्रति गर्व, एकता एवं सम्मान की भावना को जागृत करेंगी। इसके साथ ही साहित्य कला परिषद द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम भारत की समृद्ध कलात्मक विरासत को उजागर करेंगे और दर्शकों को देश की विविध परंपराओं एवं साझा सांस्कृतिक पहचान से जोड़ने के लिए प्रेरित करेंगे। ये सभी प्रस्तुतियाँ मिलकर उपस्थित जनसमूह में राष्ट्रीय गौरव एवं सांस्कृतिक सौहार्द को सुदृढ़ करेंगी।गणतंत्र दिवस के अवसर पर विधानसभा परिसर में प्रवेश के लिए किसी प्रकार के पूर्व पंजीकरण की आवश्यकता नहीं होगी।

# अंसल के पासपोर्ट मामले में पटियाला हाउस कोर्ट ने आरोप तय किए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** पटियाला हाउस कोर्ट ने उपहार सिनेमा अग्निकांड के दोषी और रियल एस्टेट कारोबारी सुशील अंसल के खिलाफ पासपोर्ट नवीनीकरण मामले में आरोप तय कर दिए हैं। कोर्ट ने पाया कि उन्होंने पासपोर्ट आवेदन में गलत जानकारी दी और अपने आपराधिक इतिहास को छिपाया था।

सुशील अंसल ने कोर्ट के सामने आरोपों को स्वीकार करने से इनकार कर दिया है। अब उनके खिलाफ ट्रायल चलेगा। कोर्ट ने 13 जनवरी 2026 को औपचारिक रूप से आरोप तय करने और ट्रायल की अगली तारीख के लिए मामले को सूचीबद्ध किया है। कोर्ट ने सुशील अंसल पर भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 420 (धोखाधड़ी), 177 (झूठी सूचना देना), 181 (सरकारी अधिकारी को झूठा बयान देना) और पासपोर्ट एक्ट की धारा 12 (झूठी जानकारी देकर पासपोर्ट प्राप्त करना) के तहत आरोप लगाए हैं। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने 2019 में यह मामला दर्ज किया था। आरोप है कि सुशील अंसल ने 2000, 2004 और 2013 में पासपोर्ट बनवाते या नवीनीकरण करवाते समय उपहार अग्निकांड में अपनी सजा और अन्य लंबित आपराधिक मामलों की जानकारी छिपाई।यह मामला 1997 के उपहार सिनेमा अग्निकांड से जुड़ा है, जिसमें 59 लोगों की मौत हो गई थी। इस हादसे में शिकायतकर्ता नीलम कृष्णमूर्ति के दो बच्चे भी शामिल थे।



**गणतंत्र दिवस के अवसर पर निगम प्राथमिक विद्यालय, अशोक विहार में ध्वजारोहण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने ध्वजारोहण किया।**

# निगम विद्यालय में ध्वजारोहण समारोह

**■ किसी भी समाज की मजबूत नींव शिक्षा, संस्कार व अनुशासन से बनती है: महापौर**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर दिल्ली नगर निगम के प्राथमिक विद्यालय, ई-ब्लॉक, अशोक विहार फेज-1 में भव्य ध्वजारोहण समारोह का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर दिल्ली के महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने ध्वजारोहण किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्रीय निगम पार्षद एवं दिल्ली नगर निगम की शिक्षा समिति के अध्यक्ष योगेश वर्मा ने की। इस अवसर पर उपस्थित विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों को संबोधित करते हुए माननीय महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने कहा कि दिल्ली नगर निगम के सभी प्राइमरी स्कूलों के बच्चे अत्यंत प्रतिभावान हैं और निगम के स्कूल शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर अच्छा कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली नगर निगम अपने स्कूलों में आधुनिक शिक्षा पद्धतियों को अपनाते हुए शिक्षा के स्तर को लगातार सुधार रहा है। स्कूलों में स्मार्ट बोर्ड जैसी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं, जिससे बच्चों को बेहतर और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके।

महापौर ने इस अवसर पर एक महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए कहा कि जिस प्रकार पीएम स्कूल एवं दिल्ली सरकार के सीएम स्कूल संचालित किए जा रहे हैं, उसी तर्ज पर अब दिल्ली नगर निगम भी "निगम स्कूल" का निर्माण करेगा। प्रारंभिक चरण में प्रत्येक जोन में दो-दो निगम श्री स्कूल बनाए जाएंगे, जिनमें प्रतिभावान विद्यार्थियों को प्रवेश दिया जाएगा।

इन स्कूलों में विशेष रूप से बच्चों की प्रतिभा को निखारने और उन्हें भविष्य के लिए तैयार करने पर ध्यान दिया जाएगा। महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने अपने संबोधन में आगे कहा कि किसी भी समाज की मजबूत नींव शिक्षा, संस्कार और अनुशासन से बनती है। उन्होंने शिक्षकों की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षक ही राष्ट्र निर्माण के सच्चे शिल्पकार हैं, जो बच्चों को सही दिशा और संस्कार देते हैं। उन्होंने अभिभावकों से भी आह्वान किया कि वे बच्चों की शिक्षा में विद्यालय के साथ निरंतर सहयोग करें तथा संविधान में निहित मूल्योंख्रसमता, बंधुत्व और न्यायख्र को अपने जीवन में अपनाने के लिए बच्चों को प्रेरित करें।

महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर सभी देशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हम सभी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी एवं दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के मार्गदर्शन में शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर आगे बढ़ते रहेंगे और दिल्ली नगर निगम के स्कूलों का स्तर और अधिक ऊँचा करेंगे।

उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि शहर को साफ व स्वच्छ रखने में निगम का सहयोग करे, खुले में कूड़ा न जलाए, सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करे।

# डिजिटल अरेस्ट कर 15 करोड़ ठगने के मामले में 8 गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली : दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने डिजिटल अरेस्ट करके बुजुर्गों को डराकर करोड़ों की ठगी करने के मामले में उत्तर प्रदेश, गुजरात और ओडिशा से आठ आरोपितों को गिरफ्तार किया है।

इंटेलिजेंस फ्यूजन एंड स्ट्रेटेजिक ऑपरेशंस के पुलिस उपायुक्त विनित कुमार ने शनिवार को बताया कि यह गिरोह कंबोडिया और नेपाल से संचालित हो रहा था। पकड़े गए आरोपितों की पहचान पटेल दिव्यांग (30), शितोले कृतिक (26), अरुण कुमार तिवारी (45), महावीर शर्मा उर्फ नील (27), प्रद्युम्न तिवारी, अंकित मिश्रा, भूपेंद्र कुमार मिश्रा और आदेश कुमार सिंह (36) के रूप में हुयी है।

उन्होंने बताया कि 77 वर्षीय पीड़िता को 24 दिसंबर 2025 को एक फोन कॉल आया, जिसमें बताया गया कि उनके नाम से जारी सिम कार्ड मनी लॉन्ड्रिंग मामले में शामिल है। इसके बाद उन्हें व्हाट्सएप वीडियो कॉल पर फर्जी सीबीआई और पुलिस अधिकारी बनकर दिखाया गया और जाली गिरफ्तारी वारंट के जरिए डराया गया। आरोपितों ने व्हाट्सएप पर फर्जी कोर्ट की कार्यवाही तक करवाई और पीड़िता एवं उनके पति को लगातार वीडियो कॉल पर निगरानी में रखा। दंपति से कहा गया कि वे अपनी सभी जमा पूंजी, एफडी और शेयर निवेश की राशि तथाकथित 'आरबीआई अनिवार्य खाते' में जांच के लिए ट्रांसफर करें। ठगों ने भरोसा दिलाया कि जांच पूरी होते ही पूरी रकम वापस कर दी जाएगी। इस झांसे में आकर पीड़िता ने आठ अलग-अलग लेन-देन में कुल 14 करोड़ 84 लाख 26 हजार 954 रुपये ट्रांसफर कर दिए। मामले की शिकायत पर 10 जनवरी 2026 को स्पेशल सेल, इएफएसओ थाना में संबंधित धाराओं में ई-एफआईआर दर्ज की गई। इसके बाद इएफएसओ की टीम ने डिजिटल फुटप्रिंट, बैंक खातों और तकनीकी साक्ष्यों का विश्लेषण कर देश के अलग-अलग हिस्सों में एक साथ छापेमारी की।

# केवाईसी अपडेट के नाम पर करोड़ों की ठगी, 4 दबोचे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।**दिल्ली के साउथ-वेस्ट जिले की साइबर पुलिस ने एक बड़ी और संगठित मल्टी-स्टेट साइबर ठगी गैंग का पर्दाफाश कर चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह गिरोह झारखंड के जामताड़ा-धनबाद इलाके और पश्चिम बंगाल से ऑपरेट कर रहा था और खुद को बैंक अधिकारी बताकर लोगों को केवाईसी अपडेट के नाम पर ठग रहा था।

गिरफ्तार किए गए आरोपियों के नाम शिव कुमार रविदास (22), संजय रविदास (33), दिनेश रविदास (29) और शुभम कुमार बरनवाल (25) हैं। जांच में सामने आया है कि ये चारों मिलकर एक सुनियोजित तरीके से लोगों को अपने जाल में फंसाते थे। ये आरोपी खुद को बैंक, खासतौर पर एक्सिस बैंक का अधिकारी बताकर फोन कॉल और व्हाट्सएप मैसेज करते थे और केवाईसी अपडेट नहीं होने पर अकाउंट बंद होने या कार्ड ब्लॉक होने का डर दिखाते थे।

सागरपुर की रहने वाली ए. अहमद ने साइबर थाने में शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि 13 दिसंबर 2025 को उन्हें कुछ अनजान नंबरों से कॉल और व्हाट्सएप मैसेज आए, जिनमें खुद को बैंक अधिकारी बताया गया। आरोपियों ने जल्द केवाईसी अपडेट करने का दबाव बनाया और एक लिंक भेजा। जैसे ही पीड़िता ने उस लिंक पर क्लिक किया और एपीके फाइल इंस्टॉल की, उनका मोबाइल पूरी तरह से हैक हो गया। इसके बाद 15 दिसंबर 2025 को पीड़िता को एसएमएस अलर्ट मिले कि उनके एक्सिस बैंक क्रेडिट कार्ड पर 8.33 लाख का लोन पास कर दिया गया है और फिर 5 लाख और 3.30 लाख रुपये की अवैध निकासी कर ली गई। पीड़िता ने साफ किया कि उन्होंने न तो कोई लोन लिया और न ही किसी तरह की ट्रांजैक्शन की अनुमति दी थी। इसके बाद मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई।

मामले की गंभीरता को देखते हुए एसआई अमित कुमार के नेतृत्व में एक विशेष टीम बनाई गई, जिसमें एसआई अरविंद, हेड कॉन्स्टेबल संजय, हेड कॉन्स्टेबल मनोज, हेड कॉन्स्टेबल विनोद और हेड कॉन्स्टेबल सुरेश शामिल थे। यह टीम एसएचओ इंस्पेक्टर प्रवेश कौशिक और एसीपी विजय पाल तोमर की निगरानी में काम कर रही थी। तकनीकी जांच से पता चला कि आरोपी झारखंड के धनबाद इलाके में सक्रिय थे और बार-बार जगह बदलकर पुलिस से बचने की कोशिश कर रहे थे। तकनीकी इनपुट के आधार पर पुलिस ने धनबाद के निरसा थाना क्षेत्र में छापेमारी की, जहां तीन आरोपी खुले मैदान में बैठकर लोगों को कॉल कर ठगी करते हुए रंगे हाथों पकड़े गए। पूछताछ के बाद चौथे आरोपी शुभम को पश्चिम बंगाल के हुगली से गिरफ्तार किया गया।पूछताछ और जब्त मोबाइल फोन की जांच में सामने आया कि शिव कुमार एपीके फाइलें और म्यूल बैंक अकाउंट की व्यवस्था करता था, जबकि संजय और दिनेश लोगों को कॉल कर उन्हें झांसे में लेते थे। शिव कुमार और शुभम एटीएम से ठगी की रकम निकालने का काम करते थे।

## बारिश के बावजूद हवा 'खराब' श्रेणी में बरकरार

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में शुक्रवार को हुई बारिश और तापमान में गिरावट के बावजूद शनिवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 'खराब' श्रेणी में बनी रही। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों के अनुसार, शहर के कुछ इलाकों में प्रदूषण का स्तर अब भी 'बेहद खराब' श्रेणी में दर्ज किया गया है। सीपीसीबी के आंकड़ों के मुताबिक आज सुबह दिल्ली का औसत एक्यूआई 'खराब' श्रेणी में रहा, जिसमें सूक्ष्म कणों (पीएम 2.5) की अधिकता देखी गई। चांदनी चौक में सबसे खराब वायु गुणवत्ता दर्ज की गई, जहां एक्यूआई 306 रहा। इसके अलावा सिरी फोर्ट में 302, वजीरपुर में 297 और आनंद विहार में 291 एक्यूआई दर्ज किया गया। सुबह नौ बजे के करीब द्वारका सेक्टर-8 में 286 और जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में 273 एक्यूआई रिकॉर्ड किया गया।




**मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश के साथ मथुरा रोड स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल में आयोजित वार्षिक खेल दिवस समारोह में शामिल हुईं।**

# विकसित भारत के असली 'ब्रांड एंबेसडर' हमारे बच्चे: रेखा गुप्ता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश के साथ मथुरा रोड स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस) में आयोजित वार्षिक खेल दिवस समारोह में शामिल हुईं।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि खेल बच्चों के जीवन में आत्मविश्वास, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, टीमवर्क और सकारात्मक सोच विकसित करते हैं। साथ ही, खेल के मैदान में मिलने वाले अनुभव जीवन के हर क्षेत्र में सफलता का मजबूत आधार बनते हैं। मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों को पूरे मन से खेलने, स्वस्थ प्रतिस्पर्धा अपनाने और खेल के साथ निरंतर सीखते रहने के लिए शुभकामनाएं दीं। इस कार्यक्रम में स्कूल के विद्यार्थी, शिक्षक और प्रबंधकों के अलावा अभिभावक भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली को स्वच्छ, सुंदर, अनुशासित और विकसित बनाने की दिशा में सबसे प्रभावी ब्रांड एंबेसडर बच्चे हैं। जब बच्चे अनुशासन का अभ्यास करते हैं, नियमों का पालन करते हैं और स्वच्छता को जीवनशैली का हिस्सा बनाते हैं तो उसका सकारात्मक प्रभाव पूरे परिवार और समाज में स्वत: दिखाई देता है। उन्होंने कहा कि जिम्मेदार नागरिक तैयार करने में विद्यालय से बेहतर कोई मंच नहीं हो सकता। मुख्यमंत्री ने विश्वास जताया किया कि आज के विद्यार्थी ही कल के नेतृत्वकर्ता बनकर दिल्ली को आदर्श, सशक्त और विकसित राजधानी के रूप में स्थापित करेंगे।

# 27 से बदलेगा मौसम, दिल्ली-एनसीआर में लुढ़केगा पारा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर और उत्तर भारत में आने वाले दिनों में मौसम का मिजाज बदलने वाला है। मौसम विभाग के अनुसार, फिलहाल एक 'एक्टिव वेस्टर्न डिस्टर्बेंस' का असर उत्तर भारत के कई हिस्सों में देखने को मिला है और अगले कुछ दिनों तक इसका प्रभाव बना रहेगा।

मौसम वैज्ञानिक डॉ. नरेश कुमार ने बताया कि इस सिस्टम के कारण जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में भारी बारिश और भारी बर्फबारी दर्ज की गई है। इसके साथ ही पंजाब के कुछ इलाकों में भी तेज बारिश हुई है।

इसी सिस्टम के प्रभाव से दिल्ली, राजस्थान और उत्तर प्रदेश के कई हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश और कुछ जगहों पर आंधी-तूफान जैसी स्थिति भी बन सकती है। डॉ. नरेश कुमार के मुताबिक, वेस्टर्न डिस्टर्बेंस के आगे बढ़ने के बाद आमतौर पर हवाओं की दिशा बदल जाती है और उत्तर-पश्चिमी हवाएं चलने लगती हैं। इसी वजह से शनिवार सुबह कई जगहों पर तापमान में तेज गिरावट दर्ज की गई। कुछ क्षेत्रों में तापमान 8 से 9 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया।

आने वाले दिनों को लेकर उन्होंने बताया कि एक और वेस्टर्न डिस्टर्बेंस उत्तर भारत की ओर बढ़ रहा है, जिसका असर 26, 27 और 28 जनवरी को देखने को मिलेगा। इसका प्रभाव पंजाब, हरियाणा, दिल्ली-एनसीआर, उत्तर प्रदेश, उत्तरी राजस्थान और यहां तक कि मध्य प्रदेश तक रहेगा।

27 जनवरी को खास तौर पर जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश में भारी बारिश और बर्फबारी की संभावना जताई गई है। वहीं, दिल्ली-एनसीआर, पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और उत्तरी राजस्थान में इस दिन हल्की बारिश हो सकती है।

मौसम विभाग ने साफ किया है कि दिल्ली-एनसीआर के लिए किसी तरह की गंभीर चेतावनी जारी नहीं की गई है और यहां किसी अत्यधिक खराब मौसम की संभावना नहीं है। हालांकि लोगों को तापमान में गिरावट और ठंडी हवाओं के लिए तैयार रहने की सलाह दी गई है। 26 जनवरी को दिल्ली-एनसीआर में मौसम साफ रहने की उम्मीद है, जबकि 27 जनवरी से हल्के बदलाव देखने को मिल सकते हैं। पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी के कारण ठंड और बढ़ने की संभावना है।

# एनडीएमसी के बारात घर नाइट शेल्टर में तब्दील

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री के सेवा और संवेदनशील शासन के विजन के अनुरूप, नई दिल्ली नगरपालिका परिषद द्वारा जरूरतमंद लोगों के लिए अपने बारात घरों और सामुदायिक भवनों को नाइट शेल्टर के रूप में उपलब्ध कराया जा रहा है।

यह जानकारी नई दिल्ली नगरपालिका परिषद के उपाध्यक्ष श्कुलजीत सिंह चहल ने दी।चहल ने बताया कि उच्च न्यायालय के दिशा-निर्देशों के तहत नई दिल्ली नगरपालिका परिषद, एम्स डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल और लेडी हार्डिंग अस्पताल में इलाज के लिए आने वाले मरीजों एवं उनके परिजनों के लिए बारात घरों और कम्युनिटी हॉल को नाइट शेल्टर के रूप में उपलब्ध करा रही है। यह व्यवस्था दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड के सहयोग से की जा रही है, जो दिल्ली सरकार के अधीन कार्य करता है।

चहल ने बताया कि नई दिल्ली नगरपालिका परिषद द्वारा नाइट शेल्टर के लिए वही कम्युनिटी हॉल या बारात घर उपलब्ध कराए जा रहे हैं, जिनकी पहले से कोई बुकिंग नहीं है। बुकिंग की उपलब्धता को ध्यान में रखते हुए स्थानों का चयन किया जा रहा है, ताकि आम नागरिकों को किसी प्रकार की परेशानी न हो और जरूरतमंदों को सुरक्षित आश्रय मिल सके।उन्होंने बताया कि इस विषय में आज नई दिल्ली नगरपालिका परिषद के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी बैठक में भाग लिया और व्यवस्थाओं की समीक्षा की।

## ऑटो लिफ्टर को गिरफ्तार किया

**नई दिल्ली।** दिल्ली के शाहदरा जिला पुलिस के एएटीएस स्टाफ ने कुख्यात ऑटो लिफ्टर को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने उसकी निशानदेही पर तीन चोरी के दोपहिया वाहन बरामद किए है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर तीन मामलो को सुलझा लिया हैं। शाहदरा जिला पुलिस उपायुक्त प्रशांत गौतम ने बताया कि शाहदरा जिले के इलाके में हाल ही में हुई दोपहिया वाहनों की चोरी की घटनाओं को देखते हुए,एसीपी ऑपरेशंस मोहिंदर सिंह की देखरेख मे एसआई विक्रांत चौधरी के नेतृत्व में एएटीएस की टीम को चोरी की घटनाओं वाली जगहों पर जाने और संदिग्धों की पहचान करने और उन्हें पकड़ने के लिए सीसीटीवी कैमरों का विश्लेषण करने का निर्देश दिया गया, जो सक्रिय रूप से दोपहिया वाहनों की चोरी कर रहे हैं।

# युवा प्रोफेसरों को रिसर्च के लिए अलग से मिलेगा फंड

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) दिल्ली ने नवाचार और अनुसंधान (रिसर्च) के क्षेत्र में एक क्रांतिकारी शुरुआत की है। संस्थान ने अपने युवा और होनहार प्रोफेसरों को अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं और वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए दीपक राघवन फैमिली फाउंडेशन एक्सेलरेटर प्रोग्राम लॉन्च किया है।

इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य 45 वर्ष या उससे कम उम्र के शिक्षकों को संसाधन उपलब्ध कराकर उन्हें अकादमिक लीडर के रूप में तैयार करना है।

इस नई योजना के तहत चयनित युवा शिक्षकों को पांच साल की अवधि के लिए एंडोव्ड चेयर प्रोफेसर नियुक्त किया जाएगा। इस दौरान उन्हें न केवल अतिरिक्त फंड मिलेगा, बल्कि एक समर्पित रिसर्च स्टाफ और आवश्यक आधुनिक संसाधन भी मुहैया कराए जाएंगे। आईआईटी दिल्ली के अनुसार, इस फंड की सबसे बड़ी विशेषता इसकी लचीली नीति (फ्लेक्सिबिलिटी) है।

प्रोफेसर इस राशि का उपयोग अपनी आवश्यकतानुसार नई मशीनें खरीदने, हाई-एंड सॉफ्टवेयर लेने, प्रयोगशाला परीक्षण करने, फील्ड वर्क करने या प्रोटोटाइप विकसित करने के लिए कर सकते हैं। इसके साथ ही, इस फंड से पोस्ट-डॉक्टरल रिसर्चर्स की नियुक्ति भी की जा सकेगी।

संस्थान का लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि फैकल्टी अपनी अकादमिक जिम्मेदारियों को निभाते हुए बिना किसी वित्तीय रुकावट के अपनी शोध परियोजनाओं को आगे बढ़ा सकें। इस पहल के अंतर्गत रिसर्च को केवल कागजों तक सीमित न रखकर उसे व्यावहारिक बनाने पर जोर दिया जाएगा। इसके लिए इंडस्ट्री और अन्य प्रतिष्ठित संस्थानों के साथ मिलकर काम करने को प्रोत्साहित किया जाएगा, ताकि रिसर्च का सीधा लाभ समाज को मिले, नए पेटेंट दर्ज हों और भविष्य की तकनीकों का निर्माण हो सके।

योजना के तहत शैक्षणिक सहयोग को भी मजबूती दी गई है। इसमें हर पांच साल में एक पूरी तरह से फंडेड पीएचडी फेलोशिप प्रदान की जाएगी।

ये पीएचडी छात्र संबंधित चेयर प्रोफेसर के मार्गदर्शन में काम करेंगे और उन्हें भारत के साथ-साथ विदेशों में आयोजित होने वाली महत्वपूर्ण कॉन्फ्रेंस में भाग लेने का अवसर मिलेगा। इससे छात्रों और प्रोफेसरों दोनों को अंतरराष्ट्रीय अनुभव प्राप्त होगा और वैश्विक नेटवर्क बनाने में मदद मिलेगी। आईआईटी दिल्ली के निदेशक प्रो. रंगन बनर्जी ने इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि संस्थान में देश के सबसे बेहतरीन शोधकर्ता मौजूद हैं।

ऐसे कार्यक्रम उन्हें और भी बेहतर करने की प्रेरणा देते हैं, जिससे भारत अनुसंधान और नवाचार में अपनी वैश्विक स्थिति मजबूत कर सकेगा।

यह कार्यक्रम डॉ. दीपक राघवन और आईआईटी दिल्ली एंडोमेंट मैनेजमेंट फाउंडेशन की एक साझा सोच का परिणाम है, जो शिक्षा और शोध को लंबे समय तक आत्मनिर्भर और शक्तिशाली बनाना चाहते हैं। यह कदम भविष्य में वास्तविक दुनिया की समस्याओं के वैज्ञानिक समाधान खोजने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**खुली ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मण्डल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/पूर्वोत्तर रेलवे/लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु आनलाईन 'खुली' ई-निविदायें आमंत्रित की जाती हैं जिसका विवरण नीचे निम्नवत है :

**ई-निविदा संख्या :** NER-LJN-2026-13, **कार्य का नाम :** NER-LJN डिवीजन :- कवर शेड के साथ रैंप के साथ पहले फुट ओवर ब्रिज का प्रावधान (स्टेशन 4) एनएसजी-3 स्टेशन-बभनजोतिया (बीएनजीजे), रफीनगर (आरएफआर) और सिहापार (एसआईपीआर) और एनएसजी-6 स्टेशन चिलिह्या (सीआईएच), **अनुमानित लागत:** रु. 14,58,36,182.00, **अग्रिम धन :** रु. 8,79,200.00, **समापन अवधि :** 15 माह।

1. उपरोक्त ई-निविदा संख्या **NER-LJN-2026-13** के लिए ई-निविदा दिनांक 12.02.2026 को 15.00 बजे तक अपलोड की जा सकती है तथा उसी दिन समय 15.00 बजे के बाद ई-निविदा खोली जायेंगी। **2.** उपरोक्त ई-निविदा से सम्बन्धित सभी सूचना, निम्नतम अर्हता, नियम एवं शर्तों का पूर्ण विवरण पूर्वोत्तर रेलवे के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदाकार ई-निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस ई-निविदा सूचना से सम्बन्धित वेबसाइट पर उपलब्ध शुद्धि पत्र (यदि, कोई हो तो) को भी संज्ञान में लेना सुनिश्चित करें।

**मण्डल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग,**
**मुजाधि/डब्ल्यू-431 पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ**

**ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें**

# डोडा हादसे के शहीद रिंखिल बालियान को दी नम आंखों से विदाई

## एक वर्षीय पुत्र ने पिता को मुखाग्नि दी, दृश्य देख रो पड़े जिलाधिकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जम्मू-कश्मीर के डोडा में हुए दर्दनाक हादसे में शहीद हुए भारतीय सेना के जवान रिंखिल बालियान को शनिवार को उनके पैतृक गांव भटैल में राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई। शहीद का पार्थिव शरीर जैसे ही गांव पहुंचा, पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। तिरंगे में लिपटे शहीद के अंतिम दर्शन के लिए लोगों का सैलाब उमड़ पड़ा। माहौल उस वक्त और भी गमगीन हो गया जब शहीद के एक वर्षीय पुत्र ने पिता को मुखाग्नि दी। इस दृश्य ने वहां मौजूद हर व्यक्ति की आंखें नम कर दीं।

अंतिम संस्कार के दौरान प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रति. निधि, सेना के अधिकारी, पुलिस बल और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। राजकीय सम्मान के साथ शहीद को अंतिम सलामी दी गई। जैसे ही मुखाग्नि की रस्म अदा की गई, श्मशान घाट पर सन्नाटा छा गया और कई लोग अपने आंसू नहीं रोक सके।

इस भावुक क्षण में जिला. धिकारी अभिषेक पांडे भी खुद को संभाल नहीं पाए और उनकी आंखें भर आईं। शहीद रिंखिल बालियान का परिवार शुरू से ही देशसेवा से जुड़ा रहा है। उनके पिता भी सेना में अपनी सेवाएं दे चुके हैं और उसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए रिंखिल बालियान ने भारतीय सेना में



शामिल होकर देश की सेवा की। करीब पांच वर्ष पहले उनका विवाह हुआ था। उनके परिवार में तीन साल की बेटी वास्तिका और एक साल का बेटा राघव है, जिसने आज अपने पिता को अंतिम विदाई दी। गौरतलब है कि 22 जनवरी को जम्मू-कश्मीर के डोडा क्षेत्र में एक सैन्य वाहन ऑपरेशन के दौरान खराब मौसम और दुर्गम रास्ते के चलते अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिर गया था।

यह वाहन करीब 200 फीट गहरी खाई में जा गिरा, जिसमें 10 जवान शहीद हो गए थे। इन्हीं वीर सपूतों में हापुड़ के रिंखिल बालियान भी शामिल थे। शहीद की अंतिम यात्रा के दौरान भारत माता की जय और शहीद अमर रहे के नारों से पूरा इलाका गूंज उठा। हर आंख नम थी, लेकिन दिलों में गर्व भी था कि इस मिट्टी ने देश को एक और वीर सपूत दिया। शहीद रिंखिल बालियान का बलिदान हमेशा लोगों के दिलों में जीवित रहेगा और आने वाली पीढ़ियों को देशसेवा के लिए प्रेरित करता है।

# नाबालिग से दुष्कर्म मामले में बाबूगढ़ पुलिस की बड़ी कार्रवाई, नामजद आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** पुलिस ने नाबालिग को बहला-फुसलाकर ले जाकर दुष्कर्म करने के मामले में वांछित एवं नामजद अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की गिरफ्तारी से क्षेत्र में कानून व्यवस्था को लेकर राहत की भावना देखी जा रही है।

पुलिस के अनुसार थाना बाबूगढ़ में दर्ज मुकदमा बीएनएस एवं 3/4 पॉक्सो एक्ट के तहत वांछित अभियुक्त को ग्राम कनिया कल्याणपुर के पास स्थित रेलवे फाटक के समीप से गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना और सघन चेकिंग के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को दबोच लिया। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान सोयब पुत्र अनीस निवासी ग्राम गोहरा आलमग. ीरपुर थाना बाबूगढ़ जनपद हापुड़ के रूप में हुई है। पुलिस ने आरा. ेपी को हिरासत में लेकर आवश्यक पूछताछ शुरू कर दी है और मामले में अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। थाना प्रभारी का कहना है कि नाबालिगों के खिलाफ अपराध करने वालों के प्रति पुलिस की नीति जीरो टॉलरेंस की है। ऐसे मामलों में त्वरित कार्रवाई कर दोषियों को सख्त सजा दिलाने का प्रयास किया जा रहा है। इस गिरफ्तारी से अपराधियों में खौफ और आमजन में सुरक्षा का भरोसा मजबूत हुआ है।

# हापुड़ पहुंचे शहीद रिंखिल के पार्थिव शरीर पर डीएम व एसपी ने अर्पित किया पुष्पचक्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जम्मू-कश्मीर के डोडा में हुए दर्दनाक हादसे में शहीद हुए सेना के जवान रिंकल बालियान के पार्थिव शरीर के हापुड़ पहुंचते ही पूरे जिले में शोक की लहर दौड़ गई। भटैल गांव, थाना हाफिजपुर निवासी शहीद जवान को अंतिम दर्शन के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीण, जनप्रतिनिधि और प्रशास. निक अधिकारी पहुंचे। जिलाधिक. ारी अभिषेक पांडे और पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने शहीद के पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

इस दौरान डीएम और एसपी ने शो. काकुल परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया। उन्होंने कहा



कि शहीद रिंकल बालियान की वीरता और देशसेवा को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उनका बलिदान आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत रहेगा। प्रशासन हर संभव सहायता के लिए शहीद परिवार के साथ खड़ा है। श्रद्धांजलि कार्यक्रम के दौरान माहौल गमगीन रहा। प्रशासनिक अधिकारियों ने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि शहीद परिवार को शासन द्वारा घोषित सभी सुविधाएं और सहायता समय पर उपलब्ध कराई जाएं। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रति. निधि, प्रशासनिक अधिकारी, पुलिस बल और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे, जिन्होंने एक स्वर में शहीद को नमन कर उनकी शहादत को सलाम किया।

# जीएस आयुर्वेद कॉलेज में वसंत पंचमी की धूम, सरस्वती वंदना से गूंजा परिसर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जीएस विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित जीएस आयुर्वेद चिकित्सा महाविद्यालय एवं चिकित्सालय में वसंत पंचमी पर्व श्रद्धा, उत्साह और सांस्कृतिक गरिमा के साथ मनाया गया। संस्कृत क्लब के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों और शिक्षकों ने मां सरस्वती की विधिवत पूजा-अर्चना कर ज्ञान, बुद्धि और संस्कार की कामना की। कार्यक्रम की शुरुआत कॉलेज की प्राचार्य एवं संस्कृत क्लब की अध्यक्ष डा. भावना सिंह तथा उपप्राचार्य एवं सांस्कृतिक समिति की अध्यक्ष डा. जीना पटनायक की अध्यक्षता में हुई। वसंत पंचमी के पावन अवसर पर विद्यार्थियों ने मां सरस्वती को पीले पुष्प अर्पित किए




और सामूहिक रूप से सरस्वती स्तुति का पाठ किया। पूरे परिसर में भक्तिमय माहौल बना रहा। इस अवसर पर आयोजित भाषण प्रतियोगिता में छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपने विचारों के माध्यम से ज्ञान, संस्कृति और भारतीय परंपराओं की महत्ता को रेखांकित किया। भाषण प्रतियोगिता में कुल नौ प्रतिभागियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम का आयोजन सांस्कृतिक समिति और संस्कृत क्लब (संहिता-सिद्धांत विभाग) के संयुक्त सहयोग से किया गया। समापन अवसर पर हवन और प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों और शिक्षकों ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक मूल्यों को आत्मसात करने का संदेश दिया।

# राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह में हापुड़ अलर्ट मोड पर, नियम तोड़ने वालों पर चला चालान का डंडा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह-2026 के अंतर्गत 24वें दिन शुक्रवार को नगर पालिका सभागार में ग्रामीण और शहरी नागरिकों के साथ सड़क सुरक्षा जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नागरिकों ने सहभागिता की और यातायात नियमों की अहम जानकारियां प्राप्त कीं।

इस अवसर पर एआरटीओ प्रवर्तन ई. रमेश कुमार चौबे ने उपस्थित लोगों को यातायात नियमों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वाहन चलाते समय सतर्कता और नियमों का पालन ही दुर्घटनाओं से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय है। उन्होंने विशेष रूप से दोपहिया वाहन चालकों से अपील की कि वे केवल BIS मानक वाले हेलमेट का ही प्रयोग करें। एआरटीओ ने हिट एंड रन योजना के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि सड़क दुर्घटना में घायल या मृतक के परिजनों को शासन द्वारा आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है, जिसकी प्रक्रिया और लाभ आमजन को




समझाए गए। जागरूकता कार्यक्रम के साथ-साथ प्रवर्तन कार्रवाई भी की गई। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्ती दिखाते हुए गलत पार्किंग, ओवर स्पीड, गलत दिशा में वाहन चलाने सहित विभिन्न मामलों में कुल 81 वाहनों का चालान किया गया। कार्यक्रम के अंत में नागरिकों से अपील की गई कि वे स्वयं नियमों का पालन करें और दूसरों को भी जागरूक करें, ताकि सुरक्षित और सुगम यातायात व्यवस्था को मजबूत किया जा सके।

# एसपी के निरीक्षण में हुई परेड की फुल ड्रेस फाइनल रिहर्सल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** आगामी 26 जनवरी को मनाए जाने वाले गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आ रहा है।

इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने रिजर्व पुलिस लाइन में आयोजित होने वाली भव्य परेड की फुल ड्रेस फाइनल रिहर्सल का निरीक्षण किया। रिहर्सल के दौरान परेड में शामिल पुलिस बल ने अनुशासन, तालमेल और जोश के साथ कदमताल कर अपनी तैयारियों का प्रदर्शन किया। एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने परेड की सलामी ली और जवानों की ड्रिल, मार्च पास्ट तथा समन्वय का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने परेड के प्रत्येक चरण की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों और



प्रशिक्षकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस जैसे राष्ट्रीय पर्व पर कार्यक्रम की गरिमा, अनुशासन और सुरक्षा व्यवस्था सर्वोच्च प्राथमिकता है, इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान एसपी ने परेड मैदान की व्यवस्थाओं, मंच सज्जा, ध्वनि व्यवस्था, सुरक्षा घेरा और आमजन की सुविधा को लेकर भी निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि समारोह के दौरान आने वाले अतिथियों और नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी व्यवस्थाएं समय से पूर्ण कर ली जाएं। फुल ड्रेस रिहर्सल के दौरान पुलिस बल का उत्साह और जोश देखते ही बन रहा था। जवानों ने अनुशासित कदमताल के साथ परेड का अभ्यास कर यह संदेश दिया कि हापुड़ पुलिस गणतंत्र दिवस समारोह को भव्य, सुरक्षित और यादगार बनाने के लिए पूरी तरह तैयार है।

## एक नजर

# चेकिंग के दौरान तमंचा और कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना बाबूगढ़ पुलिस ने अवैध हथियार रखने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस टीम ने पुराने हाइवे से रसूलपुर की ओर जाने वाले मार्ग पर संदिग्ध अवस्था में घूम रहे युवक को दबोच लिया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक अवैध तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया।

थाना प्रभारी के अनुसार, अपराध पर अंकुश लगाने और क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से नियमित चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान आरोपी की संदिग्ध गतिविधियों को देखते हुए उसे रोका गया। तलाशी में 315 बोर का तमंचा और एक जिंदा कारतूस मिलने पर पुलिस ने तत्काल उसे हिरासत में ले लिया। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान सनी पुत्र भोले निवासी बिजली घर के सामने वाली गली, ग्राम फतेहपुर कुचेसर रोड चौपला, थाना बाबूगढ़, जनपद हापुड़ के रूप में हुई है। आरोपी के खिलाफ थाना बाबूगढ़ में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

# दो साल से फरार मोबाइल चोर दबोचा गया, हापुड़ नगर पुलिस ने चोरी का फोन और अवैध चाकू किया बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना हापुड़ नगर पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस टीम ने मोबाइल चोरी के एक मामले में बीते दो वर्षों से फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से चोरी किया गया मोबाइल फोन और एक अवैध चाकू भी बरामद किया गया है। पुलिस के अनुसार थाना हापुड़ नगर में दर्ज मुकदमा बीएनएस के तहत वांछित चल रहे अभियुक्त को जगदीशपुरम कॉलोनी के सामने बुलंदशहर रोड से गिरफ्तार किया गया। चेकिंग और गोपनीय सूचना के आधार पर की गई इस कार्रवाई में पुलिस ने आरोपी को मौके पर ही दबोच लिया। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान समीर पुत्र यासीन निवासी ट्रांसफार्मर वाली गली, मोहल्ला सद्दीकपुरा थाना पिलखुवा जनपद हापुड़ के रूप में हुई है। वर्तमान में वह कल्लूगढ़ी, थाना मसूरी, जनपद गाजियाबाद में रह रहा था। तलाशी के दौरान उसके पास से टेक्नो कंपनी का चोरी किया गया मोबाइल फोन, जो संबंधित मुकदमे से जुड़ा है, तथा एक अवैध चाकू बरामद किया गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आवश्यक वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है। साथ ही उसके आपराधिक इतिहास की भी जांच की जा रही है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि वह अन्य चोरी या आपरा. धिक घटनाओं में भी शामिल रहा है या नहीं।

# चेकिंग के दौरान अवैध चाकू के साथ युवक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना हापुड़ नगर पुलिस को एक और सफलता मिली है। पुलिस टीम ने चेकिंग अभियान के दौरान ईदगाह मैदान के पीछे से एक युवक को संदिग्ध अवस्था में गिरफ्तार किया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक अवैध चाकू बरामद किया गया, जिससे क्षेत्र में सनसनी फैल गई।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार, नियमित चेकिंग के दौरान संदिग्ध गतिविधियों के आधार पर युवक को रोका गया। पूछताछ और तलाशी में उसके पास से अवैध हथियार बरामद होने पर तत्काल उसे हिरासत में ले लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान रिहान पुत्र शाह नूर निवासी तहसीलदार वाली गली, मोहल्ला पीरबाउद्दीन, थाना हापुड़ नगर, जनपद हापुड़ के रूप में हुई है। थाना प्रभारी ने बताया कि आरा. ेपी के खिलाफ थाना हापुड़ नगर में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। साथ ही यह भी जांच की जा रही है कि आरोपी किसी आपराधिक गिरोह से जुड़ा है या पूर्व में किसी आपराधिक गतिविधि में शामिल रहा है।

# तगासराय मारपीट कांड में बड़ी कार्रवाई, महिला की मौत के मामले में मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना हापुड़ देहात क्षेत्र के मोहल्ला तगासराय में लड़की के विवाह को लेकर दो पक्षों के बीच हुई मारपीट की घटना ने गंभीर रूप ले लिया था, जिसमें घायल एक महिला की उपचार के दौरान मौत हो गई थी। इस सनसनीखेज मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में कानून व्यवस्था को लेकर राहत की भावना देखी जा रही है। पुलिस के अनुसार जनपद में अपराध नियंत्रण और वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना हापुड़ देहात पुलिस ने मुकदमा बीएनएस में नामजद अभियुक्त को ताराचंद इंटर कॉलेज के पास से गिरफ्तार किया। आरोपी घटना के बाद से फरार चल रहा था और लगातार पुलिस की निगरानी में था। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान सागर पुत्र सतीश सैनी निवासी तगासराय, थाना हापुड़ देहात, जनपद हापुड़ के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर आवश्यक पूछताछ शुरू कर दी है और मामले में आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। थाना प्रभारी का कहना है कि विवाह जैसे सामाजिक आयोजनों में किसी भी प्रकार की हिंसा को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। पुलिस की इस कार्रवाई से आमजन में सुरक्षा का भरोसा मजबूत हुआ है और अपराधियों में हड़कंप मचा है।

# उत्तर प्रदेश दिवस समारोह में गूंजा विकास का उद्घोष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस-2026 के अवसर पर रामल. ीला ग्राउंड हापुड़ में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि राज्यमंत्री व अध्यक्ष उत्तर प्रदेश सिडको वाईपी सिंह, विधायक हापुड़ विजयपाल आढ़ती, जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय, पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह, मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम, अपर जिलाधिकारी संदीप कुमार तथा भाजपा जिला अध्यक्ष कविता माधरे की उपस्थिति में दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके पश्चात स्कूली छात्राओं ने सरस्वती वंदना और स्वागत गीत प्रस्तुत कर कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ किया।

उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर



लखनऊ में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भी लाभार्थियों और उपस्थित नागरिकों ने देखा। कार्यक्रम के दौरान जनपद हापुड़ के ग्राम भटेल में शहीद हुए वीर जवान को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उपस्थित सभी लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर शहीद को नमन किया और उनके बलिदान को याद किया। विधायक विजयपाल आढ़ती ने अपने संबोधन में कहा कि उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस का आयोजन वर्तमान सरकार की महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने प्रदेश के ऐतिहासिक गौरव का उल्लेख करते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश का इतिहास हजारों वर्षों पुराना है। मुख्य अतिथि वाईपी सिंह ने प्रदेशवासियों को स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश आज केवल एक राज्य नहीं, बल्कि विकास का नया मॉडल बन चुका है। उन्होंने एक्सप्रेसवे नेटवर्क का उल्लेख करते हुए कहा कि हापुड़ से दिल्ली की दूरी अब आधे घंटे में तय हो रही है, जो प्रदेश में बुनियादी ढांचे के सशक्त विकास को दर्शाता है। सूचना विभाग द्वारा कार्यक्रम में आए विद्यार्थियों, एनसीसी कैडेट्स, लाभार्थियों और अधिकारियों को 1500 से अधिक 'उत्तर प्रदेश संद. ेश' पत्रिकाएं और वर्ष 2026 के कैलेंडर वितरित किए गए। रामल. ीला ग्राउंड में आयोजित यह कार्यक्रम 26 जनवरी 2026 तक संचालित रहेगा। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

# डीआईओएस कार्यालय पर धरना दे रहा वरिष्ठ लिपिक हुआ बेहोश




**मथुरा।** जानकी बाई गर्ल्स इंटर कॉलेज मथुरा के पीड़ित कर्मचारियों का अनिश्चितकालीन अनशन लगातार सात दिन से जारी है। शनिवार को अनशन पर बैठे कालेज के वरिष्ठ लिपिक अक्षय भारद्वाज अचानक बेहोश हो गए। जिससे डीआईओएस कार्यालय के कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। आनन फानन में कार्यालय के लिपिकों ने दवा दिलवाई। जब जाकर अनशनक. ारी लिपिक को होश आया। शनिवार को अनशन पर बैठे जानकी बाई गर्ल्स इंटर कालेज के वरिष्ठ लिपिक अक्षय भारद्वाज अचानक बेहोश हो गए। जब इसकी जानकारी डीआईओएस ऑफिस में तैनात अंजू मैडम, रामेश्वर बाबू, शशांक शर्मा, धर्मपाल सिंह, यमुना प्रसाद शर्मा आदि कर्मचारियों को हुई तो अनशनकारी का पूरा बदन बुरी तरह तप रहा था, आंखें नहीं खुल रही थीं। कर्मचारियों ने उक्त लिपिक को तत्काल दवाई दिलाई।

धरना दे रहे लिपिक अक्षय भारद्वाज ने बताया कि चार दिन पहले जिला विद्यालय निरीक्षक रवीन्द्र सिंह ने उसको सभी माह के वेतन बिल बनाकर कार्यालय में प्रस्तुत करने के आदेश दिए थे, लेकिन विद्यालय द्वारा उनके समस्त वेतन बिलों को प्रस्तुत नहीं किया जा रहा है। अनशनक. ारियों के एक प्रतिनिधि मंडल ने जब लेखाधिकारी शैलेन्द्र सिंह से जानकी बाई गर्ल्स इंटर कॉलेज मथुरा द्वारा भेजे जा रहे वेतन बिलों को पास करने पर वार्ता की। तो उनका कहना था कि वेतन बिल जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय द्वारा बनाया जाता हैं। वेतन बिल वैध बना है या अवैध यह देखना मेरा काम नहीं है। प्रतिनिध मंडल ने उनको अवगत कराया कि उच्च न्यायालय के आदेश हैं। उसके बाद भी लेखाधिकारी अपनी जिम्मेदारी से बच रहे हैं। जिला विद्यालय निरीक्षक के खिलाफ विवादों को हवा दी जा रही है ,क्योंकि जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा कोई लिखित आदेश किसी भी कर्मचारी के वेतन रोकने का नहीं दिया था। दूसरी ओर शिक्षणेत्तर कर्मचारी महासंघ भी अनशनकारियों के समर्थन में आ गया है। महासंघ के प्रदेश पदाधिकारियों ने शासन स्तर पर कार्यवाही करने हेतु लखनऊ में संपर्क कर उच्चाधिकारियों को पूरे प्रकरण पर जानकारी दी गई।

# वृंदावन में सीएम योगी, भाजपा राष्ट्रीय और प्रदेश अध्यक्ष एक साथ सुनेंगे मोदी की 'मन की बात'

**वृंदावन।** कान्हा की नगरी रविवार को वीवीआईपी मूवमेंट की गवाह बनेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम 'मन की बात' के लिए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, भाजपा के नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन और प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी एक साथ वृंदावन में मौजूद रहेंगे। अक्षय पात्र स्थित चंद्रोदय मंदिर परिसर में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम को लेकर धर्मनगरी में उत्साह और सुरक्षा का माहौल चरम पर है। सूत्रों के मुताबिक तीनों दिग्गज नेता कार्यक्रम के पश्चात ठाकुर श्री बांके बिहारी जी के दर्शन कर आशीर्वाद लेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मांट विधायक राजेश चौधरी के आवास पर पहुंचकर उनकी माताजी के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त करेंगे। मुख्यमंत्री के आगमन को देखते हुए जिलाधिकारी सीपी सिंह और एसएसपी श्लोक कुमार ने शनिवार को खुद मोर्चा संभाला। अफसरों ने कार्यक्रम स्थलों और प्रस्तावित मार्गों का बारीकी से निरीक्षण किया। नगर निगम, लोक निर्माण विभाग और बिजली विभाग की टीमें पिछले 48 घंटों से सड़कों को गड्ढामुक्त करने, रंग-रोगन और स्ट्रीट लाइटें दुरुस्त करने में जुटी हैं। नए बस स्टैंड से लेकर बिरला मंदिर मार्ग को पूरी तरह चमकाया जा रहा है। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन कोई जोखिम नहीं उठा रहा है।

# सांसद डॉ. महेश शर्मा ने किया यूपी दिवस का शुभारंभ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशानुसार प्रदेश की स्थापना की ऐतिहासिक स्मृति को जीवन्त बनाए रखने तथा उत्तर प्रदेश की समृद्ध संस्कृति, सामाजिक और विकासात्मक उपलब्धियों को आम जनमानस तक पहुँचाने के उद्देश्य से 24 से 26 जनवरी 2026 तक तीन दिवसीय उत्तर प्रदेश दिवस-2026 का भव्य शुभारंभ शिल्प हाट, सेक्टर-33ए, नोएडा में किया गया।



कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन सांसद (लोकसभा) डॉ. महेश शर्मा द्वारा रिबन काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर संपन्न हुआ। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष अमित चौधरी, माननीय विधान परिषद सदस्य चंद शर्मा, विधायक तेजपाल सिंह नागर, भाजपा जिलाध्यक्ष अभिषेक शर्मा सहित अन्य गणमान्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

मुख्य कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा लखनऊ के मुख्य कार्यक्रम का सजीव प्रसारण एलईडी स्क्रीन पर दिखाया गया, जिसमें मुख्यमंत्री के संदेश और प्रदेश की प्रगति का दर्शन कराया गया। इसके अलावा सूचना विभाग द्वारा तैयार लघु फिल्म भी प्रदर्शित की गई, जिसे उपस्थित जनसमूह ने उत्साह से देखा।

कार्यक्रम में संबोधन करते हुए सांसद डॉ. महेश शर्मा ने कहा कि उत्तर प्रदेश दिवस प्रदेश की ऐतिहासिक पहचान, समृद्ध संस्कृति और सतत विकास यात्रा को जन-जन तक पहुँचाने का महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश आज उद्योग, सूचना प्रौद्योगिकी, स्टार्टअप, पर्यटन, शिक्षा एवं महिला सशक्तिकरण में उल्लेखनीय प्रगति कर रहा है, जिसका लाभ समाज के अंतिम पंक्ति तक पहुँच रहा है।

सांसद ने आगे कहा कि इस तरह के आयोजन प्रदेश की लोककला, शिल्प एवं सांस्कृतिक विविधता को मंच देते हैं और युवाओं, महिलाओं व उद्यमियों को प्रेरित करते हैं। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे इस तीन दिवसीय कार्यक्रम का अधिकतम लाभ उठाएँ और प्रदेश की कला, संस्कृति तथा विकासात्मक उपलब्धियों का आनंद लें।

कार्यक्रम में जनसामान्य को मतदाता शपथ भी दिलवाई गई। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में 15 विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने सरस्वती वंदना, देशभक्ति से ओत-प्रोत कार्यक्रम जैसे "जय हिंद की सेना", शास्त्रीय संगीत और लोकनृत्य प्रस्तुत किए, जिन्हें दर्शकों ने भारी उत्साह से सराहा। रागिनी गायक ब्रह्मपाल नागर के गीतों में राष्ट्रीय भावना और सामाजिक चेतना की झलक थी।

इस अवसर पर सांसद एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने गर्भवती महिलाओं की गोद भराई कराई तथा छोटे बच्चों का अन्नप्राशन भी कराया, जिसमें सुरक्षित व पौष्टिक आहार प्रदान किया गया।

कार्यक्रम के दौरान स्वीप एवं मतदाता जागरूकता में उल्लेखनीय कार्य करने वाली संस्थाओं तथा व्यक्तियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना के तहत युवा उद्यमियों को ब्याज-मुक्त ऋण चेक प्रदान किए गए तथा विश्वकर्मा टूलकिट वितरण योजना के तहत सिलाई मशीन आदि वितरित किए गए।

मुख्य विकास अधिकारी डॉ. शिवाकांत द्विवेदी ने बताया कि 24 से 26 जनवरी तक शिल्प हाट में कार्यक्रम आयोजित रहेगा, जिसमें प्रदेश के जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास कार्यों, प्रमुख उत्पादों और सांस्कृतिक विविधताओं को प्रदर्शित किया जाएगा। उन्होंने आमजन से आग्रह किया कि वे स्टॉलों का भ्रमण कर उत्तर प्रदेश की कला, संस्कृति, विरासत और सरकारी योजनाओं की जानकारी अवश्य लें।

इस अवसर पर लगभग 120 स्टॉल लगाए गए हैं, जिनमें नोएडा प्राधिकरण, कृषि विभाग, स्वयं सहायता समूह, महिला एवं बाल सुरक्षा, मिशन शक्ति अभियान, शिक्षा, दिव्यांगजन योजनाएँ, स्वास्थ्य, स्वच्छता, ग्रामोद्योग आदि विभाग शामिल हैं। कार्यक्रम में पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह, यमुना विकास प्राधिकरण के अधिकारी, जिला प्रशासन एवं वरिष्ठ अधिकारी गण उपस्थित रहे।

## नहर में मिली शिखा की लाश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के कोतवाली दनकौर पुलिस ने मुतैना गांव के पास रजवाहे में दो दिन पहले मिला शव अलीगढ़ के चंडौस निवासी शिखा का था। उसकी गला दबाकर हत्या की गई थी। पुलिस ने हत्या के आरोप में युवती के पति को हिरासत में लिया है। पुलिस ने बताया कि पति ने चुन्नी से गला दबाकर युवती की हत्या की और फिर शव को रजवाहे में फेंक दिया था। आरोपी को पत्नी का प्रेम-प्रसंग चलने का शक था। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। पुलिस ने बताया कि आरोपी पति ओला कंपनी की कार चलाता है। मृतक युवती ग्रेटर नोएडा के एक होटल में काम करती थी। वो शादीशुदा थी, लेकिन पति के साथ नहीं रहती थी। मृतका का एक बेटा है, जो गाजियाबाद के एक स्कूल में पढ़ता है। सितंबर 2025 में मृतका ने आरोपी की कार को किराये पर बुक किया था। तभी एक दूसरे से जान पहचान हो गई। अक्तूबर 2025 में दोनों ने सिकंद्राबाद के एक मंदिर में शादी कर ली। शादी के बाद से दोनों सिकंद्राबाद में ही एक किराये के मकान में रह रहे थे। दो दिन पहले आरा. पी ने मृतका को खुर्जा में किसी अन्य युवक की बाइक पर साथ जाते देखा था। इसी बात से नाराज होकर आरोपी ने शिखा को परसौल गांव में अपने मामा के यहां जाने की बात कहकर कार में बैठा लिया। उसके बाद कार में ही मृतका की ही चुन्नी से गला दबाकर हत्या कर दी।

**मामा के भरोसे था आरोपी पति:** आरोप है कि आरोपी को उम्मीद थी कि मामा उसे पुलिस से बचा लेगा। इसलिए शव को मामा के गांव के नजदीक रजवाहे में फेंक दिया था। दो दिन पहले ही पुलिस को शव रजवाहे से मिला था, लेकिन तब शव की पहचान नहीं हो सकी थी। अब पहचान होने के बाद पुलिस हत्यारे पति तक पहुंच गई।

**सीसीटीवी के जरिए आरोपी तक पहुंची पुलिस:** कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह का कहना है कि गांव में लगे सीसीटीवी कैमरे खंगालने के बाद आरोपी को हिरासत में लिया गया है। मृतका के परिजनों को बुलाया गया है। घटना की गहनता से जांच की जा रही है।

## बाल चिकित्सालय में कैथ लैब का परीक्षण शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** बाल चिकित्सा और स्नातकोत्तर संस्थान में कैथ लैब का परीक्षण शुरू कर दिया गया है। फरवरी से हृदय रोग से पीड़ित बच्चों को इसका लाभ मिलना शुरू होगा। दिल में छेद, धमनियों में सिकुड़न को ठीक करने सहित हृदय की कई बीमारियों के इलाज में कैथ लैब का उपयोग हो सकेगा। बाल चिकित्सालय में कैथ लैब से जुड़ी सभी मशीनें लगा दी गई हैं। इसकी शुरुआती जांच के बाद अब डॉक्टरों ने इसका परीक्षण शुरू किया है, ताकि मशीनों के हर पहलू को जाना जा सके।

एक हफ्ते के परीक्षण के बाद कैथ लैब की सुविधा मरीजों को मिलनी शुरू होगी। हृदय से संबंधित बीमारियों के इलाज की सुविधा अभी भी अस्पताल में है, लेकिन वह ओपन सर्जरी से होता है। दिल में छेद का इलाज तीन साल से अधिक समय से चल रहा। कैथ लैब की सुविधा होने से कम चीरा लगाकर बच्चों का इलाज हो सकेगा। इससे सटीक परिणाम भी मिलते हैं। बाल चिकित्सा एवं स्नातकोत्तर संस्थान के निदेशक डॉ. एके सिंह ने बताया कि कैथ लैब का परीक्षण पूरा होने के बाद जल्द ही इसके माध्यम से हृदय रोग से पीड़ित बच्चों का इलाज शुरू कर दिया जाएगा।

**दिल में छेद समेत कई बीमा. रियों में लाभदायक:** बच्चों में जन्मजात दोष दिल में छेद, वाल्व की सिकुड़न और रक्त वाहिकाओं के संकुचन का इलाज स्टेंटिंग या बैलून के माध्यम से हो सकेगा। अतालता (एरिथमिया) में हृदय की धड़कन तेज या अनियमित होने पर कैथेटर के माध्यम से खराब ऊतकों को नष्ट किया जाता है। ओपन-हार्ट सर्जरी की तुलना में इसमें जटिलताएं कम होती हैं और बच्चे जल्दी घर जा सकते हैं। पीडियाट्रिक कैथ लैब में बच्चों के लिए विशेष कम-विकिरण वाली थ्री डी इमेजिंग तकनीकों का उपयोग किया जाता है।

**दर्द कम होने के साथ तेजी से सुधार:** कैथ लैब (कार्डियक कैथ लैब) बच्चों में हृदय संबंधी जन्मजात और अन्य जटिल समस्याओं के इलाज में काफी मददगार है। यह कम चीर-फाड़ वाली तकनीक है, जिसमें कैथेटर (पतली नली) के माध्यम से बिना ओपन-हार्ट सर्जरी किए दिल की बीमारियों का उपचार किया जाता है। इससे बच्चों को कम दर्द होता है और तेजी से रिकवरी के साथ सीने पर निशान भी नहीं पड़ता है। कैथेटर के जरिए डॉक्टर हृदय के अंदर ब्लड प्रेशर, ऑक्सीजन का स्तर और संरचनाओं का सटीक मूल्यांकन कर सकते हैं।

**कार्डियक अरेस्ट पीड़ितों के लिए शॉक मशीन लगेगी:** सडन कार्डियक अरेस्ट के मरीजों के लिए ऑटोमेटेड एक्सटर्नल डिफाइब्रिलेटर (एईडी) यानी शॉक मशीन लगाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इसके लिए मशीन बनाने वाली कंपनी से बातचीत पूरी हो चुकी है। अस्पताल प्रशासन ने पिछले साल मार्च में एईडी मशीन लगाने की कवायद शुरू की गई थी, लेकिन बच्चों के लिए मशीन मिलने में दिक्कत आ रही थी। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार, शुरुआती चरण में चाइल्ड पीजीआई में दो एईडी मशीनें लगाई जाएंगी। एक मशीन भूतल स्थित ओपीडी में और दूसरी प्रथम तल पर स्थापित की जाएगी, ताकि आपात स्थिति में बच्चों को तुरंत प्राथमिक उपचार मिल सके।

## धोखाधड़ी करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा में मजदूर किस्म के लोगों का फोन व एटीएम कार्ड लेकर अलग-अलग यूपीआई आईडी बनाकर ठगी करने वाले एक गिरोह के तीन बदमाशों को थाना सेक्टर-63 ने आज गिरफ्तार किया है। अभियुक्त नौकरी के नाम पर ठगी से मिलने वाली रकम को दूसरे के खाते में डलवाने के बाद खाता धारक को 1000 से 1500 रुपए कमीशन के छोड़कर शेष रकम को निकाल लेते थे।



एडीसीपी सेंट्रल नोएडा संतोष कुमार ने बताया कि थाना सेक्टर-63 पुलिस ने नौकरी दिलाने के नाम पर अलग-अलग यूपीआई आईडी बनाकर व्यक्तियों से धोखाधडी करने वाले 3 अभियुक्त आयुष पाण्डेय पुत्र स्व. पवन पाण्डेय शिवम पुत्र देशराज सिंह तथा प्रियांशु श्रीवास्तव पुत्र संजय कुमार श्रीवास्तव को डी पार्क सेक्टर-63 नोएडा से गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि अभियुक्तों के कब्जे से 5 लैपटाप, 5 एन्ड्रोइड फोन, 1 कीपैड फोन, 2 एटीएम कार्ड, नकदी एवं घटना मे प्रयुक्त एक स्विफ्ट कार बरामद हुआ है।

## दो और पशु चोर गिरफ्तार कर जेल भेजे

**यमुना सिटी।** रबूपुरा पुलिस ने पशुओं की चोरी करने के आरोप में दो भाइयों को गिरफ्तार किया है। दोनों की पहचान कोतवाली क्षेत्र के गांव धनपुरा निवासी अजहर और साहिब के रूप में हुई है। मामले में पुलिस तीन चोरों को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। पुलिस ने बताया कि गांव फलेदा निवासी व्यक्ति ने अज्ञात चोरों के खिलाफ जंगल में घूमने वाले आवारा पशुओं को चोरी का कर ले जाने की शिकायत की थी। जांच के बाद सामने आया कि आरोपी दिन में बाइक द्वारा आवारा पशुओं की रेकी करते थे और रात में अंधेरा हो जाने पर गाड़ी में चढ़ा कर ले जाते थे। पकड़े गए आरोपी वारदात के बाद से फरार चल रहे थे। पुलिस ने दोनों को धनपुरा चौराहे के पास से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

## पिता ने डाटा, बीटेक छात्रा ने सुसाइड किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा में पिता की डांट से आहट बीटेक छात्र ने हॉस्टल की चौथी मंजिल से कूदकर सुसाइड कर लिया। हॉस्टल मैनेजमेंट स्टाफ उदित सोनी को अस्पताल लेकर पहुंचा। इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। मौत की सूचना मिलते ही उसके साथी छात्र हॉस्टल के बाहर इकट्ठा हो गए। हंगामा कर दिया। करीब आधे घंटे तक बवाल होता रहा।।छात्रों ने सड़क पर खड़ी 5 बसों में तोड़फोड़ कर दी। उसके शीशे तोड़ दिए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। कार्रवाई का आश्वासन देकर छात्रों को शांत कराया। छात्रों का आरोप है कि मैनेजमेंट के टॉर्चर से परेशान होकर उदित ने जान दे दी। दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। घटना शुक्रवार रात नॉलेज पार्क थाना क्षेत्र की है।

उदित सोनी (28) झांसी के भोगनीपुर का रहने वाला था। घपिता ज्वेलर हैं। एक बड़ी बहन है। उदित गलगोटिया यूनिवर्सिटी में बीटेक सेकेंड ईयर का छात्र था। दोस्तों ने बताया- वह रात में करीब 10 बजे दोस्त कुलदीप और चेतन के साथ पार्टी कर हॉस्टल आया था। उसने शराब पी रखी थी। इसलिए वार्डन ने उसे गेट पर ही रोक लिया। वीडियो कॉल पर उसके पिता विजय सोनी से बात कराई। बताया कि उदित शराब पीकर आया है। पहले भी ऐसा कर चुका है।

**पिता ने नाम कटवाने की बात कही थी:** उदित के दोस्तों ने बताया- वार्डन की बात सुनकर पिता ने डांट लगाई। कहा कि वह यूनिवर्सिटी आ रहे हैं। उसका नाम कटवाकर घर वापस ले आएंगे। बाद पिता ने वार्डन से बात की और आश्वासन दिया कि उदित अब ऐसा नहीं करेगा। तब वार्डन ने उदित को जाने दिया। उदित सीधे कमरे में गया। थोड़ी देर तक कमरे में रहा। रात 11 बजे हॉस्टल की चौथी मंजिल पर पहुंचा और छलांग लगा दी।

**मौत की खबर सुन दोस्तों ने हंगामा किया:** तेज धमाके की आवाज सुनकर हॉस्टल का स्टाफ मौके पर पहुंचा। देखा कि उदित के सिर से खून बह रहा था। फौरन एम्बुलेंस से प्राइवेट हॉस्पिटल ले गए। वहां पर इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। उदित की मौत की सूचना जैसे ही उसके साथियों को हुई। उन्होंने हंगामा कर दिया। वार्डन के खिलाफ में नारे लगाने लगे।

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। छात्रों ने बताया- उदित रात में शराब पीकर हॉस्टल आया था। वार्डन ने उसके पिता से इसकी शिकायत कर दी। जिस पर उसके पिता ने उसे बुरी तरह से डांटा था। इसलिए उसने गुस्से में जान दे दी। अगर वार्डन ने तुरंत शिकायत करने की बजाय समझदारी से काम लिया होता तो उदित आज जिंदा होता। इसलिए वार्डन समेत अन्य स्टाफ पर कार्रवाई होनी चाहिए।

## एक नजर

### मेंटेनेंस फंड घोटाले के विरोध में सोसाइटी में ढोल-नगाड़ों के साथ निकाली रैली

**ग्रेटर नोएडा (शाह टाइम्स)।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित आम्रपाली गोल्फ होम्स एवं किंग्सवुड सोसाइटी में मेंटेनेंस फंड के दुरुपयोग करने पर निवासियों ने विरोध जताया है। आरोप है कि एडहॉक एओए की ओर से करोड़ों रुपये का घोटाला किया गया है। निवासियों ने ढोल-नगाड़ों के साथ सोसाइटी में रैली निकाली। निवासियों ने बताया कि 18 जनवरी को आयोजित जनरल बॉडी मीटिंग में जब एएओए से मेंटेनेंस फंड के खर्चों का विवरण मांगा, तो उनके साथ अभद्रता की गई। इस अस्वीकार्य व्यवहार और वित्तीय अनियमितताओं के चलते जीबीएम में उपस्थित सभी निवासियों ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर एडहॉक एओए को निस्काषित करने का फैसला लिया। निवासी लोकेंद्र व अमरनाथ का आरोप है कि जीबीएम के इस लोकतांत्रिक फैसले के बावजूद, कोर्ट रिसीवर ऑफिस से साठ-गांठ के कारण एडहॉक एओए अब भी अवैध रूप से काम कर रही है। मनमाने फैसले ले रही है और आज तक मेंटेनेंस फंड का कोई भी पारदर्शी और सत्यापित हिसाब निवासियों के सामने प्रस्तुत नहीं किया गया है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि इसके बाद भी कोर्ट रिसीवर और एडहॉक एओए ने अपनी कार्यप्रणाली में सुधार नहीं किया। पारदर्शिता नहीं अपनाई और जनता को पूरा हिसाब नहीं दिया, तो आने वाले दिनों में कोर्ट रिस. ीवर ऑफिस के सामने धरना, प्रदर्शन और रैली की जाएगी। निवासियों का कहना है कि यह आंदोलन किसी व्यक्ति के खिलाफ नहीं, बल्कि भ्रष्टाचार, लूट और मनमानी व्यवस्था के खिलाफ है और जब तक सोसाइटी फंड की निष्पक्ष जांच, पूरा हिसाब और रेजिडेंट्स के अधिकार बहाल नहीं होते, तब तक यह संघर्ष और तेज किया जाएगा।

### दहेज उत्पीड़न में पति समेत पांच के खिलाफ केस दर्ज

**यमुना सिटी (शाह टाइम्स)।** रबूपुरा कोतवाली क्षेत्र के मोहम्मदाबाद खेड़ा गांव निवासी एक व्यक्ति ने अपनी बेटी के पति व ससुराल पक्ष के अन्य लोगों पर दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़ित ने करीब एक साल पहले ही अपनी बेटी की शादी की थी। ग्रामीण लकेश के मुताबिक उन्होंने अपनी बेटी रीना की शादी करीब एक साल पहले बुलंदशहर के ऊंचा गांव निवासी आलोक तोमर के साथ की थी। शादी में उन्होंने क्षमता अनुसार दान दहेज भी दिया था। लेकिन बेटी का ससुराल पक्ष दहेज से संतुष्ट नहीं था। आरोप है कि अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर ससुराल वालों द्वारा उनकी बेटी को मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जाने लगा।

समय के साथ उत्पीड़न बढ़ता गया और रीना के साथ आए दिन मारपीट की जाने लगी। पीड़ित पिता के मुताबिक कुछ दिन पहले ससुराल वालों ने उनकी बेटी के साथ बेरहमी से मारपीट की और गंभीर रूप से घायल अवस्था में उसे मायके छोड़कर फरार हो गए। बेटी की हालत देखते हुए पिता ने पुलिस में मामले की लिखित शिकायत की। पुलिस ने शिकायत के आधार पर पर आरोपी पति आलोक तोमर, सास शारदा, ससुर रोबिन और चाची सास पिंकी और रूबी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### बारातियों से मारपीट में दो गिरफ्तार

**ग्रेटर नोएडा (शाह टाइम्स)।** ग्रेटर नोएडा के रामपुर फतेहपुर गांव में बारात चढ़त के दौरान बारातियों के बीच मारपीट के मामले में पुलिस ने 50 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। सभी आरोपी दनकौर के जगनपुर गांव के रहने वाले हैं। पुलिस के मुताबिक शुक्रवार को रामपुर फतेहपुर गांव में ब्रहमपाल की बेटी की बारात दनकौर के जगनपुर गांव से आई थी। बारात में गांव से दो सौ से अधिक बाराती थे। बारात की चढ़त के दौरान कई राइफल, पिस्टल से लैस एक पक्ष से लीला , बलवीर और तेजपाल, सतबीर ,मदन, कृष्ण, जितेंद्र, वीरे समेत कई लोगों ने दूसरे पक्ष पर रंजिश के तहत हमला कर दिया । हवाई फायरिंग के करते हुए दूसरे पक्ष के लोगों से लाठी डंडो से मारपीट की गई। इसमें वीरेंद्र, राजेंद्र , देशराज, श्री निवास, जगदीश समेत कई लोग घायल हो गए। उन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। दादरी कोतवाली पुलिस ने इस मामले में 50 लोगों पर मुकदमा दर्ज किया। पुलिस ने दो आरोपी जितेंद्र और योगेश निवासी जगनपुर को गिरफ्तार किया है। पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश में दबिश दे रही है।

**बाल कटवाने को लेकर हुआ झगड़ा रंजिश में बदला:** पिछले वर्ष मई के महीने में दोनों पक्षों के बीच बाल कटवाने को लेकर झगड़ा हुआ था। दोनों पक्ष के युवक एक दुकान पर बाल कटवाने पहुंचे थे। पहले बाल कटवाने को लेकर कहासुनी हुई। इसके बाद परिजन आमने-सामने हो गए। शादी में मिलाई को लेकर बढ़ा विवाद पुलिस प्रकरण को पुरानी रंजिश के तहत जोड़कर देख रही है। जबकि कुछ लोगों का कहना है कि शादी में मिलाई के दौरान विवाद पनप गया। किसी एक पक्ष के बुजुर्ग को शादी में लड़की वालों की तरफ से पहली मिलाई की गई। इसके बाद दूसरा पक्ष नाराज हो गया और विवाद बढ़ गया।

## नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ कृष्णा करुणेश बने सीईओ

■ इंजीनियर की मौत के बाद लोकेश एम. हटाए गए थे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ का प्रभारी चार्ज कृष्णा करुणेश को दिया गया है। कृष्णा करूणेश अथॉरिटी में एसीओ हैं। उन्हें लोकेश एम की जगह भेजा गया है। 2011 बैच के आईएएस अधिकारी कृष्णा करुणेश इससे पहले नोएडा प्राधिकरण में अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी (एसीईओ) के पद पर कार्यरत हैं। कृष्णा करुणेश को नोएडा प्राधिकरण के सीईओ की जिम्मेदारी ऐसे समय दी जा रही है प्राधिकरण और प्रशासन इंजीनियर युवराज मेहता की मौत को लेकर सवालों के घेरे में है।



कृष्णा करुणेश 2011 बैच के आईएएस अधिकारी हैं और वह मूल रूप से बिहार के रहने वाले हैं। आईएएस कृष्णा करुणेश एमए, एलएलबी हैं और उनकी गिनती तेज तर्रार आईएएस अधिकारी में की जाती है। वह गाजियाबाद में एसडीएम और सीडीओ के पद पर भी रह चुके हैं। इसके साथ ही हापुड़ व बलरामपुर में जिलाधिकारी रह चुके हैं। कुशीनगर जिले में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट के पद पर भी रह चुके हैं। मूल रुप से बिहार के निवासी आईएएस अधिकारी कृष्णा करुणेश गोरखपुर के जिलाधिकारी थे। डीएम रहते हुए उन्होंने प्रशासनिक सख्ती, कानून-व्यवस्था और विकास कार्यों को लेकर अलग पहचान बनाई थी।

योगी आदित्यनाथ सरकार ने नोएडा अथॉरिटी के सीईओ डॉ लो. केश एम को हटाते हुए उन्हें अब वेटिंग में डाल दिया है। सरकार की ओर यह कार्रवाई तब हुई जब लोगों ने घटना के विरोध में एक दिन पहले मार्च निकाला था। कार सवार इंजी. नियर युवराज की मौत का खुद ही संज्ञान लेते हुए सीएम योगी आदित्यनाथ ने घटना की जांच का भी निर्देश दिया है। जांच के लिए एसआईटी गठित की गई है और तीन बिल्डर्स के खिलाफ भी कार्रवाई की गई है। एसआईटी पांच दिनों में जांच कर रिपोर्ट सीएम को सौंपेगी। बीते रविवार को कार सवार इंजीनियर युवराज की पानी भरे गड्ढे में डूबने से मौत हो गई थी।

## राहगीरों का मोबाइल और सामान झपटने वाले दो गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** राहगीरों और बाजारों में खरीदारी करने गए ग्राहकों का मोबाइल समेत अन्य सामान झपटकर फरार होने वाले दो बदमाशों को सेक्टर-24 थाने की पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार कर लिया।

दोनों के पास से लूट का मोबा. इल, चाकू और नकदी बरामद हुई है। बदमाशों के खिलाफ सेक्टर-24 थाने में तीन केस दर्ज हैं। एसीपी स्वतंत्र सिंह ने बताया कि बीते दिनों थानाक्षेत्र में बाइक सवार बदमाशों ने एक महिला का मोबाइल लूट लिया था। बाजारों में लोगों के कीमती सामान चोरी होने के कई अन्य मामले भी सामने आए थे। ऐसे में वारदात करने वाले बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए एक टीम बनाई गई।

टीम ने शनिवार को मुखबिर से मिली सूचना पर दो शातिर बदमाशों को थानाक्षेत्र से दबोच लिया। पूछताछ में दोनों ने बताया कि वे शातिर किस्म के चोर और लुटेरे हैं, जो मौका पाकर लोगों का मोबाइल और सामान झपट कर ले जाते हैं। आरोपियों की पहचान बिहार के सिवान निवासी अंकित कुमार चौरसिया और बक्सर निवासी हर्ष सिंह के रूप में हुई है। वर्तमान में दोनों दिल्ली के गाजीपुर में किराये का कमरा लेकर रह रहे हैं। हर्ष की उम्र 20 साल जबकि अंकित कुमार की आयु 19 साल है। चोरी और लूट के मोबाइल और सामान को आरोपी राहगीरों को बेचकर रकम हासिल करते थे। रकम दोनों बदमाश आपस में बांट लेते थे। दोनों के अन्य साथियों के बारे में भी पता लगाया जा रहा है।

## अस्थायी दुकान के आगे दुकान लगाने के विरोध में पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** फेज-दो थाना क्षेत्र स्थित सब्जी मंडी में अस्थायी दुकान के आगे अस्थायी दुकान लगाने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। एक पक्ष की ओर से पिता-पुत्र ने मिलकर दुकानदार का सिर फोड़ दिया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बिहार के जिला सारण के शेरपुर गांव निवासी सोमनाथ शाह ने पुलिस को बताया कि वह वर्तमान में ईकोटेक तीन थाना क्षेत्र के कुलेसरा गांव में किराए पर रहते हैं। वह वर्तमान में नगला चरणदास सब्जी मंडी में अस्थायी दुकान पर सब्जी बेचते हैं।

20 जनवरी को उनकी दुकान के आगे आशीष कुमार नामक व्यक्ति ने अपनी अस्थायी दुकान लगाने की कोशिश की। इसका विरोध किया तो आरोपी ने गाली-गलौज शुरू कर दी। इसके बाद आरोपी का पुत्र विवेक भी वहां आ धमका। आरोप हैं कि दोनों पिता-पुत्र ने मिलकर उनके साथ मारपीट की। स्थानीय लोगों ने किसी तरह उन्हें बचाया। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। शिकायतकर्ता के सिर में गंभीर चोट आई है। उसका अस्पताल में उपचार चल रहा है। पुलिस का कहना है कि शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## 700 मेड इन इंडिया ड्रोन से खास बनेगी पुष्प प्रदर्शनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सिटी पार्क में 26 फरवरी से शुरू होने वाली पुष्प प्रदर्शनी में मेक इन इंडिया ड्रोन ही दीपावली और देशभक्ति की थीम पर लाइट और साउंड शो प्रस्तुत करेंगे। ग्रेनो प्राधिकरण ने इस शो के लिए एजेंसी की चयन प्रक्रिया में देशी ड्रोन का ही उपयोग करने की शर्त शामिल कर दी है। करीब 700 ड्रोन मिलकर शो पेश करेंगे। ड्रोन शो पर करीब 42 लाख रुपये का खर्च होगा। सीईओ एनजी रवि कुमार के निर्देश पर प्राधिकरण ने मेक इन इंडिया ड्रोन का उपयोग करने का फैसला लिया है। इसे भारतीय उत्पादों के उपयोग को ही बढ़ावा दिए जाने की पहल से जोड़ा जा रहा है। सीईओ का कहना है कि कई भारतीय कंपनियां बेहतर गुणवत्ता के ड्रोन बना रही हैं। ऐसे में हमें उनका उपयोग करना चाहिए। करीब 700 ड्रोन के उपयोग के अलावा किसी आकस्मिक स्थिति को देखते हुए 100 ड्रोन को रिजर्व भी एजेंसी को रखना होगा।

उद्घाटन के दिन ही इस ड्रोन शो को कराए जाने की योजना प्राधिकरण की है। पुष्प प्रदर्शनी एक मार्च तक चलेगी। ऐसे में प्राधिकरण एजेंसी का चयन जल्दी ही करना चाहता है। आयोजन से पहले ही एजेंसी को खुद का सर्वे पूरा कर एक डेमो शो भी रखना होगा जिससे अंतिम रूप इस शो को दिया जा सके। ग्रेनो प्राधिकरण से मिली जानकारी के मुताबिक यह एक तरह का म्यूजिकल लाइट एंड साउंड ड्रोन शो होगा। एजेंसी के प्रस्ताव में शामिल थीम में से कुछ का चुनाव प्राधिकरण के अधिकारी करेंगे। फरवरी के पहले सप्ताह में प्राधिकरण एजेंसी के चयन की प्रक्रिया पूरी कर लेगा।

## मतदाता जागरूकता की शपथ ली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) में 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस वर्ष राष्ट्रीय मतदाता दिवस की थीम माय इंडिया, माय वोट निर्धारित की गई है। प्राचार्य राज सिंह यादव ने बताया कि रैली के दौरान मतदाताओं को उनके अधिकार एवं मतदान के महत्व के प्रति जागरूक किया गया।

सभी प्रशिक्षुओं एवं संकाय सदस्यों द्वारा मतदाता जागरूकता शपथ ली गई, जिसमें यह संकल्प लिया गया कि प्रत्येक व्यक्ति अपने आसपास के लोगों को मतदान के महत्व से अवगत कराएगा और उन्हें अपने मताधिकार के प्रयोग हेतु प्रेरित करेगा। डीएलएड बैच 2024 के प्रशिक्षुओं ने मत का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि मत देना हमारा अधिकार, हमें आगे आना होगा। संस्थान में भाषण प्रतियोगिता, गीत-संगीत, कविता पाठ, पेंटिंग एवं निबंध प्रतियोगिता जैसी विभिन्न गतिविधियों का आयोजन सुनिश्चित किया गया।




कार्यक्रम का उद्देश्य प्रशिक्षुओं एवं आम नागरिकों में मतदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। इस मौके पर उप प्राचार्य अर्चना गुप्ता, राजेश खन्ना, संदीप कुमार, नीता सिंह, अर्चना पांडेय, सुमिता, रीना भारतीय, रेनू राइटियस, नियाज वारिश वारसी, वेद प्रकाश मौर्य अर्चना आर्य, निधि, अनुराग, आयुष एवं गीता देवी सहित संस्थान के समस्त संकाय सदस्य एवं प्रशिक्षु उपस्थित रहे।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email: parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

# बागपत ने उत्सव के रूप में मनाया यूपी दिवस 2026

## कलेक्ट्रेट परिसर में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए 25 स्टॉल, सरकार की योजनाओं की दी जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट परिसर उत्सव, संस्कृति और संकल्प के रंगों से सराबोर नजर आया। 'विकसित उत्तर प्रदेश-विकसित भारत' की भावना और 'हमारी संस्कृति-हमारी पहचान' के संदेश के साथ आयोजित इस भव्य कार्यक्रम ने न केवल प्रदेश के गौरवशाली इतिहास को याद किया बल्कि वर्तमान उपलब्धियों और भविष्य के संकल्प को भी सशक्त स्वर दिया।





कलेक्ट्रेट लोक मंच पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों, विभागीय प्रदर्शनियों और सम्मान समारोह ने यह संदेश स्पष्ट कर दिया कि बागपत का किसान, नौजवान, महिला और बेटियां-सब उत्तर प्रदेश को 'उत्तम प्रदेश' बनाने की साझा यात्रा में सहभागी हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश पिछड़ा वर्ग राज्य आयोग के उपाध्यक्ष सूर्य प्रकाश पाल तथा बागपत लोकसभा क्षेत्र के सांसद डा.राजकुमार सांगवान ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन कर किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी अस्मिता लाल, अपर जिलाधिकारी (वित्त/राजस्व) विनीत उपाध्याय, मुख्य विकास अधिकारी बृजेंद्र शुक्ल परियोजनाओं निदेशक राहुल वर्मा, ई ओ के के भड़ाना, उप जिलाधिकारी सहित अन्य अधिकारीगण, जनप्रतिनिधि, शिक्षाविद, सामाजिक कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। उत्तर प्रदेश दिवस के उद्देश्य को जन-जन तक पहुंचाने के लिए कलेक्ट्रेट परिसर में विभिन्न विभागों द्वारा लगभग 25 स्टॉल लगाए गए। इन स्टॉलों के माध्यम से सरकार की जनकल्याणकारी और महत्वाकांक्षी योजनाओं की जानकारी दी गई तथा पात्र लाभार्थियों को योजनाओं से जोड़ने का कार्य किया गया। विशेष रूप से 'बागपत ब्लूम' का स्टॉल लोगों के आकर्षण का केंद्र रहा, जहां कृषि उत्पादक संगठनों द्वारा निर्मित स्थानीय उत्पादों की खरीदारी करते हुए लोगों ने वोकल फॉर लोकल का संदेश आत्मसात किया। वहीं एनिमल वेलफेयर वॉलंटियर्स के स्टॉल पर युवाओं ने पशु संरक्षण, बचाव और गोद लेने की अपील के साथ मानवीय संवेदनाओं का परिचय दिया।

वहीं दिव्यांग बच्चों ने स्वयं के बनाए उत्पादों का प्रदर्शन किया। सूचना विभाग के स्टॉल पर मुख्यमंत्री का संदेश वितरित किया गया जिसे लोगों ने रुचि के साथ देखा और पढ़ा।

नेत्रदान संकल्प कैंप पर सैकड़ों लोगों ने संकल्प पत्र भरे। सभी विभागों के स्टॉल पर लोगों को खूब योजनाओं की जानकारी मिली। कार्यक्रम के दौरान डिजिटल माध्यम से लखनऊ में आयोजित राज्य स्तरीय उत्तर प्रदेश दिवस समारोह का लाइव प्रसारण भी किया गया। मुख्यमंत्री के उद्‌बोधन को बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों ने सुना और तालियों के साथ स्वागत किया। सूचना विभाग द्वारा यूपी दिवस वीडियो क्रिएटर्स चैलेंज के विजेताओं के वीडियो का प्रसारण किया गया जिसे लोगों ने खूब पसंद किया। यूपी दिवस समारोह के मुख्य अतिथि सूर्य प्रकाश पाल ने अपने संबोधन में कहा कि आज का उत्तर प्रदेश तेज़ी से 'उत्तम प्रदेश' बनने की दिशा में अग्रसर है। उन्होंने कहा कि यह परिवर्तन केवल योजनाओं का नहीं, बल्कि सोच और कार्यसंस्कृति का भी है।

# ताइक्वांडो फेडरेशन कप में सृष्टि ने जीता कांस्य पदक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** पुरा महादेव गांव की सृष्टि मलिक ने जयपुर शहर में हुए ताइक्वांडो फेडरेशन कप में शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक जीता है। स्वजन व ग्रामीणों ने हर्ष व्यक्त किया है।

राजस्थान के जयपुर शहर स्थित सवाई मानसिंह स्टेडियम में 18 से 22 जनवरी तक द्वितीय ताइक्वांडो फेडरेशन कप का आयोजन हुआ, जिसमें जिले के पुरा महादेव गांव की सृष्टि मलिक ने अंडर 14 बालिका वर्ग में अपने भार वर्ग में कांस्य पदक जीतकर अपने प्रदेश जिला व गांव का नाम रोशन किया। सृष्टि मलिक बागपत के पुरा महादेव गांव के एक साधारण परिवार की बेटी है। सृष्टि के कोच अभिषेक शर्मा ने बताया कि सृष्टि मलिक ने बहुत ही मेहनत से यह मुकाम हासिल किया है, और आगे भी करती रहेगी सृष्टि मलिक बहुत अच्छी होनहार मेहनती खिलाड़ी है। वह बहुत जल्द ताइक्वांडो विश्व चैंपियनशिप में अपनी जगह बनाकर भारत के लिए गोल्ड मेडल आएगी।

# दस्तावेज लेखक एसोसिएशन का द्विवार्षिक चुनाव संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील में शनिवार को दस्तावेज लेखक एसोसिएशन का द्विवार्षिक चुनाव- चुनाव अधिकारी ओमवीर सिंह की रेख देख में संपन्न हुआ। उन्होंने बताया कि अध्यक्ष पद पर शाहपुर बडौली निवासी चौधरी रामवीर सिंह विजय घोषित किए गए। महामंत्री पद पर राकेश विश्वकर्मा निर्विरोध घोषित हुए उपाध्यक्ष पद पर प्रवेश पवार निर्विरोध घोषित हुए कोषाध्यक्ष पद पर कृष्णपाल सिंह चौहान चुनाव जीत गए अध्यक्ष पद पर चौधरी रामवीर सिंह को 25 मत मिले जबकि सुरेश पाल तोमर को 14 मतों पर संतोष करना पड़ा पुलिस प्रशासन की रेख देख में दस्तावेज लेखक एसोसिएशन शाखा का चुनाव संपन्न हुआ। इस मौके पर अमित वशिष्ट एडवोकेट सहायक चुनाव अधिकारी देशपाल सिंह पूनिया बंटी शर्मा एडवोकेट विनोद मान एडवोकेट सिनोली हरिओम शर्मा दस्तावेज लेखक ओंकार सिंह बाबूराम शर्मा पंकज सक्सेना लालबहार पवार अमर वशिष्ठ हर्ष दुहूण अशोक अरोड़ा अश्वनी शर्मा के अलावा काफी संख्या में दस्तावेज लेखक अधिवक्ता मौजूद रहे।



# विधि-विधान के साथ प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर में शनिवार को दिल्ली-सहारनपुर रोड बस स्टैंड पर प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र का विधि-विधान के साथ प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर जन औषधि केंद्र के डायरेक्टर आर्यन कुमार ने बताया कि एनसीआर क्षेत्र के दिल्ली-सहारनपुर रोड स्थित बस स्टैंड परिसर में प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र का भव्य उद्‌घाटन संपन्न हुआ है। उद्‌घाटन कार्यक्रम में बडौत नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष अश्वनी तोमर ने फीता काटकर जन औषधि केंद्र का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र के डायरेक्टर आर्यन कुमार के नेतृत्व में पूरे विधि-विधान के साथ कार्यक्रम संपन्न कराया गया। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने केंद्र की सराहना करते हुए कहा कि जन औषधि केंद्र खुलने से आम जनता को सस्ती और गुणवत्तापूर्ण दवाइयां उपलब्ध हो सकेंगी, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं को नई मजबूती मिलेगी। नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी तोमर ने कहा कि यह केंद्र गरीब व मध्यम वर्ग के लोगों के लिए वरदान साबित होगा और सरकार की जनहितकारी योजनाओं को ज़मीनी स्तर पर मजबूती देगा। उद्‌घाटन समारोह में स्थानीय जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं क्षेत्र के लोग बड़ी संख्या में मौजूद रहे।



## एक नजर

# विकसित भारत लक्ष्य प्राप्ति में योगदान देने को बढ़ रहा आगे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** बागपत में आयोजित इस भव्य कार्यक्रम ने यह स्पष्ट कर दिया कि विकास, संस्कृति और सामाजिक समरसता-तीनों एक साथ आगे बढ़ सकते हैं। किसान की मेहनत, युवा की ऊर्जा, महिलाओं की सशक्त भूमिका और प्रशासन की प्रतिबद्धता-इन सबके साथ बागपत निरंतर आगे बढ़ रहा है और बदल रहा है। कार्यक्रम के समापन पर यही भाव उभरकर सामने आया कि उत्तर प्रदेश दिवस केवल एक दिन का उत्सव नहीं, बल्कि निरंतर चलने वाली विकास यात्रा का प्रतीक है। बागपत ने इस अवसर पर यह संदेश दिया कि समाज के हर वर्ग को साथ लेकर उत्तर प्रदेश अब देश के ग्रोथ इंजन के रूप में विकसित भारत लक्ष्य प्राप्ति में योगदान देने को आगे बढ़ रहा है।

# सपाइयों ने मनाई कर्पूरी ठाकुर की जयंती, एसआईआर की गई समीक्षा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** शनिवार को समाजवादी पार्टी कार्यालय पर सपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर की जयंती के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया। इस मौके पर कार्यकर्ताओं बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री, भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर के चित्र पर पुष्प अर्पित किए।





इस अवसर पर सपा जिलाध्यक्ष रविंद्र देव यादव ने कहा कि भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर समाज के पिछड़े और वंचित वर्गो की सशक्त आवाज रहे। उन्होंने अपने संपूर्ण जीवन में गरीबों, पिछड़ों के विकास और उत्थान के लिए कार्य किया। इस दौरान सपा राष्ट्रीय महासचिव नीरपाल गुर्जर ने एसआईआर अभियान में सपा कार्यकर्ताओं के बीएलए के रूप में कार्य करने और सपा संगठन पदाधिकारीयों व नेताओं द्वारा जनपद में मतदाता के मतदान की अधिकार को सुरक्षित रखना के लिए किए गए। जागरूकता अभियान और बूथ पर किये गए कार्यों की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान जिलाध्यक्ष रविंद्र देव यादव के नेतृत्व में जनपद में सपा संगठन द्वारा किए गए कार्यो को सराहा और आगामी कार्यक्रम के लिए निर्देश जारी किए। इस मौके पर सपा प्रदेश सचिव संजीव त्यागी, संजय डीलर, राजपाल शर्मा, जितेंद्र यादव, शाहरुख, राहुल यादव, दीप भारद्वाज सौरभ आदि मौजूद रहे।

# अज्ञात युवक का शव मिलने से फैली सनसनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छपरौली।** लुहारा गांव में शनिवार की सुबह करीब 35 वर्षीय एक अज्ञात युवक का शव पड़ा मिलने से गांव में सनसनी फैल गई। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया, लेकिन शिनाख्त नहीं हुई। उसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

थाना प्रभारी आशीष पुंडीर ने बताया कि शनिवार की सुबह करीब 6 बजे लुहारा गांव के कश्यप मोहल्ले के पास मेन रास्ते पर एक युवक का शव पड़ा मिलने की सूचना प्राप्त हुई थी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव सीएचसी छपरौली भिजवाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृतक घोषित कर दिया। मृतक युवक की शिनाख्त करने का काफी प्रयास किया लेकिन सफलता नहीं मिली। उसके बाद पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उन्होंने बताया कि मृतक के शरीर पर कोई भी चोट का निशान नहीं मिला। उन्होंने प्रथम दृष्टया में युवक नशे का आदि लग रहा है, जिसकी रात्रि में शराब का अधिक सेवन करने व सर्दी लगने के कारण मौत होना प्रतीत हो रहा है। उन्होंने बताया कि बाकी पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत होने की सच्चाई सामने आएगी।



# मारपीट और फायरिंग के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** बड़ौत कस्बे में मारपीट और फायरिंग के एक मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस घटना में एक 10 वर्षीय बच्चे को गोली लगी थी, जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। पुलिस मामले की गहनता से छानबीन कर रही है। यह घटना दो दिन पूर्व एक मामूली विवाद के बाद हुई थी। पीड़ित पक्ष की तहरीर के आधार पर पुलिस ने दूसरे पक्ष के दो लोगों को गिरफ्तार किया है। गोली लगने से घायल बच्चे का इलाज जारी है। लक्की पुत्र पालेराम की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था। पीड़ित ने बताया कि आदित्य आर्यन और दीपक ने मिलकर उनके परिवार पर हमला किया था, जिसमें नाबालिग बच्चे को गोली लगी। पुलिस ने घायल बच्चे को अस्पताल में भर्ती कराया और आरोपियों की तलाश शुरू कर दी। बड़ौत कोतवाली प्रभारी मनोज चहल ने बताया कि जानलेवा हमला औरफायरिंग के मामले में फरार चल रहे दीपक और आदित्य को चेकिंग अभियान के दौरान गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से एक तमंचा और एक जिंदा कारतूस भी बरामद हुआ है। उन्होंने बताया कि मामले में फरार अन्य आरोपियों को भी जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# गिरिराज जी की शरण में पहुंचे मथुरा बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गोवर्धान।** मथुरा बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारी गिरिराज महाराज की शरण में पहुंचे। दानघाटी मंदिर में विधि-विधान और मंत्रोच्चारण के बीच पूजा अर्चना कर सभी पदाधिकारियों ने अपने नए दायित्वों की शुभ शुरुआत की। सेवायतों द्वारा पदाधिकारियों का प्रसाद, दुपट्टा एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर भव्य स्वागत किया गया। शनिवार को दानघाटी मंदिर में मथुरा बार एसोसिएशन अध्यक्ष राघवेंद्र सिंह, सचिव मनोज शर्मा, उपाध्यक्ष राजकृष्ण भारद्वाज, संयुक्त सचिव सुरेंद्र शर्मा, कोषाध्यक्ष विनोद शर्मा तथा ऑडिटर देवकीनंदन शर्मा ने गिरिराज जी के श्रृंगार दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। सेवायत एडवोकेट पवन कौशिक ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का माला, दुपट्टा व प्रसादी देकर सम्मान किया। इससे पूर्व बार एसोसिएशन अध्यक्ष राघवेंद्र सिंह अपने पैतृक गांव भवनपुरा पहुंचे, जहां राष्ट्रीय महासचिव उत्तर प्रदेश चौधरी गोविंद सिंह, हरेकृष्ण चौधरी सहित ग्रामीणों ने सभी पदाधिकारियों का जोरदार स्वागत किया।

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मनाई कर्पूरी ठाकुर की जयंती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर में सांसद एवं उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश चेयरमैन तनुज पुनिया के बड़े भाई हिमांशु पुनिया के आकस्मिक निधन पर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी। साथ ही उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री अजय राय की मंशा के अनुरूप शहर कांग्रेस कमेटी कार्यालय दिल्ली बस स्टैंड पर कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने प्रसिद्ध स्वतंत्रा संग्राम सेनानी सघर्ष के प्रतीक जननायक बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर की जयंती सादगी पूर्ण मनाई। उनकी तशवीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर शत शत नमन किया। भावपूर्ण स्मरण करते हुए विचार गोष्ठी का आयोजन किया गोष्ठी की अध्यक्षता शहर अध्यक्ष रामहरि पंवार ने की तथा संचालन याकूब अहमद ने किया।

वरिष्ठ नेता सत्यपाल पथोलिया ने देश हित मे किये गये। महान कर्यो को याद करते हुए बताया उन्होंने पीड़ित शोषितो वंचितों दलितो दबे कुचले वर्ग के उत्थान कल्याण के लिए सदैव प्रयत्नशील संघर्षशील रहे उनका सादा जीवन सरल स्वभाव द्रढ संकल्पित इच्छा शक्ति से बरबस ही लोग प्रभावित हो जाते थे बिहार के मुख्यमंत्री के रूप में उन्नति विकास को गति देने मे उनके योगदान को सदैव याद किया जायेगा। शहर अध्यक्ष रामहरि पंवार ने कहा देश को आजाद कराने में पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर का योगदान अतुलनीय है। आज के युवाओं को देश हित मे उनके स्वर्णिम विचारो को अपनाने की जरुरत है। आगामी कार्यक्रम मनरेगा बचाओ संग्राम अभियान तहत न्याय पंचायत स्तर पर गांव गांव जाकर मनरेगा मे किये गये। बदलाव गरीब मजदूरों के छीने गये। हक अधिकारो से जागरूक किया जायेगा। इस अवसर पर औमवीर दुहण ब्रजमोहन शर्मा शोकेन्द्र तोमर रविन्द्र तोमर बिजेन्द्र शर्मा पूर्व पी सी सी सदस्य क्रष्ण हरि पंवार सोनू त्यागी प्रवेज याकूब अहमद मदन सिंह डाक्टर सुभाष शर्मा देवेन्द्र शर्मा सोमपाल महेन्द्र सिंह रामदेव मीडिया प्रभारीऔकार दत्त जौनमाना नेवी आदि उपस्थित रहे।

# आवास विकास कॉलोनी में कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** मुख्य मार्ग पूर्वी यमुना नहर सड़क के टी पॉइंट पर भारी अतिक्रमण के चलते यहां आए दिन दुर्घटना होती रहती है अब शायद ही है किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रही है। वरिष्ठ समाजसेवी जिला आर्य प्रतिनिधि सभा के मंत्री रवि शास्त्री ने बताया कि लगातार अधिकारियों से इसकी शिकायत कई बार दर्ज कराई गई मगर शिकायत के बावजूद भी अधिकारियों ने इस पर कोई भी संज्ञान आज तक नहीं लिया वर्षो से आज तक कोई भी समस्या का समाधान नहीं हो पाया सुविधा शुल्क की वजह से यह सब हो रहा है। 40 फीट चौड़े रास्ते अब 20 फुट के रह गए हैं। अधिकारियों के संरक्षण में सड़क की ईट उखाड़कर पेड़ लगाना छोटी-छोटी जगह बनाकर कयारी बनाना आदि सभी काम मौके पर दिखाई दे रहे हैं। नगर पालिका वन विभाग बिजली विभाग आवास विकास परिषद एवं स्थानीय प्रशासन भी किसी बड़े हादसे की इंतजार में है समय रहते हैं अगर इस पर कार्रवाई नहीं की गई तो रवि शास्त्री के नेतृत्व में बाद धरना प्रदर्शन तहसील परिसर में दिया जाएगा। इस रोड पर कई स्कूल भी पड़ते हैं यह घोर लापरवाही का खामियां इन नन्हे मुन्ने छात्र-छात्राओं को भी भुगतना पड़ सकता है। रवि शास्त्री ने कहा कि अधिकारियों को इस मामले पर तुरंत कार्रवाई करनी चाहिए। अन्यथा यहां बड़ा हादसा होने का खतरा पैदा हो गया है। आवास विकास कॉलोनी के लोगों ने भी अधिकारियों से इस मामले पर संज्ञान लेने की गुहार लगाई है आज एक बच्चे को बचाने के चक्कर में शनिवार को गाड़ी वाले बिजली विभाग के द्वारा सड़क पर लगाए गए। खंभे में टकराए जाने की नौबत आ गई थी लेकिन किसी वजह से यह बच्चा बच गया।



# समूहों से जुड़े लोगों को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों-महिलाओं, किसानों, युवाओं, उद्यमियों और स्वयं सहायता समूहों से जुड़े लोगों-को मंच से सम्मानित किया गया। उन्हें प्रमाण पत्र, टूल किट और स्मृति चिन्ह प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया। लाभार्थियों के चेहरों पर दिखता आत्मविश्वास इस बात का प्रमाण था कि सरकारी योजनाएं ज़मीनी स्तर पर सकारात्मक परिवर्तन ला रही हैं। कार्यक्रम में जनपद के विशिष्ट नागरिकों की उपस्थिति ने आयोजन की गरिमा को और बढ़ाया। 'शूटर दादी' प्रकाशो तोमर सेवानिवृत्त शिक्षिका ओमबीरी और राज्य युवा पुरस्कार विजेता अमन कुमार सहित जनपद के विभिन्न विशिष्ट नागरिकों की उपस्थिति ने सभी के लिए प्रेरणा का कार्य किया। समाज के लिए प्रेरणा इन विशिष्ट नागरिकों की उपस्थिति ने युवाओं और आम नागरिकों को आगे बढ़ने की दिशा दिखाई। कार्यक्रम के अंत में उत्तर प्रदेश को 'उत्तम प्रदेश' बनाने का भाव सभी के मन में स्पष्ट रूप से दिखाई दिया। जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और आम नागरिकों ने विकास, समरसता और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने का संकल्प दोहराया। उत्तर प्रदेश दिवस के मंच से यह स्पष्ट संदेश गया कि विविधताओं के बावजूद प्रदेश की आत्मा एक है। उत्तर प्रदेश दिवस का यह आयोजन केवल अतीत की स्मृति नहीं, बल्कि भविष्य की दिशा भी तय करता नजर आया।

# 24 जनवरी 1950 को उत्तर प्रदेश को राज्य का दर्जा मिला तभी से प्रदेश ने अपनी विशिष्ट पहचान बनाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** उन्होंने किसान, युवा और महिलाओं की भूमिका को विशेष रूप से रेखांकित करते हुए कहा कि जब समाज का हर वर्ग विकास में सहभागी बनता है, तभी प्रदेश सशक्त होता है। सांसद डा.राजकुमार सांगवान ने उत्तर प्रदेश के गौरवशाली इतिहास और समृद्ध विरासत पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश भारत का सबसे बड़ा राज्य ही नहीं, बल्कि सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और वैचारिक दृष्टि से भी देश की धुरी रहा है। उन्होंने कहा कि 24 जनवरी 1950 को उत्तर प्रदेश को राज्य का दर्जा मिला और तभी से इस प्रदेश ने अपनी विशिष्ट पहचान बनाई। स्वतंत्रता संग्राम से लेकर राष्ट्र निर्माण तक, उत्तर प्रदेश का योगदान अतुलनीय रहा है। उन्होंने उपस्थित जनसमूह से आहवान किया कि वे प्रदेश के निर्माण, विकास, उन्नति और सशक्तिकरण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं। सांसद ने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देशन में प्रदेश में जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य निरंतर किया जा रहा है। पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ मिल रहा है और इससे समाज के कमजोर वर्गों में नया आत्मविश्वास पैदा हुआ है। उन्होंने बागपत की सहभागिता को रेखांकित करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश को 'उत्तम प्रदेश' बनाने में जनपद बागपत की भूमिका महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम का एक भावनात्मक और प्रेरक पक्ष राष्ट्रीय बालिका दिवस के साथ उत्तर प्रदेश दिवस का संयुक्त उत्सव रहा। कलेक्ट्रेट लोक मंच पर बालिकाओं द्वारा 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' और उत्तर प्रदेश दिवस की थीम पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। इन प्रस्तुतियों ने न केवल मंच को जीवंत किया, बल्कि समाज में बेटियों के प्रति सकारात्मक सोच और सम्मान का संदेश भी दिया। मंचासीन अतिथियों ने बालिकाओं की प्रस्तुतियों की मुक्तकंठ से सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। इस दौरान अतिथियों ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान में शामिल होकर हस्ताक्षर किए। कार्यक्रम स्थल को तिरंगे के रंगों में सजाया गया था। जगह-जगह रंगोली, पारंपरिक सजावट और सांस्कृतिक प्रतीकों ने पूरे परिसर को उत्सवमय वातावरण प्रदान किया।



# मवाना बार में शाहनवाज राना के सम्मान में समारोह आयोजित

- उ.प्र. बार काउंसिल के चुनाव में सदस्य पद के प्रत्याशी हैं शाहनवाज राना
- राना ने कहा, अधिवक्ताओं की आवाज पहुंचाएंगे शासन तक





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मवाना।** पूर्व विधायक एवं बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के पूर्व उपाध्यक्ष शाहनवाज राना शनिवार को मवाना पहुंचे और अधिवक्ताओं से मुलाकात की। बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के चुनाव में वह सदस्य पद पर चुनाव लड़ रहे हैं। मेरठ जनपद में 27-28 जनवरी को चुनाव होना है। इसी क्रम में मवाना पहुंचने पर मवाना बार में उनका भव्य स्वागत किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि बार उपाध्यक्ष रहते हुए उन्होंने अधिवक्ताओं के साथ हादसा या निधन होने पर बार की ओर से मिलने वाली राशि जो बढ़ोत्तरी कराई थी, बीस सालों में उसे आज तक नहीं बढ़ाया गया है। बार में मौजूद अधिवक्ताओं ने उन्हें प्रथम वरीयता पर वोट देने का भरोसा दिलाते हुए समर्थन दिया।

बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के 25 सदस्य पदों के लिए तीसरे चरण में मेरठ जनपद में 27-28 जनवरी को मतदान होगा। पूर्व विधायक एवं बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के पूर्व उपाध्यक्ष शाहनवाज राणा भी पूरे दमखम के साथ मैदान में हैं और हर जनपद में अधिवक्ताओं का उन्हें भरपूर समर्थन मिल रहा है। प्रचार के क्रम में शाहनवाज राणा शनिवार को मवाना पहुंचे। यहां पहुंचकर एडवोकेट आदेश शर्मा, मेहताब, समर अब्बास जैदी, आसिफ इकबाल मलिक, परवेज कुरैशी, मेमपाल, कमलदीप भारद्वाज, शाह अब्बास, मोहम्मद सरताज आदि अधिवक्ताओं ने उनका स्वागत किया। सभी अधिवक्ताओं के साथ शाहनवाज राणा ने सभी के चेंबर पर पहुंचकर मुलाकात की और उन्हें प्रथम वरीयता पर वोट देने की अपील की। अधिवक्तओं से संपर्क के बाद वह मवाना बार के हॉल में पहुंचे, जहां पूर्व पदाधिकारी शमसुद्दीन अंसारी सहित अन्य अधिवक्ताओं ने उन्हें फूल माला पहनाकर उनका सम्मान किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि बार काउंसिल उ.प्र. और शासन तक अधिवक्ताओं की बात पहुंचाने के लिए पश्चिमी उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व होना बहुत जरूरी है। हर बार 25 में से महज 3-4 सदस्य ही चुने जाते हैं, जिससे यहां के अधिवक्ताओं का परेशानी यूपी बार तक नहीं पहुंच पाती है। काला कोट पहनने के बाद अधिवक्ता सिर्फ अधिवक्ता होता है, वह किसी जाति या धर्म का नहीं होता है। पश्चिम की भागीदार बढ़ाने के लिए हर अधिवक्ता को अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी। उन्होंने कहा कि वह अपनी 25 वोट सिर्फ पश्चिमी उप्र के प्रत्याशियों को ही दें।



### युवा अधिवक्ताओं को मिले मानेदय और चेंबर

उन्होंने कहा कि अधिवक्ताओं के सामने समस्याएं बहुत हैं, जिनका समाधान करने के लिए वह हमेशा प्रयासरत रहे हैं। युवा अधिवक्ता 8-10 सालों तक संघर्ष का संघर्ष करत हैं, तब जाकर उनमें से कुछ ही को चेंबर मिल पाता है। साथ ही इस संघर्ष के समय उन्हें मानदेय भी मिलना चाहिए। जो अधिवक्ता 30-40 सालों तक काम करते हैं और वृद्ध होने की स्थिति में जब वे काम करने योग्य नहीं रहते तो उनके लिए कुछ पेंशन की व्यवस्था भी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जब वे यूपी बार के उपाध्यक्ष थे तो उन्होंने अधिवक्ता के साथ हादसा या दुर्घटना में मृत्यु होने पर जो सहायता राशि का प्राविधान निर्धारित कराया था, उसमें दो दशक बाद भी कोई वृद्धि नहीं हुई जबकि इतने समय में महंगाई कहां की कहां पहुंच गई है। उन्होंने मवाना के अधिवक्ताओं द्वारा समर्थन दिए जाने पर आभार प्रकट किया और कहा कि सभी के आशीर्वाद से वे काउंसिल के सदस्य बनेंगे और अधिवक्ताओं की सभी समस्याओं का समाधान करने के लिए वह कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे। वरिष्ठ अधिवक्ता शमसुद्दीन अंसारी, विरेंद्रपाल गुर्जर, संजीव चौहान, राजकुमार आदि ने उन्हें समर्थन देने का भरोसा दिया।

## चाइनीज मांझे की चपेट में आने से दरोगा की ठोड़ी और गाल कटा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शनिवार को बाइक सवार दरोगा कि ड्यूटी पर जाते समय चाइनीज मांझे की चपेट में आने से ठोड़ी और गाल कट गया। राहगीरों ने तुरंत दरोगा को निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां घायल दरोगा का उपचार चल रहा है। चाइनीज मांझे के कहर से शहर के कई लोग शिकार बन चुके है। पुलिस प्रशासन की छापेमारी के बावजूद भी चाइनीज मांझे की बिक्री पर रोक नहीं लग पा रही है। घायल दरोगा की ठोड़ी और गाल बुरी तरह कट गए जहां 18 टांके लगे हैं अस्पताल में घायल दरोगा का उपचार चल रहा। घायल दरोगा थाना लोहिया नगर में तैनात है।

## डंपर में लगी भीषण आग, पुलिसकर्मी ने चालक को खिड़की खोलकर बाहर निकाला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शनिवार को थाना परतापुर क्षेत्र में दिल्ली रोड पर होंडा शोरूम के सामने सुबह रोड़ी बजरपुर के खाली डंपर में भीषण आग लग गई। केबिन में लगी आग के चलते चालक अंदर ही फंसा रह गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंचे फेंटम पर तैनात पुलिसकर्मी देवेंद्र यादव ने किसी तरह खिड़की खोलकर चालक को बाहर निकाला।

आग की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया। आग में चालक मामूली रूप से झुलस गया। पुलिस ने उसे उपचार के लिए भेजा। चालक शिव प्रताप निवासी प्रतापगढ़ ने बताया कि वह एक्सप्रेस-वे का निर्माण कार्य करने वाली कंपनी क्यूब हाईवेज में डंपर चलाता है शनिवार को वह रिझानी में बने कंपनी के यार्ड से डंपर लेकर मेरठ साउथ स्टेशन के पास निर्माण कार्य के लिए जा रहा था इसी दौरान उसके सामने अचानक एक कार ने ब्रेक लगा दिए थे उसने भी ब्रेक लगाए इसके बाद अचानक



आग लग गई आग में पूरा केबिन जलकर राख हो गया। घटना के बाद दिल्ली रोड पर जाम की स्थिति बन गई पुलिस ने वाहनों को निकाल कर जाम सुचारु किया। विश्वास कुमार ने बताया कि शॉर्ट सर्किट से आग लगने के बाद सामने आई है अन्य कारणों की जांच की जा रही है।

# जाम के जाल में फंसा सरधना कस्बा

## नगर पालिका की नाकामी से थमा नगर का पहिया, अवैध अतिक्रमण बना परेशानी का सबब

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** नगर की सड़कों पर फैला जाम अब सिर्फ असुविधा नहीं, बल्कि सरधनावासियों के लिए रोज की सजा बन चुका है। सुबह से शाम तक शहर की मुख्य सड़कों पर जाम की स्थिति बनी रहती है। हाल यह है कि सौ मीटर का सफर तय करने में लोगों को आधा-आधा घंटा लग रहा है। राहगीर हलकान हैं, व्यापारी परेशान हैं और आम नागरिक नगर पालिका को कोसने को मजबूर है।

नगर की बदहाल सड़कों ने जाम की समस्या को और विकराल बना दिया है। जगह-जगह गड्ढे वाहनों की रफ्तार थाम लेते हैं, वहीं सड़कों पर फैला अवैध अतिक्रमण जाम को स्थायी रूप दे चुका है। ठेले, दुकानों का बढ़ा हुआ सामान और अव्यवस्थित पार्किंग ने सड़कों को संकरा कर दिया है, लेकिन नगर पालिका आंखें मूंदे बैठी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बार-बार शिकायतों के बावजूद न तो सड़कों की मरम्मत की जा रही है और न ही अतिक्रमण हटाने की कोई ठोस कार्रवाई दिखाई दे रही है। नगर पालिका के दावे फाइलों तक सीमित हैं, जबकि हकीकत में हालात दिन-प्रतिदिन बदतर होते जा रहे हैं। जाम का सबसे ज्यादा असर व्यापार पर पड़ रहा है। ग्राहक बाजार आने से कतराने लगे हैं, जिससे दुकानदारों की आमदनी घट रही है। वहीं स्कूल बसें,



एम्बुलेंस और अन्य आपातकालीन वाहन भी जाम में फंस जाते हैं, जो किसी भी समय बड़े हादसे का कारण बन सकता है। नगरवासियों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। लोगों का साफ कहना है कि यदि जल्द ही सड़कों को दुरुस्त कर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई नहीं की गई, तो वह आंदोलन के लिए मजबूर होंगे। अब सवाल यह है कि क्या नगर पालिका किसी बड़े हादसे या जनआक्रोश के फूटने का इंतजार कर रही है, या फिर सरधनावासियों को इस जाम के जाल से कब निजात मिलेगी।

## सपा कार्यकर्ताओं ने कमिश्नरी पार्क में हवन कर कर्पूरी ठाकुर को किया याद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शनिवार को समाजवादी पार्टी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव गिरीश मथुरिया के नेतत्व में कमिश्नरी पार्क में भारत रत्न सम्मानित जननायक के नाम से विख्यात कर्पूरी ठाकुर की 102वीं जयंती के अवसर पर पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं के द्वारा हवन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान कर्पूरी ठाकुर के बारे में विस्तार से बताया गया। जिला उपाध्यक्ष बोबी सेन ने बताया कि इस अवसर पर समाजवादियों ने कर्पूरी ठाकुर के सामाजिक न्याय, समानता एवं जनसेवा के विचारों का स्मरण करते हुए उनके आदर्शों को अपनाने का संकल्प लिया। इस दौरान राहुल ठाकुर, कुलदीप सेन, साहब सिंह, फैजान अंसारी, संदीप यादव, फैसल गोकुलपुर, गौरव गुर्जर, अभिषेक भाटी, सौरभ अग्रवाल, विजय ठेकेदार, अमित शर्मा, मोहित ठाकुर, माणिक ठाकुर, मनीष सेन, गौरव सेन आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# तहसील मतदाता मैपिंग केंद्र बना अव्यवस्था का अड्डा, जिम्मेदार अधिकारी रहे नदारद

- एसआईआर बन रहा उत्पीड़न का कारण
- बुजुर्ग व महिलाएं हो रहे परेशान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

मेरठ। तहसील में चल रही मतदाता मैपिंग एवं सत्यापन प्रक्रिया के दौरान अव्यवस्थाओं के आरोप सामने आए हैं। व्यवस्था को लेकर स्थानीय नागरिकों में नाराजगी देखी जा रही है। सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो में भारी भीड़ और अफरातफरी जैसी स्थिति दिखाई दे रही है, जिससे पूरी प्रक्रिया पर सवाल उठने लगे हैं।

सूत्रों के अनुसार, तीन विधान सभा क्षेत्रों के मतदाताओं के सत्यापन के लिए केवल एक ही हॉल निर्धारित किया गया है, जो संख्या के हिसाब से बेहद छोटा बताया जा रहा है। सीमित स्थान के कारण वहां लोगों की लंबी कतारें लग रही हैं और धक्का-मुक्की जैसी स्थिति बन रही है। एक शिकायतकर्ता ने नाम गोपनीय रखने की शर्त पर बताया कि लोगों को घंटों लाइन में खड़ा रहना पड़ रहा है, लेकिन उनकी समस्याओं का समय पर समाधान नहीं हो पा रहा। आरोप है कि मौके पर कोई वरिष्ठ अथवा जिम्मेदार अधिकारी मौजूद नहीं रहता, जिससे आम नागरिकों को बार बार भटकना पड़ रहा है। बताया जा रहा है कि बुजुर्ग, महिलाएं और कामकाजी लोग सबसे अधिक परेशान हो रहे हैं। कई लोग अपने काम छोड़कर आने के बावजूद निराश होकर लौटने को मजबूर हैं। गौरतलब है कि मतदाता मैपिंग लोकतांत्रिक प्रक्रिया से जुड़ा महत्वपूर्ण कार्य है, जिसमें पारदर्शिता और सुचारू व्यवस्था अनिवार्य मानी जाती है। ऐसे में व्यवस्थागत कमियों के आरोप प्रशासन की तैयारियों पर प्रश्न चिह्न लगा रहे हैं।



## चुनाव चार दिन का अधिवक्ता भाईचारा हमेशा का...

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** यूपी बार कॉसिल का प्रतिष्ठित चुनाव धीरे-धीरे रंग में आ रहा है। बताया जा रहा है कि दो चरण के चुनाव हो चुके हैं और तीसरे चरण में मेरठ, मुजफ्फरनगर-मुरादाबाद आदि जनपदों में 27 व 28 जनवरी को मतदान की तारीख घोषित है। मेरठ से लगभग पांच हजार मतदाता बताए जा रहे हैं। इन मतदाताओं के बल पर मेरठ से एक समय में दो सदस्यों ने प्रतिनिधित्व किया था। इस बार भी जनपद से कई उम्मीदवार चुनाव मैदान में है साथ ही आसपास के जनपदों हापुड़, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, बागपत, शामली और मुजफ्फरनगर आदि के प्रत्याशी मेरठ के मतदाताओं से काफी आस लगाये बैठे है। चुनाव का रोमांच इस कदर हावी है कि मतदान मेरठ बार एसोसिएशन में होना है और रास्ते पर अभी से ही कई अधिवक्ताओं के तंबू लग चुके हैं। हालाकि इसकी एक वजह यह है कि मतदान से ठीक एक दिन पूर्व गणतंत्र दिवस का पर्व पड़ रहा है और मेरठ बार एसोसिएशन के अलावा जिला बार एसोसिएशन ही नहीं मुंशियों की एसोसिएशन भी इस पर्व को उत्साह के साथ मनाते हैं। मुंशियों का खाना सेशन हवालात के पास चलता है जिला बार का जिला बार में और मेरठ बार का मेरठ बार में। मेरठ बार में तीन हजार से ज्यादा सदस्य हैं। जो इस आयोजन में सम्मिलित होते है। इस कारण ही इन तंबुओं का समय से पूर्व लगना माना जा रहा है। प्रत्याशीगण 26 जनवरी के इस पर्व में भाग लेंगे। लेकिन कुछ प्रत्याशियों ने नाम न प्रकाशित करने की शर्त पर अपनी पीड़ा व्यक्त की है कि उनकी प्रचार सामग्री को फाड़कर फेंका जा रहा है। शाह टाइम्स का मानना है कि चुनाव तो केवल चार दिन का है लेकिन अधिवक्ताओं को तो हमेशा साथ मिलकर चलना है। और चलते भी आए हैं। पूरे प्रदेश में कहीं भी अधिवक्ता का उत्पीड़न हो सब एक मंच पर आ जाते हैं। इसलिए इस प्रतिष्ठित चुनाव में भी अपना भाईचारा बना कर रखे प्रचार करने का अधिकार सब को है मतदाता वोट अपनी इच्छा के अनुसार ही देता है।

# विज्ञान और दीनियत से ही बेटियों का समग्र विकास संभवः सांसद इकरा



**शाह टाइम्स संवाददाता**


**मेरठ।** खतौली स्थित काजी गार्डन में शनिवार को इस्लामिक गर्ल्स अकादमी द्वारा विज्ञान एवं दीनियत विषय पर एक भव्य एवं प्रेरणादायक शैक्षिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए आधुनिक शिक्षा के साथ नैतिक एवं धार्मिक मूल्यों की महत्ता को रेखांकित करना रहा। कार्यक्रम में केराना की सांसद इकरा हसन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं, जबकि सरधना नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष सबीला अंसारी विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शामिल हुईं। मुख्य अतिथि सांसद इकरा हसन ने कहा समाज की बेटियों को सशक्त बनाने के लिए विज्ञान और दीनियत दोनों की शिक्षा अनिवार्य है। विज्ञान प्रगति का मार्ग प्रशस्त करता है, जबकि दीनियत नैतिकता, मानवता और सामाजिक उत्तरदायित्व का बोध कराती है।

कार्यक्रम के दौरान इस्लामिक गर्ल्स अकादमी की ओर से सांसद इकरा हसन द्वारा नगर पालिका अध्यक्ष सबीला अंसारी को स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में नईम, आयशा, बच्ची सैनी, परवेज गाजी संचालक, अब्दुश समद मिर्जा, इरशाद गुर्जर, फैजान खेड़ी, दानिश मिर्जा, सईद कुरैशी, अंशु गुर्जर, डॉ. कविता नागर, डॉ. कविता गुप्ता, इंजीनियर उस्मान मिर्जा, शाहवेज अंसारी सरधना सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे।

## पाइपलाइन बिछाने के बाद छोड़े गड्ढे, हर्रा में पेयजल आपूर्ति ठप होने से लोगों में रोष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरूरपुर।** नगर पंचायत हर्रा में जल निगम द्वारा हाल ही में बिछाई गई पेयजल पाइपलाइन अब लोगों के लिए सुविधा के बजाय परेशानी का कारण बनती जा रही है। पाइपलाइन डालने के दौरान सड़कों व गलियों में खोदे गए गड्ढों को ठीक से भरा नहीं गया, जिससे जगह-जगह सड़कें धंस गई हैं और पाइप लाइन भी कई स्थानों पर क्षतिग्रस्त हो गई है। परिणाम स्वरूप नगर में पेयजल आपूर्ति बाधित हो गई है और लोगों को पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। इस संबंध में नगर पंचायत के सभासद कामिल पुंडीर ने जल निगम में शिकायत दर्ज कराई है। सभासद व नगर वासियों का आरोप है कि कई बार अवगत कराने के बावजूद विभाग समस्या की ओर ध्यान नहीं दे रहा। टूटी



पाइपलाइन के कारण न केवल जलापूर्ति रुक-रुक कर हो रही है, बल्कि सड़कों पर गंदा पानी भरने से संक्रमण का खतरा भी बढ़ गया है। स्थानीय लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द मरम्मत कार्य शुरू नहीं कराया गया तो वे सामूहिक रूप से प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे। नगरवासियों ने प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप कर समस्या का समाधान कराने की मांग की है।

## पल्लवपुरम दिगंबर जैन पंचायती मंदिर में रजत जयंती महोत्सव का भक्तिमय शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** पल्लवपुरम स्थित दिगंबर जैन पंचायती मंदिर में रजत जयंती महोत्सव के त्रिदिवसीय आयोजन का शुक्रवार को भव्य शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम के प्रथम दिन प्रातः काल आचार्य गुरुवर 108 श्री भारत भूषण जी महाराज के सानिध्य में शांति विधान का आयोजन किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने विधि विधान से श्री जी का अभिषेक एवं शांति धारा कर पुण्य लाभ अर्जित किया। सायंकालीन एवं रात्रि सत्र में मयूर जैन संगीतकार के कलाकारों द्वारा संगीतमय भजन संध्या का आयोजन किया गया। भजन संध्या का शुभारंभ चित्र अनावरण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन कुणाल जैन सरधना द्वारा चित्र अनावरण कर किया गया, जबकि सुरेंद्र जैन, प्रदीप जैन एवं कौशल्या परिवार ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम को गति प्रदान की। मयूर जैन संगीतकार के सुमधुर एवं भक्तिरस से ओत-प्रोत भजनों पर उपस्थित धर्मप्रेमी श्रद्धालु झूमते नजर आए और देर रात तक



भक्ति में लीन रहे। इस अवसर पर मंदिर के संरक्षक पवन जैन, विनोद जैन, अमित जैन, रिंकू जैन, कार्यक्रम संयोजक अरिहंत जैन, नितिन जैन, बिट्टू जैन, अभिषेक जैन, दीपक जैन, शरद जैन, निकुंज जैन, अमित जैन एडवोकेट सहित बड़ी संख्या में समाज के गणमान्य उपस्थित रहे।

## टी-20 विश्व कप से बाहर बांग्लादेश

### बांग्लादेश की जगह खेलेगा स्कॉटलैंड




**दुबई, वार्ता।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने शनिवार को बांग्लादेश के अड़ियल रवैये पर सख्त रुख अख्तियार करते हुए सात फरवरी से भारत और श्रीलंका की मेजबानी में होने वाले टी-20 विश्वकप में उसकी जगह स्कॉटलैंड को ग्रुप सी में शामिल करने की आधिकारिक घोषणा कर दी।

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के मुख्य कार्यकारी संजोग गुप्ता ने बोर्ड को औपचारिक रूप से पत्र लिखा कि बांग्लादेश की मांगें बोर्ड की पॉलिसी के हिसाब से नहीं है। बोर्ड के सभी सदस्यों को लिखे गए इस पत्र में गुप्ता ने बताया कि बीसीबी आईसीसी बोर्ड के फैसले का पालन नहीं कर रहा था और इस बड़े इवेंट के लिए बांग्लादेश की जगह किसी दूसरे देश, इस मामले में स्कॉटलैंड को बुलाने के अलावा कोई और रास्ता नहीं था। इस पत्र की कॉपी बीसीबी के अध्यक्ष अमीनुल इस्लाम को भी भेजी गई है, जो आईसीसी बोर्ड के सदस्य हैं। उन्होंने क्रिकेट स्कॉटलैंड को भी लिखा और उन्हें भारत और श्रीलंका में होने वाली चैंपियनशिप में हिस्सा लेने के लिए औपचारिक न्योता भेजा। क्रिकेट स्कॉटलैंड की मुख्य कार्यकारी लिडब्लेड से संपर्क किया। उनकी ओर से कोई तुरंत जवाब नहीं मिला, लेकिन वेबसाइट को पता चला है कि शनिवार सुबह दुबई और एडिनबर्ग के बीच हॉटलाइन शुरू हो गई थीं। क्रिकेट की वर्ल्ड गवर्निंग बॉडी ने बांग्लादेश को भारत में खेलने के अपने रुख पर विचार करने का समय दिया था और मुख्य कार्यकारी गुप्ता लगातार बीसीबी सदस्यों के साथ बातचीत कर रहे थे। आईसीसी नहीं चाहता था कि ऐसा कोई खतरनाक उदाहरण बने जहां कोई सदस्य मैचों को दूसरी जगह कराने की मांग करे। आईसीसी ने स्पष्ट कर दिया था कि वह विश्व कप प्रतियोगिता की पवित्रता की रक्षा करना चाहता है। स्कॉटलैंड अपने प्रदर्शन के आधार पर मौजूदा रैंकिंग में 14वें नंबर है और इसी लिए उसे विश्वकप में जगह मिली है। स्कॉटलैंड अब टूर्नामेंट के शुरुआती स्टेज में ग्रुप सी में होगा और कोलकाता में वेस्टइंडीज (सात फरवरी), इटली (नौ फरवरी) व इंग्लैंड (14 फरवरी) के खिलाफ खेलेगा।

### मोखलेसुर रहमान पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच शुरू: बीसीबी

**ढाका, वार्ता।** बीसीबी की इंटीग्रिटी यूनिट ने बोर्ड निदेशक मोखलेसुर रहमान पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच शुरू कर दी है। बीसीबी ने बताया कि रहमान ने बोर्ड की ऑडिट कमेटी के अध्यक्ष पद से भी इस्तीफा दे दिया है। इस सीजन के बीपीएल से जुड़े ए आरोप पत्रकार रियासाद अजीम की एक इन्वेस्टिगेटिव रिपोर्ट में लगाए गए थे। उन्होंने गुरुवार को अपने अधिकारिक फेसबुक पेज पर पोस्ट किया था। आईसीसी इंटीग्रिटी यूनिट के पूर्व प्रमुख रहे एलेक्स मार्शल बीसीबी की इंटीग्रिटी यूनिट की अगुवाई कर रहे हैं।

## जोकोविच 400वीं मेजर जीत हासिल कर फेडरर की रिकॉर्ड के बराबर पहुंचे



● **एटीपी रैंकिंग में वर्ल्ड नंबर-4 को उस लिस्ट में अकेले टॉप पर आने का मौका मिलेगा**

**मेलबर्न, वार्ता।** नोवाक जोकोविच ने शनिवार को ऑस्ट्रेलियन ओपन में अपने शानदार करियर में एक और मील का पत्थर जोड़ा, जहां वह मेजर में 400 मैच जीतने वाले पहले पुरुष खिलाड़ी बन गए। 38 वर्षीय सर्बियाई खिलाड़ी ने बोटिक वैन डी जैंड्सचल्प के खिलाफ सीधे सेटों में जीत के साथ यह उपलब्धि हासिल की, जिससे ऑल-टाइम सूची में उनकी बढ़त और बढ़ गई।

जोकोविच अब रोजर फेडरर से 31 जीत आगे हैं, जो 369 मेजर मैच जीत के साथ दूसरे स्थान पर हैं, जो खेल के उच्चतम स्तर पर जोकोविच के दो दशक के करियर को परिभाषित करने वाली असाधारण लंबी उम्र और निरंतरता को रेखांकित करता है।

इस जीत का मेलबर्न में भी खास महत्व था, जहां जोकोविच ने फेडरर के 102 ऑस्ट्रेलियन ओपन मैच जीतने के रिकॉर्ड की बराबरी की। एटीपी रैंकिंग में वर्ल्ड नंबर 4 को उस लिस्ट में अकेले टॉप पर आने का मौका मिलेगा जब वह चौथे राउंड में याकूब मेन्सिक या एथन क्विन का सामना करेंगे। जोकोविच का मेजर टूर्नामेंट में सफर 20 साल से भी पहले शुरू हुआ था, जब उन्होंने 2005 में रौलां गैरो में रॉबी जिनेप्री के खिलाफ अपना पहला मेजर मैच जीता था। तब से, पूर्व वर्ल्ड नंबर 1 ने रिकॉर्ड 24 मेजर खिताब जीते हैं, जिसमें मेलबर्न पार्क खिताब के मामले में उनका सबसे सफल स्टेज साबित हुआ है।

सबसे ज्यादा ऑस्ट्रेलियन ओपन जीत रिकॉर्ड 10 बार के ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन, जोकोविच ने आखिरी बार 2023 में ट्रॉफी उठाई थी। जोकोविच इस पखवाड़े में अपने पहले तीन मैचों में सहज दिखे हैं, उन्होंने स्पेन के पेड्रो मार्टिनेज और इटली के क्वालिफायर फ्रांसेस्को मेस्ट्रेली को भी सीधे सेटों में हराया है।

### संक्षिप्त खेल समाचार

#### फीफ विमेंस चैंपियंस कप में हिस्सा लेने वालों को रिकॉर्ड प्राइज मनी देगा

**जेनेवा, वार्ता।** वर्ल्ड फुटबॉल गवर्निंग बॉडी ने शुक्रवार को अनाउंस किया कि पहले फीफा विमेंस चैंपियंस कप विनर को रिकॉर्ड तोड़ प्राइज मनी दी जाएगी। फीफा ने कहा कि विमेंस चैंपियंस कप की फाइनल चैंपियन को 23 लाख डॉलर मिलेंगे, जबकि रनर-अप को 10 लाख डॉलर मिलेंगे। हर कॉन्फेडरेशन के चैंपियन इंटरकॉन्टिनेंटल क्लब टाइटल के लिए मुकाबला करेंगे। दो सेमीफाइनल 28 जनवरी को ब्रिटेन के लंदन में ब्रेंटफोर्ड स्टेडियम (जीटेक कम्युनिटी स्टेडियम) में होने हैं। फाइनल 1 फरवरी को आर्सेनल स्टेडियम में खेला जाएगा। फाइनलिस्ट को दी जाने वाली प्राइज मनी के अलावा, हारने वाली दो दूसरी टीमों में से हर एक को 200,000 डॉलर मिलेंगे।

#### सनराइजर्स लगातार चौथी बार एसए20 फाइनल में पहुंची

**सैंडटन, वार्ता।** सनराइजर्स ईस्टर्न केप ने शानदार प्रदर्शन करते हुए लगातार चौथी बार बेटवे एसए20 फाइनल में जगह बना ली। अब रविवार को न्यूलैंड्स में उनका सामना प्रिटोरिया कैपिटल्स से होगा, जहां 2023 के उद्घाटन फाइनल का रीमैच देखने को मिलेगा। दो बार की चैंपियन सनराइजर्स ने रॉयल्स द्वारा दिए गए 114/7 के लक्ष्य को सात विकेट शेष रहते और 50 गेंदें बाकी रहते आसानी से हासिल कर लिया। युवा इंग्लिश ऑलराउंडर जेम्स कोल्स ने एक और बेहतरीन हरफनमौला प्रदर्शन किया। ऑफ स्पिन से चार ओवरों में 1/15 लेने के बाद कोल्स ने बल्लेबाजी में नाबाद 45 रन बनाकर रन चेज में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस पिच पर, जहां टर्न और बाउंस के कारण बल्लेबाजी आसान नहीं थी, कोल्स ने डैन के पहले ही ओवर को निशाना बनाते हुए 21 रन बटोरे व लक्ष्य का बड़ा हिस्सा जल्दी ही घटा दिया।

## वावरिका तीसरे दौर में हारे

● **स्टैन वावरिका तीन बार के विजेता फिट्ज से 7-6(5), 2-6 6-4, 6-4 से हार गए**

**मेलबर्न, वार्ता।** स्विस दिग्गज स्टैन वावरिका शनिवार को अपने आखिरी ऑस्ट्रेलियन ओपन से बाहर हो गए, तीन बार के मेजर विजेता 7-6(5) 2-6 6-4 6-4 से अमेरिकी टेलर फिट्ज से हार गए और एक बहुत पसंद किए जाने वाले पूर्व चैंपियन के तौर पर गर्मजोशी भरी तालियों का आनंद लिया।

40 वर्षीय, जिन्होंने 2014 का खिताब जीतकर मेलबर्न में अपना ग्रैंड स्लैम ब्रेकथ्रू किया था, जिसके बाद के वर्षों में फ्रेंच ओपन और यूएस ओपन में भी ट्रॉफी जीतीं, ने घोषणा की थी कि 2026 उनका विदाई सीजन होगा। अपने पहले मैच में लास्लो डेरे को हराने और पिछले राउंड में बहुत छोटे आर्थर गेया के खिलाफ पांच-सेट मैराथन जीतने के बाद, वावरिका ने एक और शानदार प्रयास किया लेकिन जॉन केन एरिना में अमेरिकी नौवीं वरीयता प्राप्त फिट्ज के खिलाफ उनकी ऊर्जा खत्म हो गई।

वावरिका ने कहा कि वह (फिट्ज) एक अद्भुत खिलाड़ी है, वह खेलने के लिए एक कठिन फाइटर है, इसलिए उन्हें और उनकी टीम को बधाई। वह आज बेहतर था, इसमें कोई सवाल नहीं है। माहौल अविश्वसनीय था, इसलिए हमेशा आने के लिए आप सभी का धन्यवाद। वावरिका ने पहले सेट का टाइब्रेक हारने के बाद भी हार नहीं मानी और अगले सेट में आसानी से जीत हासिल की, लेकिन तीसरे सेट में उन्हें हार माननी पड़ी, जिसके बाद उन्होंने मेडिकल टाइमआउट लिया, और उसके बाद उन्हें दबाव बनाए रखने में कभी-कभी मुश्किल हुई।

## गुवाहाटी में आज सीरीज कब्जाने उतरेगी भारतीय टीम



● **न्यूजीलैंड अपनी उम्मीदें जिंदा रखने के लिएउलटफेर करने की कोशिश करेगा**

**गुवाहाटी, वार्ता।** भारत रविवार को शाम 7 बजे यहां बरसापारा क्रिकेट स्टेडियम में न्यूजीलैंड के खिलाफ चल रही टी-20 सीरीज के तीसरे मैच में अपना दबदबा कायम रखने का लक्ष्य रखेगा। सीरीज में 2-0 से आगे चल रहा भारत 3-0 से सीरीज जीतने की राह पर है, जबकि न्यूजीलैंड अपनी उम्मीदें जिदा रखने के लिए उलटफेर करने की कोशिश करेगा। सभी की निगाहें भारत के कप्तान सूर्यकुमार यादव पर टिकी हैं, जिन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ नौ टी-20 मैचों में 316 रन बनाए हैं। उनकी लगातार अच्छी फॉर्म ने भारत के मिडिल ऑर्डर को मजबूती दी है, और वह सीरीज में भारत की पकड़ बनाए रखने में अहम भूमिका निभाएंगे। रायपुर में पिछले मैच में सूर्यकुमार ने 37 गेंदों में 221.62 के स्ट्राइक रेट से 82 रन बनाए थे, जबकि ईशान किशन ने 32 गेंदों में तेज 76 रन का योगदान दिया था। अभिषेक शर्मा की शुरुआती सीजन की फॉर्म, हार्दिक पांड्या की ऑलराउंड क्षमताएं और संजू सैमसन की विस्फोटक बल्लेबाजी भारतीय टीम को और मजबूत बनाती है। अर्शदीप सिंह और जसप्रीत बुमराह भारत के तेज गेंदबाजी आक्रमण की अगुवाई करेंगे, जिसमें शिवम दुबे और वरुण चक्रवर्ती अतिरिक्त गेंदबाजी विकल्प प्रदान करेंगे। बरसापारा में पहले बल्लेबाजी करने वाली टीमों का औसत 185-190 रन रहा है, लेकिन इस बल्लेबाजी के अनुकूल पिच पर अनुशासित गेंदबाजी और गति में बदलाव महत्वपूर्ण रहेंगे। ऐतिहासिक रूप से, यहां टॉस जीतने वाली टीमें पहले गेंदबाजी करना पसंद करती हैं, क्योंकि पिछले मैचों में लक्ष्य का पीछा करना थोड़ा आसान साबित हुआ है। इस बीच, न्यूजीलैंड अपनी बल्लेबाजी क्रम में एक स्थिर नंबर तीन बल्लेबाज की पहचान करने के लिए प्रयोग करना जारी रखे हुए है। डेरिल मिशेल से मिडिल ऑर्डर को मजबूत करने की उम्मीद है, जबकि रचिन रवींद्र और मिशेल सेंटनर फॉर्म में वापसी करने का लक्ष्य रखेंगे। हाल ही में विश्व कप टीम में शामिल किए गए काइल जैमीसन डेथ ओवरों के विशेषज्ञ के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे, जिन्हें ईश सोढ़ी और जैकब डफी का समर्थन मिलेगा। डेवोन कॉनवे विकेटकीपिग करेंगे, जबकि ग्लेन फिलिप्स, टिम रॉबिन्सन और मार्क चैपमैन अतिरिक्त बल्लेबाजी गहराई प्रदान करेंगे। हालिया फॉर्म से पता चलता है कि भारत ने अपने पिछले पांच टी-20 मैचों में से चार जीते हैं, जबकि न्यूजीलैंड ने अपने पिछले पांच मैचों में से तीन जीते हैं। टी-20 में दोनों टीमों के बीच हेड-टू-हेड रिकॉर्ड बताते हैं कि भारत ने 26 में से 13 मैच जीते हैं, न्यूजीलैंड ने 10 और तीन मैच टाई रहे।

## चौथे दौर में भिड़ेंगी कीज व जेसिका पेगुला



● **राउंड ऑफ-16 में दोनों के करियर की चौथी आमने-सामने की भिड़त होगी**

**मेलबर्न, वार्ता।** अमेरिकी मैडिसन कीज और जेसिका पेगुला शनिवार को ऑस्ट्रेलियन ओपन में सीधे सेटों में विजेता रहीं, जिससे दोनों अच्छी दोस्त राउंड ऑफ 16 के मुकाबले में पहुंच गईं और यह उनके करियर की चौथी आमने-सामने की भिड़ंत होगी। हालांकि मेलबर्न में बहुत ज्यादा गर्मी की वजह से खेल आम तौर पर तय समय से एक घंटा पहले शुरू करना पड़ा, लेकिन कीज या पेगुला में से कोई भी बिना सीड वाले विरोधियों के खिलाफ रूटीन में बदलाव से परेशान नहीं हुआ। नंबर 6 सीड पेगुला ने मार्गरेट कोर्ट एरिना में क्वालिफायर ओक्साना सेलेखमेतेवा को 6-3, 6-2 से हराया, जबकि डिफेंडिग चैंपियन कीज ने पूर्व वर्ल्ड नंबर 1 कैरोलिना प्लिसकोवा को 6-3, 6-3 से हराकर अपना लगातार 10 ऑस्ट्रेलियन ओपन मैच जीता। कीज अपने ओवरऑल हेड-टू-हेड मुकाबलों में पेगुला से 2-1 आगे हैं जिसमें पिछले जनवरी में एडिलेड इंटरनेशनल के फाइनल में ऑस्ट्रेलियाई धरती पर 6-3, 4-6, 6-1 से जीत शामिल है। दोनों अमेरिकियों ने अपनी तीसरे राउंड की जीत में चार बार सर्व तोड़ा। पेगुला अब पिछले पांच सालों में 11 बार किसी बड़े टूर्नामेंट के राउंड 16 में पहुंच चुकी हैं। कीज बनाम पेगुला के विनर ने यह पक्का कर दिया है कि लगातार 12वें साल ऑस्ट्रेलियन ओपन क्वार्टर फाइनल में कम से कम एक अमेरिकी होगा। 2014 आखिरी सीजन था जब कोई नहीं था। इस बीच लगातार दूसरे साल, अमांडा अनिसिमोवा चौथे राउंड में पहुंच गई हैं, इस बार उन्होंने मार्गरेट कोर्ट एरिना में हमवतन पेटन स्टर्न्स को 6-1, 6-4 से हराया। दुनिया की नंबर 4 खिलाड़ी ने यह पक्का किया कि वह ज्यादा देर तक धूप में न रहें, शनिवार दोपहर को 1 घंटे 11 मिनट में जीत हासिल की। यह चौथी बार है जब अनिसिमोवा मेलबर्न के राउंड ऑफ 16 में पहुंची हैं, और वह डब्ल्यूटीए टूर में पहली बार स्टर्न्स को हराकर वहां पहुंची हैं। उन्होंने इस हफ्ते अभी तक कोई सेट नहीं गंवाया है और स्टर्न्स के देर से चार्ज करने के बावजूद, यहां भी ऐसा होने का कोई असली खतरा नहीं दिखा। अनिसिमोवा ने शुरुआती गेम में एक ब्रेक पॉइंट बचाया और थोड़ी देर बाद स्टर्न्स को ब्रेक करके 2-0 की बढ़त बना ली। फिर उन्होंने एक और ब्रेक लेकर 5-1 की बढ़त बना ली और आधे घंटे से थोड़ा ज्यादा समय में सेट जीत लिया।

### सिंधु को हराकर ओलंपिक चैंपियन चेन सेमीफाइनल में

**जकार्ता, वार्ता।** चीन की ओलंपिक चैंपियन चेन युफेई ने शुक्रवार को यहां 2026 इंडोनेशिया मास्टर्स के सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए शानदार प्रदर्शन किया। चेन ने भारतीय स्टार पी वी सिंधु को सीधे गेम में 21-13, 21-17 से हराकर महिला एकल सेमीफाइनल में जगह बनाई, उन्होंने पूरे मैच में निरंतरता और नियंत्रण दिखाया। सेमीफाइनल में उनका मुकाबला जापान की नोजोमी ओकुहारा से होगा। मिश्रित युगल में, चीन के जियांग जेनबांग और वेई याक्सिन ने तीन गेम के कड़े मुकाबले में मेजबान जोड़ी अदनान मौलाना और इंदाह चाह्या सारी जमील को 22-20, 14-21, 21-19 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। एक और चीनी मिश्रित युगल जोड़ी, गुओ शिनवा और चेन फांगहुई, डेनमार्क के मथियास क्रिस्टियनसेन और एलेक्जेंड्रा बोजे से 21-18, 21-14 से हारकर क्वार्टर फाइनल से बाहर हो गईं। महिला युगल में, चीन की लुओ शुमिन व वांग यिडुओ इंडोनेशिया की राहेल एलेस्या रोज और फेबी सेटियानिग्रम से तीन गेम में 18-21, 21-16, 21-10 से हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गईं।

## सिनर ने क्रैम्प, हीट ने स्पिजिरी को हराया

### जैनिक सिनर का अगला मुकाबला इटैलियन लुसियानो डार्डोरी से होगा



**मेलबर्न, वार्ता।** जैनिक सिनर को शनिवार को ऑस्ट्रेलियन ओपन में अपने टाइटल डिफेंस के लिए एक बड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा, लेकिन उन्होंने रॉड लेवर एरिना के अंदर क्रैम्प, हीट और एलियट स्पिजिरी को 4-6, 6-3, 6-4, 6-4 से हराकर चौथे राउंड में जगह बनाई। सिनर ने कहा कि आज के लिए बहुत खुश हूं। जाहिर है अगला मैच, देखते हैं क्या होता है।

उनका अगला मुकाबला साथी इटैलियन लुसियानो डार्डेरी से होगा। (हमने) सिर्फ एक बार प्रैक्टिस की है, इसलिए यह ज्यादा नहीं है। लेकिन ग्रैंड स्लैम में क्वार्टर फाइनल में कम से कम एक इटैलियन का होना बहुत खुशी की बात है। यह बहुत बढ़िया है। जब मैच एक-एक सेट से बराबर था, तो स्पिजरी ने तीसरे सेट में 3-1 की बढ़त बना ली, जबकि सिनर साफ तौर पर क्रैम्प से जूझ रहे थे, मुश्किल से सर्व करने या हिलने-डुलने के लिए आगे बढ़ पा रहे थे। लेकिन ऑस्ट्रेलियन ओपन हीट स्ट्रेस स्केल 5 पर पहुंच गया, जिससे अधिकारियों ने छत बंद करने के लिए खेल रोक दिया। 10 मिनट से भी कम के ब्रेक के बाद, खेल फिर से शुरू हुआ, लेकिन वह छोटा सा सस्पेंशन बहुत जरूरी साबित हुआ।

जब खेल फिर से शुरू हुआ, तो सिनर ने वापसी की और तीन घंटे, 45 मिनट में जीत हासिल की। सिनर ने कहा कि आज बहुत गर्मी थी। तीसरे सेट में थोड़ी क्रैम्प शुरू हुई, जो समय के साथ धीरे-धीरे ठीक हो गई। अब थोड़े अनुभव के साथ मैं अपने शरीर को थोड़ा बेहतर जानता हूं, कुछ स्थितियों को थोड़ा बेहतर तरीके से संभालने की कोशिश कर रहा हूं।आज किस्मत अच्छी रही। जब उन्होंने छत बंद की, तो थोड़ा समय लगता है। थोड़ा आराम करने की कोशिश की। इससे मदद मिली। कुछ पॉइंट्स को खेलने का तरीका भी थोड़ा बदल गया। इससे मुझे आज पक्का मदद मिली। टेक्सस यूनिवर्सिटी के पूर्व कॉलेज टेनिस स्टार, स्पिजिरी पहली बार किसी मेजर के तीसरे राउंड में खेल रहे थे और इससे पहले उन्होंने कभी ऑस्ट्रेलियन ओपन के मेन ड्रॉ में नहीं खेला था। यह टॉप-10 अपोनेंट के खिलाफ उनका पहला मैच था। मैच के ज्यादातर समय, 24 साल के स्पिजरी ने कोई घबराहट नहीं दिखाई। स्पिजरी ने चार बार के मेजर चैंपियन के साथ बेसलाइन से लगातार शॉट मारे, और निडर टेनिस खेला। सिनर परफेक्ट नहीं थे, उन्होंने 51 अनफोर्स्ड एरर किए। लेकिन उन्होंने 56 विनर लगाए, जिसमें उनका सबसे अच्छा प्रदर्शन अक्सर सबसे जरूरी मौकों पर आया। स्पिजरी ने मैच में अपने 16 ब्रेक मौकों में से सिर्फ छह को ही भुनाया, जबकि सिनर ने अपने 11 में से आठ ब्रेक पॉइंट जीते। स्पिजिरी तीसरे सेट में सिर्फ छह में से एक थे, जिससे सिनर को क्रैम्प से जूझकर बढ़त हासिल करने में मदद मिली। तीसरे सेट के बाद, खिलाड़ी टूर्नामेंट के हीट रूल की वजह से स्पिजिरी को 10 मिनट का ब्रेक मिला।

## गावस्कर ने सूर्यकुमार की 'परिपक्व' पारी की तारीफ की



● **कहा: सूर्या ने अपनी पारी की शुरुआती दौर का इस्तेमाल 'अपनी लय में आने' के लिए किया**

**रायपुर, वार्ता।** भारत के पूर्व कप्तान और जियोस्टार एक्सपर्ट सुनील गावस्कर ने दूसरे टी-20 में न्यूजीलैंड पर भारत की जीत में कप्तान सूर्यकुमार यादव की शांत पारी की तारीफ की, और ईशान किशन के साथ एक अहम साझेदारी के दौरान उनकी मैच की समझ और दिखाई गई परिपक्वता पर जोर दिया।

क्रिकेट लाइव पर, गावस्कर ने बताया कि कैसे सूर्यकुमार ने अपनी पारी के शुरुआती दौर का इस्तेमाल ष्अपनी लय में आनेष के लिए किया, जबकि किशन दूसरे छोर से अटैक कर रहे थे। गावस्कर ने कहा कि सूर्य की पारी ने दिखाया कि उन्हें स्थिति की जानकारी थी। वह 11 गेंदों पर 11 रन बनाकर खेल रहे थे। 97 रनों की साझेदारी में से 76 रन ईशान किशन ने बनाए थे। यह कप्तान की परिपक्वता भी दिखाता है।

उन्होंने कहा कि जब किशन पूरी लय में थे, तो सूर्यकुमार ने स्ट्राइक रोटेट करने और सेटल होने पर ध्यान दिया। उन्होंने आगे कहा कि दूसरा खिलाड़ी इतनी अच्छी बल्लेबाजी कर रहा था, इसलिए वह उसे ज्यादा स्ट्राइक दे रहा था, साथ ही अपनी लय में आ रहा था, सिगल और डबल लेकर पैरों में सर्कुलेशन बढ़ा रहा था, और इसलिए खुद को बड़े शॉट के लिए तैयार कर रहा था। गावस्कर ने बताया कि किशन के आउट होने के बाद सूर्यकुमार ने कमान संभाली।

## ईशान ने टीम में वापसी का श्रेय आत्मविश्वास को दिया

### ईशान ने सूर्या के योगदान और शिवम के आखिर में किए गए कैमियों को सराहा



**रायपुर, वार्ता।** इंडिया के ओपनर ईशान किशन ने कहा कि फॉर्म में वापसी और नेशनल टीम में जगह एक आसान सवाल की वजह से मिली, जो उन्होंने इंटरनेशनल क्रिकेट से दूर रहने के दौरान खुद से पूछा था।

क्या वह फिर से सबसे ऊंचे लेवल पर परफॉर्म कर पाएंगे। न्यूजीलैंड पर भारत की सात विकेट से जीत में प्लेयर ऑफ द मैच चुने जाने के बाद, किशन ने उस समय को याद किया जब उन्हें टीम से बाहर कर दिया गया था और कहा कि डोमेस्टिक क्रिकेट ने उन्हें कॉन्फिडेंस वापस पाने में मदद की। किशन ने कहा कि मैंने खुद से एक सवाल पूछा: क्या मैं इसे फिर से कर सकता हूं या नहीं? और मेरे पास इसका बहुत साफ जवाब था। लेफ्ट-हैंडर ने बताया कि ब्रेक के दौरान उनका फोकस सिर्फ रन बनाने और खुद को यह साबित करने पर था कि वह भारत के लिए परफॉर्म करने में काबिल हैं।

उन्होंने कहा कि मैं सिर्फ डोमेस्टिक क्रिकेट में रन बनाना चाहता था। कभी-कभी यह अपने लिए करना जरूरी होता है, अपने सवालों के जवाब देना कि आप कैसे बैटिंग कर रहे हैं और क्या आप इंडिया के लिए खेलने में काबिल हैं। इसलिए मेरे लिए डोमेस्टिक क्रिकेट खेलना और रन बनाना जरूरी था। किशन ने कहा कि घरेलू टाइटल जीतने से इंटरनेशनल असाइनमेंट से पहले उनका कॉन्फिडेंस और बढ़ा। उन्होंने कहा कि अच्छी बात यह थी कि हमने ट्रॉफी भी जीती, और मैं उस कॉन्फिडेंस को यहां भी ले गया। इसलिए यह मेरे लिए काफी अच्छा दिन था। अपनी धमाकेदार पारी के दौरान 240 के करीब स्ट्राइक रेट से रन बनाने के बावजूद, किशन ने कहा कि उन्होंने बड़े टारगेट का पीछा करते समय जान-बूझकर गैर-जरूरी रिस्क से परहेज किया। उन्होंने कहा कि हम रिस्क नहीं लेना चाहते थे, क्रॉस-बैटेड नहीं होना चाहते थे, लेकिन मैं फिर भी पावरप्ले में ज्यादा से ज्यादा रन बनाने की कोशिश कर रहा था। दिन के आखिर में, जब आप 200 से ज्यादा के टोटल का पीछा कर रहे होते हैं, तो आपको पावर प्ले में अच्छे रन बनाने होते हैं। किशन ने पारी के दौरान मेंटली शांत रहने की अहमियत पर जोर दिया।

उन्होंने आगे कहा कि मैं आज जो करना है उस पर फोकस कर रहा था और बस खुद को अच्छे माइंडस्पेस में रख रहा था। कभी-कभी आपको लगता है कि आप अच्छी बैटिंग कर रहे हैं और बस बॉल को देखने और उस स्पेस में रहने की कोशिश करते हैं। न्यूजीलैंड के बड़े स्कोर के जवाब में, किशन की 21 गेंदों में खेली गई जबरदस्त हाफ सेंचुरी, कप्तान सूर्यकुमार यादव के योगदान और शिवम दुबे के आखिर में किए गए कैमियो ने भारत को जीत दिलाई। भारत ने पावरप्ले के आखिर में 75/2 का स्कोर बनाया, जो न्यूजीलैंड के खिलाफ भारत का दूसरा सबसे बड़ा पावरप्ले स्कोर था, इससे पहले 2007 में जोहान्सबर्ग में आईसीसी टी-20 वर्ल्ड कप के दौरान भारत ने 76/1 का स्कोर बनाया था, जिससे एक बड़े चेज के लिए मंच तैयार हुआ।

## दोहरा शतक लगाने के बाद सरफराज ने अजहर को श्रेय दिया

● **सरफराज खाने ने हैदराबाद में एलीट ग्रुप डी मैच में दोहरा शतक (227) लगाया**

**हैदराबाद, वार्ता।** सरफराज खान मोहम्मद अजहरुद्दीन के वीडियो देखकर बड़े हुए हैं और शुक्रवार को हैदराबाद में एलीट ग्रुप डी मैच में हैदराबाद के खिलाफ दोहरा शतक (227) लगाने के बाद, मुंबई के इस बल्लेबाज ने अपने शानदार प्रदर्शन के लिए पूर्व भारतीय कप्तान को श्रेय दिया। हालांकि, अजहर ने कहा कि सारा श्रेय खिलाड़ी को ही जाना चाहिए। अजहर ने शुक्रवार शाम को क्रिकबज से कहा कि सारा श्रेय सरफराज को मिलना चाहिए - मुझे क्यों? सरफराज के रात भर 128 रन पर नाबाद रहने के बाद दोहरा शतक पूरा करने के कुछ घंटे बाद वह मेरे ऑफिस आया था और उसके कुछ सवाल थे। मैंने उसे कुछ बातें बताईं। यह मेरा फर्ज है, और मैंने उसे समझाया कि यह कैसे किया जाना चाहिए। मैं उसे इस शानदार पारी के लिए बधाई देता हूं। अजहर ने यह बताने से इनकार कर दिया कि सवाल क्या थे, यह कहते हुए कि यह बल्लेबाज से पूछा जाना चाहिए। हालांकि, उन्हें लगा कि सरफराज को भारत के लिए चुना जाना चाहिए। उसने अच्छा प्रदर्शन किया है। उसे भारतीय टीम के लिए चुना जाना चाहिए। उसे मौके नहीं मिल रहे हैं। वह एक आक्रामक बल्लेबाज है और, कई अन्य लोगों के विपरीत, उसे बहुत अधिक अवसर नहीं मिले हैं। उसने हर स्तर पर अच्छा प्रदर्शन किया है। सरफराज ने जो छह टेस्ट खेले हैं, उनमें उन्होंने एक शतक लगाया है। उन्होंने नवम्बर 2024 से भारत के लिए नहीं खेला है। 28 वर्षीय सरफराज, जो मुंबई के बल्लेबाजी के मुख्य स्तंभ हैं, ने खुलासा किया कि मैच से एक दिन पहले बातचीत के दौरान उन्होंने अजहर से क्या सीखा। दोहरे शतक खास होते हैं।

# भारत से एक्स्ट्रा 25 प्रतिशत टैरिफ हटाएगा अमेरिका!

## अमेरिकी वित्तमंत्री बोले: भारत ने रूस से तेल खरीद घटाई, ये अमेरिका सरकार की बड़ी जीत



■ पहली बार 1 अगस्त को व्यापार घाटे को लेकर 25% टैरिफ लगाया गया
■ ट्रम्प ने पहली बार अप्रैल 2025 में दुनिया पर ग्लोबल टैरिफ लगाया था

**वाशिंगटन।** अमेरिका के वित्त मंत्री स्काट बेसेंट ने कहा है कि डोनाल्ड ट्रम्प सरकार भारत पर लगाए गए 50 प्रतिशत टैरिफ में से आधा टैरिफ हटाने पर विचार कर सकती है। उन्होंने अमेरिकी मीडिया वेबसाइट पालिटिको को दिए इंटरव्यू में कहा कि भारत ने रूस से कच्चा तेल खरीदना काफी कम कर दिया है, इसलिए टैरिफ में राहत देने की गुंजाइश बन रही है।

बेसेंट ने इसे अमेरिका की बड़ी जीत बताया और कहा कि भारत पर लगाया गया 25 प्रतिशत टैरिफ काफी असरदार रहा है और इसकी वजह से भारत की रूसी तेल खरीद घट गई है। उन्होंने कहा कि टैरिफ अभी भी लागू हैं, लेकिन अब इन्हें हटाने का रास्ता निकल सकता है। अमेरिका ने अगस्त 2025 में भारत पर दो बार टैरिफ लगाया था। पहली बार 1 अगस्त को व्यापार घाटे को लेकर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाया गया। इसके बाद 27 अगस्त को रूस से तेल खरीदने की वजह से एक बार और 25 प्रतिशत टैरिफ लगाया गया। ट्रम्प ने पहली बार अप्रैल 2025 में दुनिया पर ग्लोबल टैरिफ लगाया था। बेसेंट ने यह भी कहा कि यूरोपीय देश भारत पर टैरिफ इसलिए नहीं लगा रहे हैं क्योंकि वे भारत के साथ बड़ा व्यापार समझौता करना चाहते हैं। साथ ही उन्होंने यूरोप पर आरोप लगाया कि वह भारत से रिफाइंड तेल खरी. दकर खुद ही रूस की मदद कर रहा है। बेसेंट रूसी तेल खरीदने पर लगने वाले 500 प्रतिशत टैरिफ प्रस्ताव पर बोल रहे थे। इसमें अमेरिका उन देशों पर 500 प्रतिशत तक टैरिफ लगा जा सकता है, जो रुस का तेल खरीदते हैं। बेसेंट ने कहा कि 500 प्रतिशत टैक्स लगाने का प्रस्ताव सीनेटर ग्राहम ने सीनेट में रखा है। हालांकि राष्ट्रपति ट्रम्प को इसकी जरूरत नहीं है। अमेरिकी राष्ट्रपति के पास पहले से ही एक कानून (आईईईपीए) के तहत यह अधिकार है कि वे राष्ट्रीय आपात स्थिति का हवाला देकर दूसरे देशों पर भारी आर्थिक प्रतिबंध या टैक्स लगा सकते हैं। अमेरिका, पुतिन पर दबाव बढ़ाने के लिए भारत समेत कई देशों से कह रहा है कि वे रूस से तेल खरीद बंद करें। भारत ने इस दबाव को गलत और अनुचित बताया है और कहा है कि उसकी एनर्जी पालिसी देश के हितों के हिंसाब से तय होती है। पिछले हफ्ते दावोस में भी बेसेंट ने फाक्स न्यूज से कहा था कि ट्रम्प के 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने के बाद भारत ने तेल की खरीद काफी कम कर दी थी और अब लगभग बंद कर दी है। कुछ हालिया रिपोर्टों में कहा गया है कि भारत की कुछ निजी कंपनियों ने रूस से तेल इंपोर्ट कम किया है, लेकिन भारत सरकार का कहना है कि रूस से तेल की खरीद जारी है। दिसम्बर 2025 में भारत रूस से तेल खरीदने में तीसरे नंबर पर आ गया। तुर्की दूसरा सबसे बड़ा खरीदार बन गया। तुर्की ने 2.6 बिलियन यूरो का तेल खरीदा। भारत ने दिसम्बर में रूस से 2.3 बिलियन यूरो यानी लगभग 23000 करोड़ रुपये का तेल खरीदा। नवम्बर में भारत ने 3.3 बिलियन यूरो यानी करीब 34700 करोड़ रुपये का तेल खरीदा था। चीन अब भी सबसे बड़ा खरीदार बना हुआ है, उसने दिसम्बर में रूस से 6 बिलियन यूरो यानी करीब 63100 करोड़ रुपये का तेल खरीदा। भारत की खरीद कम होने की सबसे बड़ी वजह रिलायंस इंडस्ट्रीज रही। रिलायंस की जामनगर रिफाइनरी ने रूस से तेल खरीद करीब आधी कर दी।



जम्मू-कश्मीर। कुलगाम जिले के वानपोह के पास गणतंत्र दिवस समारोह से पहले जम्मू-कश्मीर राष्ट्रीय राजमार्ग पर निगरानी करते सुरक्षाकर्मी।

## दक्षिण कोलंबिया में धमाके से सात की मौत, आठ लोग घायल

**बोगोटा।** कोलंबिया के दक्षिणी नारिनो प्रांत के टुमाको के एक ग्रामीण इलाके में विस्फोट होने से सात लोग मारे गए जबकि आठ से ज्यादा घायल हो गए हैं। स्थानीय अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि विस्फोट गुरुवार देर रात लोरेंटे जिले के एक गांव में हुआ, जो टुमाको से लगभग 25 किलोमीटर दूरी पर स्थित है। नारिनो के गवर्नर लुइस अल्फोंसो एस्कोबार ने कहा कि विस्फोट के कारणों की जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि यह घटना सशस्त्र संघर्ष से संबंधित नहीं थी।

## अमेरिका में रखे स्वर्ण भंडार को वापस लाए बर्लिन, जर्मन सांसद ने जताई चिंता

**बर्लिन।** जर्मनी की एक सांसद ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की 'अनिश्चित और अप्रत्याशित' नीतियों का हवाला देते हुए अमेरिका में रखे देश के स्वर्ण भंडार को स्वदेश वापस लाने की मांग की है। जर्मनी की फ्री डेमोक्रेटिक पार्टी (एफडीपी) की सांसद मैरी-एग्नेस स्ट्रैक-जिम्मरमैन ने जर्मन पत्रिका डेर पीगल से कहा कि बढ़ती अनिश्चितताओं के बीच स्वर्ण भंडार को अमेरिका में रखना अब स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने कहा कि भंडार की वापसी से जर्मनी की आर्थिक और सुरक्षा नीति में संप्रभुता मजबूत होगी। सुस्ट्रैक-जिम्मरमैन ने कहा कि मौजूदा वैश्विक हालात में यह कदम रणनीतिक जोखिम को कम कर सकता है। उन्होंने कहा कि वैश्विक अनिश्चितताओं के इस दौर में और राष्ट्रपति ट्रम्प की अप्रत्याशित अमेरिकी नीतियों के तहत यह अब स्वीकार्य नहीं है कि 1230 टन से अधिक की कीमत के जर्मनी के लगभग 37 प्रतिशत स्वर्ण भंडार न्यूयॉर्क में रखे जाएं। जर्मनी का केंद्रीय बैंक बुंडेसबैंक वंर्तमान में न्यूयॉर्क स्थित अमे. रिकी केंद्रीय रिजर्व में 1236 टन सोना रखता है, जिसकी कीमत लगभग 178 अरब डॉलर आंकी गई है।

# ईरान पर हमला करने की तैयारी में अमेरिका!

## तेजी से बढ़ रहा जंगी बेड़ा, ईरानी नेता बोले: खाड़ी के सभी अमेरिकी मिलिट्री बेस हमारे निशाने पर



■ हमारी मिसा. इलें आदेश के इंतजार में दुश्मन पर गरजने को तैयार हैं, ईरानी सुप्रीम काउंसिल ने रुख साफ किया

**वाशिंगटन।** अमेरिका और ईरान के बीच लगातार तनाव बढ़ता जा रहा है। द वॉल स्ट्रीट जर्नल ने अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से बताया है कि राष्ट्रपति ट्रम्प ईरान के खिलाफ सैन्य विकल्प पर विचार कर रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, ट्रम्प ने ऐसे सैन्य विकल्पों की मांग की है, जिनका असर 'निर्णायक' हो। रक्षा मंत्रालय पेंटागन और व्हाइट हाउस ने इन पर काम करना शुरू कर दिया है। इनमें ईरानी शासन को सत्ता से हटाने की योजना भी शामिल है।

दूसरी तरफ आज अमेरिकी जंगी बेडा यूएस अब्राहम लिंकन भी मिडिल ईस्ट पहुंच सकता है। इसके चलते आशंका जताई जा रही है कि अमेरिका ईरान पर कोई अचानक सैन्य कार्रवाई कर सकता है। अमे. रिकी गतिविधियों के जवाब में ईरानी सुप्रीम काउंसिल के जावेद अकबरी ने कहा है कि मिडिल ईस्ट में अमेरिका के सभी सैन्य अड्डे ईरान के निशाने पर हैं। हमारी मिसा. इलें आदेश के इंतजार में दुश्मन पर गरजने को तैयार हैं। राष्ट्रपति ट्रम्प ने कहा कि अमे. रिकी जंगी जहाज यूएसएस अब्राहम लिंकन अरब सागर में ईरान की ओर तेजी से बढ़ रहा है। ईरान के कई शहर इसकी स्ट्राइक रेंज में हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक यह अरब सागर में अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सीईएनसीओएम) के जोन में आ चुका है। साथ ही अमेरिका का सी 37-बी एयरक्राफ्ट भी ईरान के उत्तर में तुर्कमेनिस्तान के अशगाबाद बेस पहुंच गया है। यूएसएस अब्राहम लिंकन पहले साउथ चाइना सी में तैनात था। 18 जनवरी को यह मलक्का स्ट्रेट पार कर हिंद महासागर में दाखिल हुआ। यूएसएस अब्राहम लिंकन 20 नाट से ज्यादा की रफ्तार से आगे बढ़ा और बाद में अपनी लोकेशन छिपाने के लिए आटोमैटिक पहचान सिस्टम बंद कर दिया। इसी रफ्तार से चलने पर आज मिडिल ईस्ट में पहुंच सकता है। अब्राहम लिंकन के साथ कई डिस्ट्रायर जहाज और न्यूक्लियर पनडुब्बियां भी चल रही हैं। एयरक्राफ्ट कैरियर पर 48 से 60 एफ/ए-18 फाइटर जेट मौजूद हैं। ए बिना ईंधन भरे 2300 किलोमीटर दूर तक हमला कर सकते हैं। यूएसएस एयरफोर्स ने जार्डन में कम से कम 12 एफ-15 फाइटर जेट्स तैनात किए हैं। अमेरिकी अधिकारियों ने बताया कि और विमान भी रास्ते में हैं। 20 से 22 जनवरी के बीच अमेरिकी सी-17 सैन्य ट्रांसपोर्ट विमान कई बार जार्डन के मफराक अल-खवाजा एयरबेस पहुंचे। रिपोर्ट के मुताबिक इन विमानों से पैट्रियट-3 मिसाइल डिफेंस सिस्टम लाए गए हैं। इनका मकसद इजरायल को ईरान की जवाबी कार्रवाई से बचाना है, क्योंकि तेहरान पहले ही बदले की धमकी दे चुका है। इसके अलावा हिंद महासागर में स्थित डिएगो गार्सिया स्थित अमेरिकी सैन्य अड्डे पर लगातार कार्गो विमान उतर रहे हैं। इससे आशंका जताई जा रही है कि अमेरिका संभावित सैन्य आप. रेशन के लिए रसद और सैनिकों की तैनाती कर रहा है। एक अधिकारी ने रायटर्स को बताया कि मिडिल ईस्ट में अतिरिक्त एयर-डिफेंस सिस्टम तैनात करने पर भी विचार चल रहा है, ताकि इलाके में मौजूद अमेरिकी सैन्य ठिकानों को ईरान के संभावित हमले से बचाया जा सके। एक वरिष्ठ ईरानी सैन्य अधिकारी जनरल अली अब्दोल्लाही अलीअबादी ने चेतावनी दी कि अगर अमेरिका ने हमला किया तो मिडिल ईस्ट में उसके सभी सैन्य अड्डे और इजराल के केंद्र ईरान के निशाने पर होंगे। दूसरी तरफ इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड्स (आईआरजीसी) के कमांडर ने मोहम्मद पाकपुर ने कहा कि उनकी सेना की उंगली ट्रिगर पर है। गुरुवार को एक लिखित बयान में पाकपुर ने कहा कि ईरान की सेना पहले से ज्यादा तैयार है। इजरायल के अर्थव्यवस्था मंत्री नीर बरकात ने ईरान को कड़ी चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि अगर ईरान ने इजरायल के खिलाफ फिर से कोई हमला किया, तो उसे पहले से 'सात गुना ज्यादा ताकत' से जवाब दिया जाएगा।

## कनाडा को खा जाएगा चीन: ट्रम्प

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ग्रीनलैंड पर 'गोल्डन डोम' बनाने का प्रस्ताव ठुकराने के लिए कनाडा की आलोचना करते हुए कहा है कि चीन उनके देश को 'खा सकता' है। ट्रम्प ने शनिवार को ट्रुथ सोशल पर साझा किए गए एक पोस्ट में कहा कि कनाडा ग्रीनलैंड पर गोल्डन डोम बनाने का विरोध कर रहा है, हालांकि यह कनाडा की रक्षा करेगा। इसके बजाए, उन्होंने चीन के साथ व्यापार करने का फैसला किया है जो उन्हें पहले ही साल में खा जाएगा। ट्रम्प का यह बयान ऐसे समय में आया है जब अमेरिका और कनाडा के बीच तनाव बढ़ता ही जा रहा है। कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) में अपने भाषण में कहा था कि 'नियम-आधारित व्यवस्था' लुप्त होती जा रही है। उन्होंने यहां चीन के साथ सात अरब डॉलर के एक व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किए थे, जिसमें चीन की इलेक्ट्रिक गाड़ियों पर टैरिफ हटाना भी शामिल था। इस बीच, ट्रम्प ने दावोस में अपने भाषण के दौरान कहा था कि कनाडा अमेरिका की वजह से जदिा है। यह याद रखना, मार्क, अगली बार जब तुम बयान दो।

# जॉर्जिया में घरेलू हिंसा गोलीबारी, भारतीय मूल के चार लोगों की हत्या

■ वारदात के समय घर के भीतर तीन बच्चे भी मौजूद थे, जिन्होंने अलमारी के पीछे छिपकर जान बचाई

**लॉरेंसविले।** अमेरिका के जॉर्जिया राज्य के ग्विनेट काउंटी में एक दिल दहला देने वाली घटना में पारिवारिक विवाद के बाद हुई गोलीबारी में भारतीय मूल के चार युवाओं की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, शुक्रवार तड़के हुई इस वारदात के समय घर के भीतर तीन बच्चे भी मौजूद थे, जिन्होंने अलमारी के पीछे छिपकर अपनी जान बचाई और पुलिस को सूचना दी।

फॉक्स मीडिया ने बताया कि ग्विनेट काउंटी पुलिस विभाग को तड़के लगभग 2:30 बजे ब्रुक आइवी कोर्ट स्थित एक घर में गोलीबारी की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंचने पर अधिकारियों को घर के अंदर चार वयस्कों के शव मिले, जिन्हें गोलियां लगी थीं। पुलिस ने मृतकों की पहचान विजय कुमार की पत्नी मीमू डोगरा (43), गौरव कुमार (33), निधि चंदर (37) और हरीश चंदर (38) के रूप में की है। जांचकर्ताओं के अनुसार मुख्य आरोपी विजय कुमार (51) का पत्नी मीमू डोगरा के साथ अटलांटा स्थित उनके घर पर विवाद हुआ था। इसके बाद वे अपने 12 वर्षीय बच्चे के साथ लॉरेंसविले स्थित इस घर में पहुंचे, जहां उनके रिश्तेदार गौरव, निधि और हरीश दो अन्य बच्चों (उम्र सात और दस वर्ष) के साथ रहते थे। वहां पहुंचने के बाद भी विवाद नहीं थमा और विजय ने गोलीबारी शुरू कर दी। गोलियां चलते देख तीनों बच्चे अपनी जान बचाने के लिए एक अलमारी के पीछे छिप गए और सबसे बड़े 12 वर्षीय बच्चे ने 911 पर कॉल कर पुलिस को जानकारी दी। जब पुलिस पहुंची, तो उसने पाया कि आरोपी का वाहन वहीं मौजूद था। पुलिस ने श्वान दल की मदद से आरोपी को पास के जंगल से बिना किसी विरोध के उसे गिरफ्तार कर लिया। गनीमत रही इस घटना में बच्चों को कोई चोट नहीं आई और उन्हें परिवार के एक सदस्य को सौंप दिया गया है। पुलिस ने आरोपी विजय पर हत्या, गंभीर हमले और बच्चों के प्रति क्रूरता सहित कई संगीन धाराओं में मामला दर्ज किया है। जांच में यह भी सामने आया है कि इस घर से पहले भी पुलिस सहायता के लिए कॉल की गई थीं।

# अफगान जंग पर ट्रम्प के बयान से नाराज यूरोपीय देश

## ट्रम्प बोले थे: नाटो अफगान में लड़ाई से दूर रहा, ब्रिटिश पीएम बोले: यह सैनिकों का अपमान

■ अगर खुद उन्होंने ऐसा कोई गलत बयान दिया होता तो वे लोगों से माफी मांगते: कीर



**लंदन।** ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के अफगानिस्तान में यूरोपीय सैनिकों के बारे में दिए गए बयान को अपमानजनक और चौंकाने वाला बताया है। ट्रम्प ने फाक्स नेटवर्क के एक इंटरव्यू में कहा था कि अमेरिका को कभी नाटो गठबंधन की जरूरत नहीं पड़ी और यूरोपीय सहयोगी अफगानिस्तान में फ्रंट लाइन्स से पीछे रहे थे। उन्होंने दावा किया कि सहयोगी देशों ने कुछ सैनिक भेजे जरूर थे, लेकिन वे मुख्य लड़ाई से दूर रहे। इस बयान पर यूरोपीय देशों के नेताओं, पूर्व सैनिकों और शहीदों के परिवारों ने ट्रम्प के खिलाफ नाराजगी जताई।

स्टार्मर ने शुक्रवार को कहा कि मैं राष्ट्रपति ट्रम्प के इन बयानों को अपमानजनक मानता हूं। इससे उन लोगों के परिजनों को बहुत दुख पहुंचा है जिन्होंने अफगानिस्तान में अपनी जान गंवाई या घायल हुए। उन्होंने आगे कहा कि अगर खुद उन्होंने ऐसा कोई गलत बयान दिया होता तो वे लोगों से माफी मांगते। ब्रिटेन ने अफगानिस्तान युद्ध में 457 सैनिक खोए, जो 1950 के दशक के बाद सबसे घातक विदेशी युद्ध था। ब्रिटिश प्रिंस हैरी ने कहा कि नाटो सैनिकों के बलिदान को सच्चाई और सम्मान के साथ याद किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, श्मैं वहां सेवा दे चुका हूं। मैंने आजीवन दोस्त बनाए और कई दोस्त खोए भी। प्रिंस हैरी ब्रिटेन के राजा चार्ल्स प्प्प के छोटे बेटे हैं और वे वेल्स के प्रिंस विलियम के छोटे भाई हैं। वे डड्रक ऑफ ससेक्स के खिताब से जाने जाते हैं। प्रिंस हैरी ब्रिटिश आर्मी में सेवा दे चुके हैं, वे दो बार अफगानिस्तान में तैनात हुए थे। प्रिंस हैरी अपाचे हेलीकॉप्टर पायलट के रूप में काम कर चुके हैं। अफगानिस्तान युद्ध में उनकी सेवा काफी चर्चित रही और उन्होंने कई बार कहा है कि सेना ने उन्हें एक बड़ा मकसद दिया था। प्रिंस हैरी ने एक बयान जारी कर कहा कि नाटो के सैनिकों ने अनुच्छेद 5 के आह्वान पर जवाब दिया था। इन सैनिकों के बलिदानों को सच्चाई और सम्मान के साथ बोला जाना चाहिए। यूरा. ेपीय देश बोले: हमने साथ मिलकर लड़ाई की, इसे नहीं भुलाया जा सकता डच विदेश मंत्री डेविड वैन वील ने ट्रम्प के बयान को झूठा बताया। पोलैंड के पूर्व विशेष बल कमांडर और रिटायर्ड जनरल रोमन पोल्को ने कहा कि ट्रम्प ने हद पार कर दी है। उन्होंने कहा कि हमने इस गठबंधन के लिए खून बहाया, अपनी जानें दीं। हमने साथ मिलकर लड़ाई की लेकिन सभी घर नहीं लौटे। पोलैंड के रक्षा मंत्री व्लादिस्लाव को. सिनियाक-कामिश ने कहा कि पोलैंड के बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता।

## ड्रग्स मिलने के बाद तीन ऑस्ट्रेलियाई नागरिकों के खिलाफ मामला दर्ज

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के अधिकारियों ने थाईलैंड से 42 किलोग्राम अवैध ड्रग्स की तस्करी के प्रयास के आरोप में तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। ऑस्ट्रेलियाई संघीय पुलिस और ऑस्ट्रेलियाई सीमा बल ने शनिवार को एक संयुक्त बयान में कहा कि शुक्रवार को थाईलैंड से आ रही उड़ान से सिडनी हवाई अड्डे पर पहुंचते ही अधिकारियों ने तीन लोगों को रोक लिया। बाद में उनके सामान की तलाशी में कथित तौर पर अलग-अलग पैकेट में लिपटी हुई सफेद रंग की ईंटें मिलीं, जिनकी जांच में मेथम्फेटामाइन और हेरो. इन की पुष्टि हुई। एएफपी अधिकारियों ने 34 किलोग्राम हेरोइन और आठ किलोग्राम मेथम्फेटामाइन जब्त की।

# ईरान ने की यूरोपीय संसद के 'हस्तक्षेपकारी गैर जिम्मेदार' प्रस्ताव की निंदा

■ यह प्रस्ताव 'झूठे और गलत' दावों पर आधारित है और इसमें नैतिक आधार का अभाव है

**तेहरान।** ईरान के विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को हालिया अशांति के दौरान मानवाधिकार उल्लंघनों को लेकर ईरानी शासन की आलोचना करने वाले यूरोपीय संसद के प्रस्ताव की कड़ी निंदा करते हुए उसे 'हस्तक्षेपकारी और गैर-जिम्मेदार' करार दिया।

यूरोपीय संसद ने गुरुवार को ईरानी जनता के प्रति 'पूर्ण एकजुटता' व्यक्त करते हुए ईरान सरकार पर मानवाधिकार उल्लंघनों का आरोप लगाया था और इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड्स कोर (आईआरजीसी) को आतंकवादी संगठन घोषित किए जाने का आह्वान किया था। ईरान की ओर से जारी बयान में कहा गया कि यह प्रस्ताव 'झूठे और गलत' दावों पर आधारित है और इसमें नैतिक आधार का अभाव है। बयान में यूरोपीय संघ द्वारा ईरान पर लगाए गए प्रतिबंधों के समर्थन, अमेरिकी अवैध प्रतिबंधों के पालन और इजरायल के साथ कथित सैन्य कार्रवाइयों में मिलीभगत का हवाला दिया गया। ईरान ने कहा कि क्रूर प्रतिबंधों का समर्थन करने, ईरान पर अमेरिका के अवैध प्रतिबंधों का पालन करने और जून में देश के खिलाफ सैन्य आक्रामकता में इजरायल की कथित भूमिका के साथ खड़े रहने के कारण यूरोपीय संसद को मानवाधिकारों पर उपदेश देने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है। बयान में कहा गया कि ईरान अपने नागरिकों की सुरक्षा, सार्वजनिक व्यवस्था और राष्ट्रीय संप्रभुता की रक्षा के लिए बाध्य है तथा किसी भी आतंकवादी कृत्य या विदेशी हस्तक्षेप के खिलाफ आवश्यक कदम उठाएगा। ईरान ने चेतावनी दी कि उसकी सशस्त्र और सुरक्षा एजेंसियों के खिलाफ किसी भी 'अवैध और हस्तक्षेपकारी' निर्णय या रुख के जवाब में वह प्रतिकारात्मक कार्रवाई करेगा। गौरतलब है कि 28 दिसम्बर को ईरान के कई शहरों में रियाल मुद्रा के तेज अवमूल्यन के विरोध में प्रदर्शन शुरू हुए थे। ईरानी सरकार ने आर्थिक शिकायतों के समाधान की इच्छा जताई थी, लेकिन हिंसा, तोड़फोड़ और अशांति के खिलाफ चेतावनी भी दी थी। प्रारंभ में शांतिपूर्ण रहे ए प्रदर्शन धीरे-धीरे हिसक हो गए, जिनमें जान-माल का नुकसान हुआ।

## तापसी पन्नू की फिल्म 'अस्सी' का मोशन पोस्टर रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री तापसी पन्नू की आने वाली फिल्म 'अस्सी' का मोशन पोस्टर रिलीज हो गया है। फिल्मकार अनुभव सिन्हा की फिल्म 'अस्सी' एक ऐसा सवाल उठाती है, जो हर दिन हमारे सामने होता है, लेकिन जिसे हम अक्सर अनदेखा कर देते हैं।

मोशन पोस्टर के जरिए जैसे-जैसे फिल्म से जुड़ी और जानकारी सामने आ रही है, वैसे-वैसे इसके इरादे पूरी तरह स्पष्ट होते जा रहे हैं। टी-सीरीज, अपनी विविधतापूर्ण फिल्मोग्राफी में 'अस्सी' के जरिए एक नया रंग जोड़ता है। बनारस मीडिया वर्क्स के प्रोडक्शन में बनी इस फिल्म में तापसी पन्नू मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। उनके साथ फिल्म में कनी कुसरुति, रेवती, मनोज पाहवा, कुमुद मिश्रा, जीशान अय्यूब अहम भूमिकाओं में हैं, जबकि नसीरुद्दीन शाह, सुप्रिया पाठक और सीमा भार्गव विशेष भूमिकाओं में दिखाई देंगे। फिल्म 'अस्सी' एक बेबाक और सघन इन्वेस्टिगेटिव थ्रिलर है, जो एक तीव्र और प्रभावशाली कोर्टरूम ड्रामा के जरिए सामने आती है। फिल्म खत्म होने के बाद मन में सवाल रह जाता है कि क्या मुझे यह पहले नहीं पता था, या फिर पता होते हुए भी मैंने नजर. अंदाज कर दिया। न्याय जरूरी है, लेकिन उससे पहले न्याय की परिभाषा तय होनी चाहिए। क्या दोषी साबित किए गए लोग ही असली गुनहगार हैं। गुलशन कुमार और टी-सीरीज द्वारा प्रस्तुत और बनारस मीडियावर्क्स प्रोडक्शन की फिल्म 'अस्सी' को भूषण कुमार, कृष्ण कुमार और अनुभव सिन्हा ने निर्मित किया है।

# अमेरिका के 18 राज्यों में बर्फीले तूफान का खतरा

## इमरजेंसी घोषित, 20 करोड़ लोगों पर संकट, 7000 से ज्यादा फ्लाइट्स कैंसिल



**वाशिंगटन।** अमेरिका में बर्फीले तूफान की चेतावनी के बाद 18 राज्यों में इमरजेंसी ने घोषित कर दी गई है। वहीं दो दिनों में 7000 से ज्यादा फ्लाइट्स कैंसिल हो चुकी हैं। नेशनल वेदर सर्विस के मुताबिक, 20 करोड़ यानी करीब दो-तिहाई अमेरिकी इस तूफान की चपेट में आ सकते हैं। तूफान के डर से लोग ग्रासरी स्टोर पर जमा हो रहे हैं। कई दुक. ानों में पानी, अंडे, मक्खन और मीट की कमी हो गई है। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि तूफान के साथ भारी बर्फबारी, बारिश और ठंड आएगी, जिससे हालात बेहद खतरनाक हो सकते हैं। ट्रांसपोर्टेशन अधिकारियों ने वीकेंड पर यात्रा में देरी और कैंसिलेशन की चेतावनी दी है। कई बड़े शहरों के एयरपोर्ट भी इससे प्रभावित हुए हैं। फ्लाइट ट्रैकिंग वेबसाइट फ्लाइटअवेयर के अनुसार, शनिवार को अमेरिका में 3200 से अधिक उड़ानें और रविवार को करीब 4800 से उड़ानें रद्द हुईं। अमेरिका में बर्फीले तूफान के कारण 15 राज्यों में चेतावनी जारी की गई है। मौसम विभाग के मुताबिक यह तूफान अमेरिका के हाई प्लेन्स से शुरू होकर धीरे-धीरे पूर्व की ओर बढ़ेगा। इसके असर से मेम्फिस, नैशविल, वाशिंगटन डीसी, बाल्टीमोर, फिलाडेल्फिया और न्यूयार्क जैसे बड़े शहरों में बर्फबारी होगी। सदर्न राकीज और प्लेन्स से लेकर मिड-अटलांटिक होते हुए नार्थ-ईस्ट तक भारी बर्फ गिरने का अनुमान है। एनडब्ल्यूएस के अनुसार, कोलोराडो से लेकर वेस्ट वर्जीनिया और बोस्टन तक कई इलाकों में 12 इंट से ज्यादा बर्फ पड़ सकती है। न्यूयार्क शहर के आसपास के कुछ हिस्सों में रविवार सुबह से सोमवार तक 10 से 14 इंच बर्फबारी हो सकती है और 30 मील प्रति घंटे की हवाएं चल सकती हैं। दक्षिण-पूर्वी अमे. रिका के बड़े हिस्से में भी जमने वाली ठंड होगी। अमेरिका के कई राज्य इस समय भीषण ठंडी हवाओं से जूझ रहे हैं। इसकी बड़ी वजह पोलर वोर्टेक्स (ध्रुवीय भंवर) को माना जा रहा है। पोलर वोर्टेक्स में हवाएं काउंटर क्लाकवाइज (घड़ी की उलटी दिशा) बहती हैं।

# जापान में निचला सदन भंग करने की विपक्ष ने की आलोचना

**टोक्यो।** जापान की कई विपक्षी पार्टियों के नेताओं ने प्रधानमंत्री सनाए ताकाइची द्वारा निचले सदन (हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स) को भंग किए जाने की कड़ी आलोचना करते हुए कहा है कि इस कदम का कोई 'औचित्य' नहीं है।

जापान के निचले सदन को शुक्रवार को औपचारिक रूप से भंग कर दिया गया। यह पिछले 60 वर्षों में पहली बार है, जब संसद के नियमित सत्र की शुरुआत के दिन ही निचले सदन को भंग कर दिया गया है। जापान की संसद का सामान्य सत्र शुक्रवार को ही शुरू हुआ था, जिसमें अप्रैल से शुरू होने वाले वित्त वर्ष 2026 के प्रारंभिक बजट पर चर्चा और उसे पारित करना प्रमुख कार्यसूची में शामिल था। निचले सदन को भंग किए जाने से बजट समीक्षा प्रक्रिया में उल्लेखनीय देरी की आशंका जताई जा रही है। क्योदो न्यूज के अनुसार, नवगठित प्रमुख विपक्षी दल सेंट्रिस्ट रिफॉर्म अलायंस के सह-नेता योशिहिको नोदा ने कहा कि जब देश गंभीर और तात्कालिक समस्याओं से जूझ रहा है, ऐसे समय में सदन भंग करने का कोई औचित्य नहीं बनता। उन्होंने कहा कि मुझे निचले संद को भंग करने का कोई ठोस कारण नजर नहीं आता। डेमोक्रेटिक पार्टी फॉर द पीपल के प्रमुख युइचिरो तमाकी ने कहा कि यह 'बेहद दुर्भाग्यपूर्ण' है कि अर्थव्यवस्था को नजरअंदाज करके निचला सदन भंग कर दिया गया है।


सभी देश वासियों को
गणतंत्र दिवस की
दिली मुबारकबाद
शमा परवीन
चेयरमैन
नगर पंचायत
छुटमलपुर
नावेद अहमद
ठेकेदार
नगर पंचायत
छुटमलपुर


देशवासियों को
गणतंत्र दिवस
की दिली
मुबारकबाद
जुनैद असगर
सभासद
अमीर आलम
सभासद


गणतंत्र
दिवस 2026 की
हार्दिक शुभकामनाएं
अभय सिंह राणा
वरिष्ठ भाजपा नेता, सहारनपुर


सभी देश वासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
प्रदीप
गुप्ता
मंडल महामंत्री
भारतीय जनता पार्टी
मंडल नेहरू (सहारनपुर)
एवं पूर्व प्रधान ग्राम
पंचायत लतीफपुर
भूड़ (सहारनपुर)


सभी देश वासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
चौधरी
रामकुमार
(ग्रामप्रधान)
ग्राम पंचायत बरथा
कोरसी, विकास खंड
साढौली कदीम तहसील
बेहट (सहारनपुर)


सभी देश वासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
देवेन्द सिंह
राणा
भाजपा युवा मोर्चा
जिला उपाध्यक्ष व
डीसीडीएफ डायरेक्टर


गणतंत्र
दिवस 2026 की
हार्दिक शुभकामनाएं
संजय गर्ग
सचिन गर्ग


NHH
नोबल हर्बल हॉस्पिटल
पेट सम्बन्धी रोग
शरीर सम्बन्धी दर्द
100% प्राकृतिक उपचार
डॉ. सैफ निज़ामी
9719491800
निकट विश्वकर्मा चौक, बाईपास तिराहा, करबा नकुड़, जिला सहारनपुर


सभी देश वासियों को गणतंत्र
दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सतीश पुण्डीर
चैयरमेन
कोपरेटिव सहकारी समिति
बेहडा संदल सिंह


सभी देश वासियों को गणतंत्र
दिवस की
दिली मुबारकबाद
शायान
अहमद
सहारनपुर


सभी देश वासियों को गणतंत्र
दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
संजय चौधरी
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत रामपुर बडकला,
ब्लाक साढौली कदीम, तहसील बेहट


सभी देश वासियों को गणतंत्र
दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
नीरज पुण्डीर
वरिष्ठ समाजसेवी व
ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि
मुजफ्फराबाद


सभी देश वासियों को गणतंत्र
दिवस की
दिली मुबारकबाद
अब्दुल हसीब
नगर पंचायत
चेयरमैन प्रत्याशी
छुटमलपुर


सभी देश वासियों को गणतंत्र
दिवस की
दिली मुबारकबाद
राव मुर्तजा
छुटमलपुर


सभी देश वासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
डा. राव अजहर अली
डायरेक्टर
डा. राव आमिर
डायरेक्टर
90588 08018
राव सफदर जंग हॉस्पिटल देहरादून रोड छुटमलपुर


सभी देश वासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
ममता वैष्णव
भाजपा सभासद वार्ड 09
नगर पंचायत छुटमलपुर
भूपेंदर वैष्णव


सभी देश वासियों को गणतंत्र
दिवस की
दिली मुबारकबाद
फैजान
प्रधान ग्राम पंचायत नानका
विकास खंड पुंवारका
जनपद सहारनपुर


सभी देश वासियों को गणतंत्र
दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
मिथिलेश राठौर
महिला उपनिरीक्षक
थाना फतेहपुर
जनपद सहारनपुर


गणतंत्र दिवस
के शुभ अवसर पर
सभी देशवासियों को
हार्दिक बधाई
स्टार पेपर मिल्स लिमिटेड
STAR BRAND
DUNCAN GOENKA


एस एस हेल्थ सेन्टर
सभी देशवासियों को गणतंत्र
दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
डा. सुमित शर्मा
पठेड, सहारनपुर


सभी देशवासियों को गणतंत्र
दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
सुरेश सैनी
वरिष्ठ लिपिक नगर
पालिका परिषद नकुड़
सहारनपुर


क्षेत्रवासियों
को गणतंत्र
दिवस की
दिली
मुबारकबाद
शाहिन नौशाद
प्रथम पार्षद वार्ड 63,
नगर निगम सहारनपुर


गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं
देव कुमार
सीओ डूडा विभाग, सहारनपुर


गणतंत्र दिवस की मुबारकबाद
सुहैल ठेकेदार


गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं
हाजी नासिर
वरिष्ठ समाजसेवी, सहारनपुर


गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं
खुशनुमा नूर आलम
पार्षद वार्ड 64 नगर निगम सहारनपुर


गणतंत्र दिवस की
शुभकामनाएं
शाहरुख
राव
मण्डी ठेकेदार


गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं
विनोद कुमार (अध्यक्ष)
मण्डी वर्कर्स यूनियन, सहारनपुर


With Best Compliments From: Happy Republic Day
BRIJ SERVICE STATION
Ambala Road, Saharanpur-247001 (U.P.)
BRIJ BHUSHAN FILLING STATION
Bus Stand, Nakur (Distt. Saharanpur) 247342 (U.P.)
DEALERS: HINDUSTAN PETROLEUM CORPORATION LTD.


गणतंत्र दिवस की मुबारकबाद
अब्दुल गफ्फार
सफाई नायक, नगर निगम


गणतंत्र दिवस की मुबारकबाद
मौ. एहतमाम
समाजसेवी- सहारनपुर


गणतंत्र दिवस की
शुभकामनाएं
लियाकत
अली
सीएलटीसी


गणतंत्र दिवस
की
शुभकामनाएं
राजकुमार
मुजफ्फरनगर वाले


गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं
सुमन भारती
मण्डी सचिव, सहारनपुर।


गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं
शाहगुल गुलजेब खान
पार्षद वार्ड 63 नगर निगम सहारनपुर


गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं
सन्तोष कुमार
मैनेजर डूडा विभाग, सहारनपुर


गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं
बृजमोहन
सफाई नायक नगर निगम सहारनपुर